सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-333 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 15 मई 2024
06 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### पीएम मोदी ने तीसरी बार वाराणसी से नामांकन किया

# टूटेंगे 2014 और 2019 के सारे रिकॉर्ड

- एनडीए नेताओं ने जीत का भरा दम
- शाह-राजनाथ-चंद्रबाबू नायडू-चिराग समेत हष्ट्र के दिग्गज नेता रहे मौजूद
- हमारी ताकत हमारी एकता है : चिराग पासवान



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी से अपना नामांकन दाखिल किया।

प्रधानमंत्री के नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करते समय कई केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेता मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, एलजेपी-रामविलास प्रमुख चिराग पासवान, जन सेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख इस अवसर पर उपेन्द्र कुशवाहा भी उपस्थित थे। सभी नेताओं ने जीत का दम भरा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि एनडीए 400 से ज्यादा सीटें जीतेगी और बिहार में भी हम सभी 40 सीटें जीतेंगे। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है। पीएम मोदी ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। लोग पीएम मोदी को वोट देने के लिए उत्साहित हैं। 2014, 2019 के सारे रिकॉर्ड इस बार टूटेंगे और पीएम तीसरी बार पीएम बनेंगे महाराष्ट्र में हमारा मिशन (45 सीटें जीतने का) सफल होगा। जन सेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण ने कहा कि मैं एनडीए भागीदार बनने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। मैं व्यक्तिगत रूप से मोदी जी की पूजा और सम्मान करता हूं... आंध्र प्रदेश में एनडीए का सूपड़ा साफ हो गया है। एलजेपी-रामविलास प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि हमारी ताकत हमारी एकता है।

आज पीएम मोदी के नामांकन प्रक्रिया में पूरा एनडीए शामिल हुआ. यह एकता हमें 400 से अधिक सीटें जीतने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगी।

### तीन करोड़ की संपत्ति के मालिक मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी तीन करोड़ दो लाख छह हजार 889 रुपये की चल संपत्ति के मालिक हैं। उनके हाथ में 52,920 रुपये हैं। बीते पांच साल में प्रधानमंत्री ने 84,40,870 रुपये का इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया है। प्रधानमंत्री ने न कोई लोन ले रखा है और न उन पर किसी का बकाया है। उनके खिलाफ एक भी आपराधिक मुकदमा नहीं है। अहमदाबाद के सोमेश्वर टेनमेंट्स, रानीप के मूल निवासी 73 वर्षीय प्रधानमंत्री मोदी ने 1983 में गुजरात यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ आर्ट्स की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। प्रधानमंत्री की आय का जरिया पीएमओ से मिलने वाला वेतन और बैंक से मिलने वाला ब्याज है।

# सुशील मोदी पंचतत्व में विलीन

**अलविदा**

- राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार
- बड़े बेटे ने मुखाग्नि दी
- नड्डा समेत बीजेपी के कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और दिग्गज बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी का अंतिम संस्कार मंगलवार शाम को पटना के दीघा घाट पर हुआ। जहां उन्हें उनकी अनंत यात्रा के लिए राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके बड़े बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी।

इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। 72 वर्षीय सुशील मोदी का सोमवार की रात दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया था। वे पिछले छह माह से गले के कैंसर की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे. इससे पहले मंगलवार को दोपहर करीब 2.45 बजे परिवार के सदस्य और उनके करीबी सुशील मोदी के पार्थिव शरीर को विमान से पटना लेकर पहुंचे. उनके पार्थिव शरीर को सबसे पहले आम लोगों के दर्शन के लिए राजेंद्र नगर रोड नंबर 6 स्थित उनके पैतृक घर लाया गया। इसके बाद विजय निकेतन (संघ कार्यालय) में उन्हें विदाई दी गई।

संघ कार्यालय से सुशील मोदी का पार्थिव शरीर बिहार विधानमंडल लाया गया. यहां दोनों सदनों के सदस्यों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। विधानमंडल परिसर से पार्थिव शरीर वीरचंद पटेल पथ स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय लाया गया। यहां पर मौजूद भाजपा के तमाम मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षदों सहित कार्यकर्ताओं ने उनको अश्रुपूर्ण विदाई दी। देर शाम भाजपा कार्यालय से अंतिम यात्रा निकाली गयी, जो आयकर गोलंबर, पुनाईचक, विश्वेश्वरैया भवन, अटल पथ होते हुए दीघा घाट पर पहुंच कर समाप्त हो गयी।

# कार्रवाई : सरकार ने ब्लॉक की 1000 ठगों की स्काइप आईडी

**गतिविधि**

- डिजिटल अरेस्ट करके लोगों को करते थे ब्लैकमेल
- भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की ओर से चला चाबुक



**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में तेजी से बढ़ी रही डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल की घटनाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने 1,000 स्काइप आईडी को ब्लॉक किया है। इसके अलावा इस तरह के स्कैम में शामिल कई हजार सिम कार्ड भी ब्लॉक हुए हैं।

सरकार ने इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की है। यह कार्रवाई भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की ओर से की गई है। गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र, देश में साइबर अपराध से निपटने से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करता है। गृह मंत्रालय इन धोखाधड़ी से निपटने के लिए अन्य मंत्रालयों और उनकी एजेंसियों, आरबीआई और अन्य संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। आईवाईसी मामलों की पहचान और जांच के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों को इनपुट और तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है। आईवाईसी ने माइक्रोसॉफ्ट की मदद से ब्लैकमेलिंग और डिजिटल अरेस्ट जैसी गतिविधियों में शामिल 1,000 से अधिक स्काइप आईडी को भी ब्लॉक कर दिया है। बता दें कि स्काइप एक वीडियो कॉलिंग एप है जो कि माइक्रोसॉफ्ट का है।

इसके अलावा ऐसे धोखेबाजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सिम कार्ड, मोबाइल और सोशल मीडिया खातों को भी ब्लॉक किया गया है। स्काइप पर यह कार्रवाई इसलिए हुई है क्योंकि अभी तक डिजिटल अरेस्ट के जितने भी मामले सामने आई हैं उनके स्काइप का ही इस्तेमाल किया गया है।

### सपा ने डूबते जहाज के साथ किया गठबंधन

**महोबा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 2024 में हमारी सरकार बनेगी और डंके की चोट पर मथुरा के अंदर भगवान कृष्ण मुस्कराएंगे। उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर भी जमकर निशाना साधा। कहा कि कांग्रेस डूबता जहाज है, इससे गठबंधन फेल होगा। एमपी के सीएम मंगलवार को महोबा-हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कस्बा पनवाड़ी के नेहरू इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित जनसभा में एमपी के सीएम मोहन यादव ने भगवान राम व भगवान कृष्ण के कई प्रसंग भी सुनाए। जिससे चुनावी जनसभा भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंजती रही। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास बोलती नहीं बल्कि करके दिखाती है। उन्होंने वीर आल्हा-ऊदल की वीरता का भी बखान किया। कहा कि आल्हा ने तलवार चलाई तो ऊदल ने संघर्ष करके दिखाया।

# मोदी राज में देश सुरक्षित है : योगी

**तंज**

- मोदी जी ने काशी में दिखा दिया कि संसदीय क्षेत्र कैसा होना चाहिए
- आज आतंकवाद की कमर टूट गई है



**अमेठी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जगदीशपुर के मुबारकपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 में काशी से सांसद बने और वहां जमकर विकास हुआ। अब दुनियाभर से पर्यटक काशी आते हैं।

उन्होंने गांधी परिवार पर हमला करते हुए कहा कि एक प्रधानमंत्री अमेठी से भी चुनकर गए थे पर अमेठी विकास में पिछड़ा रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने दिखा दिया कि संसदीय क्षेत्र कैसा होना चाहिए? पीएम नरेंद्र मोदी ने काशी को चमका दिया है। दस साल पहले और आज की काशी पूरी तरह से बदल गया है। एक प्रधानमंत्री अमेठी के लोगों ने भी दिया था, उसने अमेठी के लिए क्या किया? एक कलेक्ट्रेट तक नहीं दे सका, एक मेडिकल कॉलेज तक नहीं मिला। यह सब अब भाजपा की सरकार में मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी राज में देश सुरक्षित है जबकि कांग्रेस सरकार में आतंकवाद चरम पर था। आज आतंकवाद की कमर टूट गई है। भ्रष्टाचार होता था। इस बार भी जनता ने ठान लिया है कि मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस व सपा पर सीधा हमला बोला। कहा कि कांग्रेस व सपा के लोग युवाओं के हाथ में तमंचा पकड़ाते थे, और भाजपा सरकार टैबलेट बांट रही है। सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व सपा दोनों राम विरोधी है। यहां के लोगों के रोम-रोम में राम बसे हैं। उन्होंने कहा कि हमने पेशेवर गुंडों, अपराधियों का इलाज किया गया। कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हो रहा है। कांग्रेस के लोग राम को नकारते हैं। अमेठी में दुनिया की सबसे अच्छी राइफल बन रही है। गरीबों के पास मकान नहीं होता था।गरीबों के पास शौचालय नहीं होता था गरीबों के पास एलपीजी का सिलेंडर नहीं होता था किसान आत्महत्या करता था, नौजवान पलायन करता था। 10 वर्ष में 80 करोड लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ आज मोदी जी उपलब्ध करवा रहे हैं। देश के अंदर 60 करोड लोगों को आयुष्मान भारत का कार्ड दिया है 50 करोड़ गरीबों के जनधन अकाउंट खुल गए। राजीव गांधी कहते थे की 1 रूपये भेजते हैं लेकिन जमीन तक वह केवल 15 पैसा ही जाता है।बाकी 85 पैसा यहाँ सब कांग्रेस के गुंडे और दलाल खा जाते थे। यही तो उनका कहना था। पीड़ा थी मोदी जी ने उस पीड़ा का समाधान कर दिया।

# जनता के संघर्ष बढ़ा रही भाजपा सरकार: प्रियंका

**निशाना**

- देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार



**अमेठी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में चुनावी सभाओं में भाजपा पर हमला बोला। कहा कि पिछले पांच सालों में यहां एक नई राजनीति आई। स्थानीय सांसद पर हमला बोलते हुए कहा कि उनका एकमात्र मकसद था राहुल गांधी को हराना था न कि जनता की सेवा करना। इसके लिए झूठ बोला गया। कई तरह के आरोप कांग्रेस पर लगाए गए। पीएम मोदी ने रोजगार देने, किसानों की मजदूरी बढ़ाने और काला धन वापस लाने के बड़े-बड़े वादे किए हैं। लेकिन मोदी सरकार के 10 साल के बाद बेरोजगारी बढ़ रही है, इस देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज यहां आई तो 20 साल पहले का चुनाव याद आ गया। 1999 का चुनाव याद आ गया। मेरी मां जब चुनाव लड़ीं तो उनके भी मन में वही भाव था जो मेरे पिताजी के मन में था कि अमेठी की सेवा करनी है। जब मैं बचपन में आती थी तो यहां की जमीन सफेद दिखती थी। मैं अपने पिता से पूछती थी कि जमीन सफेद क्यों दिख रही है तो वो कहते थे कि इसमें नमक है। यह ऊसर है यह उपजाऊ नहीं है लेकिन आज मैं यहां देखती हूं तो पता चलता है कि सारी जमीन उपजाऊ हो चुकी है।

# हम किसानों का कर्ज करेंगे माफ : राहुल गांधी

**संयुक्त रैली**

### भाजपा ने किसानों की जेब का पैसा लूटा है: अखिलेश यादव

- सरकार बनते ही गरीबों को खटाखट पैसा देंगे
- अग्निवीर योजना को फाड़कर कचरे में फेकेंगे
- हर परीक्षा का पेपर लीक हो रहा : अखिलेश
- 4 जून को कर्जा माफ



**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में आज कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने साथ मिलकर एक जनसभा को संबोधित किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने अपने भाषण में कहा- लोकसभा चुनाव के चार चरण खत्म हो चुके हैं और बीजेपी का ग्राफ लगातार गिर रहा है। झांसी के लोग बीजेपी की 'विदाई की झांकी' की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा इस चुनाव में झांसी सीट पर 'इंडिया' गंठबंधन प्रत्याशी प्रदीप जैन की बंपर जीत होगी। अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित करते हुए बोले- देश में किसानों की लूट हुई है और किसानों के जेब का पैसा भाजपा वालों ने अपनी जेब में कर लिया है। यह (बीजेपी) वालों ने कहा था कि आय दो गुनी होगी लेकिन कोई बताए कि क्या आए दो गुनी हुई? नहीं बल्कि लाइट, डीजल और खाद के पैसे बढ़ गए. सपा प्रमुख ने कोविड वैक्सीन को लेकर कहा- जिन्होंने वैक्सीन लगवाई है, उन्हें दिल की बीमारी हो रही है। वहीं कांग्रेस और सपा की जॉइंट रैली में राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा- कि इन लोगों ने शहरों में स्मार्ट सिटी के नाम पर छाते लटका दिए। कोविड का समय था तो कई हजारों लोगों की मौत हुई, लेकिन इन्होंने नाच-गाना और थाली बजवाद दी। राहुल गांधी ने कहा कि 4 जून को हम हिंदुस्तान के गरीब किसानों का कर्जा माफ करने जा रहे हैं। जैसे हमने यूपीए की पहली सरकार में किया था। उसी तरह फिर करेंगे। इंडिया गठबंधन सरकार करोड़ों युवाओं और महिलाओं को लखपति बनाएगा। जब आपकी जमीन छीनने का समय आता है, तो इन्हें एक सेकेंड का भी समय नहीं लगता है। इधर-उधर की बातें कर दो मिनट में आपकी जमीन हड़प लेते हैं। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष ने कहा ये भाजपाई 22 अरबपति बना रहे हैं लेकिन हम करोड़ों भारतीयों को लखपति बनाने जा रहे हैं. राहुल गांधी ने कहा- हर परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और फिर उसके बैंक अकाउंट में हर साल 1 लाख रुपए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि एक जुलाई को झांसी में लाखों लोग जागेंगे, सरकार सबके बैंक अकाउंट में 8500 डाल देगी।

# 270 सीट लेकर पीएम मोदी प्राप्त कर चुके हैं बहुमत: शाह

**बयान**

- चार चरणों के चुनाव पर अमित शाह का दावा
- आगे की लड़ाई 400 पार करने की है : अमित शाह



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के बनगांव में एक जनसभा के दौरान एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि चार चरण के मतदान पूरे हो गए हैं। 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। बंगाल में 18 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। आज में बता कर जाता हूं कि 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा, उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती, ये श्री नरेन्द्र मोदी जी का वादा है। यहां पर (बंगाल में) कटमनी, घुसपैठ, बम धमाके और सिंडिकेट राज ममता दीदी नहीं बंद कर सकती हैं, इसे सिर्फ मोदी जी ही बंद कर सकते हैं।

# ईसी की बड़े नेताओं से अपील अच्छे उदाहरण सेट करें

**स्पीच**

- भाषणों से समाज में गलत मैसेज न जाए
- 425 में से 400 शिकायतें निपटाईं




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान बड़े नेताओं को अच्छे उदाहरण सेट करना चाहिए। आयोग ने कहा कि इलेक्शन के बाकी चरणों में नेताओं को अपनी स्पीच सही करनी चाहिए, ताकि समाज में गलत मैसेज न जाए और सामाजिक ताने-बाने को नुकसान न पहुंचे।

आयोग ने आदर्श आचार संहिता लागू होने पर अपनी दूसरी रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि 90 फीसदी शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है। हालांकि कांग्रेस और भाजपा की कुछ शिकायतें अभी पेंडिंग हैं। आयोग ने बताया है कि उसे लगभग 425 शिकायतें मिली थीं। इनमें से 400 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। कांग्रेस की 170, भाजपा की 95 और अन्य पार्टियों की तरफ से 160 शिकायतें मिली थीं। 25 अप्रैल को चुनाव आयोग के पोल पैनल ने कांग्रेस और भाजपा की एक-दूसरे के खिलाफ की गई शिकायतों के आधार पर दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को नोटिस जारी किया था। यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 के सेक्शन 77 के तहत इश्यू किया गया। यह पहली बार है जब आयोग ने स्टार प्रचारक की जगह पार्टी अध्यक्षों को नोटिस जारी किया। पीएम नरेंद्र मोदी भाजपा और राहुल गांधी कांग्रेस के स्टार प्रचारक हैं। इस लिहाज से इनके भाषणों के लिए ईसी ने पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार माना है। चुनाव आयोग से पीएम मोदी और राहुल गांधी के भाषण में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया कि ये लीडर्स धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

**चुनाव**

### राजाभैया ने लिया पार्टी की बैठक में निर्णय

# जनसत्ता दल का किसी पार्टी को समर्थन नहीं

**सियासत**

राजा भैया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनसत्ता दल का कोई प्रत्याशी कौशांबी व प्रतापगढ़ संसदीय सीट से चुनाव नहीं लड़ रहा है। समर्थकों व पार्टी के नेताओं से राय के बाद यह निर्णय लिया गया। फिलहाल राजा भैया के फैसले का असर कौशांबी, प्रतापगढ़ समेत प्रयागराज की सीटों पर भी पड़ सकता है। कौशांबी लोकसभा चुनाव मैदान में उतरे सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने भी मंगलवार की सुबह राजा भैया से मुलाकात कर समर्थन मांगा। करीब पंद्रह मिनट तक उनके बीच बातचीत होती रही।



**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के सिलसिले में समर्थकों से राय लेने के बाद अपनी चुप्पी तोड़ी। बोले वह किसी पार्टी का समर्थन नहीं करेंगे। इससे समर्थन की आस लगाए बैठे भाजपा व सपा नेताओं को झटका लगा। कार्यकर्ताओं को इस बात की नसीहत भी दी कि मतदान को लेकर आपस में टकराव की नौबत न आए। बेंती कोठी में शाम पांच बजे उमड़े हुजूम के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर राजा भैया ने पहले चर्चा की। लोगों की राय जानी। सबकी बातों को सुनने के बाद राजा भैया ने ऐलान किया कि भाजपा व सपा किसी भी दल के पक्ष में मतदान करने के लिए वह समर्थकों से नहीं कहेंगे। कौशांबी व प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर समर्थक अपने विवेक से योग्य प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें। उनके सिर व गले में जनसत्ता दल का झंडा चमकता रहना चाहिए। परिवार के सदस्यों के विचार अलग हो सकते हैं। इसे लेकर किसी के बीच टकराव नहीं होना चाहिए।

### जौनपुर में भाजपा को समर्थन देंगे धनंजय सिंह

- बसपा ने काट दिया था पत्नी श्रीकला का टिकट



**जौनपुर।** पूर्व सांसद धनन्जय सिंह ने अपने मंगलवार को अपने समर्थकों संग बैठक में चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। देर शाम क्षेत्र के शेरवा स्थित आझू राय इंटर कालेज पर आयोजित जन बैठक में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने पहले समर्थकों से उनकी राय जानी और अंतिम में अपनी बात रखी। उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित समर्थकों को बताया कि उनके साथ यह पहली बार नहीं हुआ है। वे 2002 से सत्ता पक्ष का विरोध झेल रहे हैं। टिकट कटने पर साथी गन आहत थे लेकिन यह सब राजनीत का संग है। राजनीति में हमेशा पक्ष और विपक्ष रहा है। सदन में भी किसी फैसले पर या तो हम पक्ष में वोट करते हैं या विपक्ष में।

## ट्रेन की चपेट में आया युवक हुई मौत

**लखीमपुर खीरी।** गोला कोतवाली क्षेत्र में एक युवक कानों में ईयरफोन लगाकर रेलवे लाइन पर टहल रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसा रजागंज और फरधान रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। घटना के वक्त उसके कानों में ईयरफोन लगा था, जिससे ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी जानकारी के मुताबिक गोला कोतवाली क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी सफाई कर्मी ऋषि कुमार गौतम का 18 वर्षीय पुत्र धीरेंद्र गौतम गोला के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 11 में पढ़ता था। मंगलवार सुबह वह रेलवे लाइन की तरफ गया था। वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसके चीथड़े उड़ गए धीरेंद्र के कानों मे ईयरफोन लगा था घटना से पहले आसपास खेतों में काम कर रहे किसान उसे आवाज लगाते रहे, लेकिन कानों में ईयरफोन लगे होने से उसे न ट्रेन के आने की आवाज सुनाई दी और न ही लोगों के चिल्लाने की आवाज। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# टीपीआरएस एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में सीबीएसई कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम रहा शतप्रतिशत



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** स्थानीय विद्यालय टीपीआरएस एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में सीबीएसई कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा वही इण्टरमीडिएट का परीक्षा फल आशातीत रहा। कक्षा दस में अथर्व पाण्डेय ने कुल 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में अल्का कनौजिया ने 94.8 प्रतिशत, अनन्या गुप्ता ने कुल 94.4 प्रतिशत, शैलजा तिवारी ने 92.8 प्रतिशत, जयन्त वर्धन ने कुल 92.0 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत्प्रतिशत रहा। वही कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में गहना शुक्ला ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। अक्षिता रस्तोगी ने कुल 83.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रिशिका त्रिवेदी ने 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा वाणिज्य वर्ग में अनमोलदीप कौर ने कुल 82.2 प्रतिशत अंक व अयान अली ने कुल 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर में प्रथम स्थान अर्जित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत्प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज श्रीवास्तव व विद्यालय प्रबंधक आनन्द कुमार गुप्ता (एडवोकेट) ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य क कामना की। सभी उत्तीर्ण हुए विद्यार्थी इंजीनियरिंग व बैंकिंग सेवाओं में जाकर देश सेवा करने के इच्छुक हैं।

# वालीवॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**मोहम्मदी-खीरी।** स्थानीय विद्यालय टीपीआरएस एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में अन्तर सदन वालीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली गई। पहले मैच में टैगोर सदन ने प्रसाद सदन को 21-09 व 21-19 से पराजित किया। दूसरा मैच राजगुरू सदन व सुभाष सदन के मध्य खेला गया जिसमें राजगुरू सदन ने 21-14, 21-14 से विजय हासिल की। तीसरे मैच में सुभाष सदन का मुकाबला प्रसाद सदन से हुआ जिसमें सुभाष सदन ने प्रसाद सदन का 21-15 व 21-15 से पराजित किया। अगला मैच टैगोर सदन व राजगुरू सदन के मध्य खेला गया जिसमें 21-12 व 21-11 से टैगोर सदन विजेता रहा। अगला मैच प्रसाद सदन व राजगुरू सदन के मध्य खेला गया जिसमें राजगुरू सदन ने प्रसाद सदन को 19-21 , 21-19 व 15-09 से पराजित किया। अन्तिम लीग मैच टैगौर सदन व सुभाष सदन के मध्य खेला गया जिसमें टैगोर सदन ने सुभाष सदन को 21-10 व 21-09 से बाजी मारी। वालीवॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच राजगुरू सदन और टैगोर सदन के मध्य खेला गया। जिसमें राजगुरू सदन ने टैगोर सदन को 21-15, 18-21 व 16-14 से पराजित कर जीत हासिल की। टूर्नामेंट में अरिन शुक्ला, राजेश, विकास श्रीवास्तव, अंश पटेल, युवराज, सुबहान आदि खिलाड़ियों का प्रदर्शन उच्च स्तरीय रहा। सम्पूर्ण टूर्नामेंट, व्यायाम शिक्षक अमन वर्मा व वरिष्ठ शिक्षक बी0सी0 चौबे की देखरेख में सम्पन्न हुआ। सी0सी0ए0 इंचार्ज सरताज आलम व नेहा मौर्या का विशेष योगदान रहा। आज ही खो-खो सब जूनियर प्रतियोगिता का लीग मैच राजगुरू सदन व प्रसाद सदन के मध्य हुआ। जिसमें प्रसाद सदन विजयी हुआ तथा इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच विजयी सदनों के मध्य हुआ जिसमें प्रसाद सदन ने टैगोर सदन को 8-2 से हराया। प्रधानाचार्य पंकज श्रीवास्तव व प्रबन्धक आनन्द कुमार गुप्ता (एडवोकेट) ने सभी खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया।

## जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सैनिक बन्धु सदस्यों तथा पूर्व सैनिकों की समस्याओं एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गयी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों को वरीयता के साथ नियमानुसार उनके कार्यों/समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन से निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में सैनिक बन्धु समिति के सदस्य कॉर्पोरल चन्द्र भान शुक्ला, सूबेदार दुष्यन्त लाल, आनरेरी कैप्टन आर0 बी0 सिंह तथा अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सैनिक बन्धु सदस्यों एवं पूर्व सैनिकों/आश्रितों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली, कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ0 प्रा0), द्वारा स्वागत किया गया।

# पुलिस ने मुठभेड़ कर एक शातिर ट्राली चोर को पकड़ा, दो फरार

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने मुठभेड कर ट्राली चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 01 शातिर ट्राली चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 ट्राली, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर व अवैध अस्लाह कारतूस बरामद किया है। जबकि उसके दो अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहे। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 5 जनवरी को उत्तम सिंह पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम हरडेकी थाना रामपुर मनिहारान ने गाँव के बाहर उसके भाई के खाली प्लाट में खड़ी ट्राली को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लेने के संबंध में थाना रामपुर मनिहारन पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। एसपी सिटी ने बताया कि रामपुर मनिहारान के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बडगाँव सहारनपुर रोड पर वाहन चैंकिग की जा रही थी। तभी बडगाँव की तरफसे ट्रैक्टर ट्राली पर 03 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखायी दिये जिनको पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया। मल्हीपुर अण्डरपास के पास पुलिस को देखकर उनके द्वारा जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा घेर घोटकर एक अभियुक्त फिरोज पुत्र अनीस निवासी ग्राम सावंतखेडी थाना बडगांव को गिरफ्तार किया गया। जिसके 02 अन्य साथी अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। फरार अभियुक्तो की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी गयी ट्राली, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर महिन्द्रा, 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व थाना नागल से सम्बन्धित चोरी गयी ट्राली बरामद की गयी।

## 03 किमी. सीमावर्ती क्षेत्रों की समस्त आबकारी दुकानें रहेंगी बन्दः डॉ. दिनेश चंद्र

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ.दिनेश चन्द्र ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश राज्य में मतदान एवं मतगणना के दृष्टिगत जनपद सहारनपुर की सीमावर्ती क्षेत्रों की 03 किलोमीटर क्षेत्र में लोक शांति बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान कराए जाने के उद्देश्य से समस्त आबकारी अनुज्ञापन की दुकानें बन्द रखने के निर्देश दिए है। डॉ.दिनेश चन्द्र ने हरियाणा राज्य में निर्वाचन के दृष्टिगत 23 मई 2024 की सांय 06:00 बजे से 25 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक एवं हिमाचल प्रदेश में निर्वाचन के दृष्टिगत 30 मई 2024 की सांय 06:00 बजे से मतदान की तिथि 01 जून 2024 को मतदान की समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस 04 जून को सहारनपुर की सीमावर्ती क्षेत्रों की 03 किलोमीटर क्षेत्र की आबकारी अनुज्ञापन की दुकानें बन्द रखने एवं शुष्क दिवस घोषित करने के निर्देश दिए।

## शारदा नदी का अचानक बढ़ा जलस्तर

**लखीमपुर खीरी।** महेवागंज इलाके में शारदा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे फूलबेहड़-निघासन मार्ग पर पचपेड़ी घाट पुल के दोनों तरफ करीब तीन फीट तक पानी बहने लगा। पानी बढ़ने से राहगीरों की मुसीबतें भी बढ़ गई हैं। पुल के दोनों तरफ लोग जान जोखिम में डालकर निकल रहे हैं जिला मुख्यालय से फूलबेहड़ होकर निघासन, तिकुनिया, बेलरायां, बिनौरा, सोठियाना और रकेहटी आने- जाने के लिए शारदा नदी के पचपेड़ी घाट पुल से होकर सीधा रास्त पड़ता है। बरसात के बाद नदी में पानी कम होने पर पचपेड़ी घाट में पीपो का (अस्थाई) पुल बना दिया जाता है। रास्ता सीधा और मुख्यालय से दूरी कम होने के चलते लोग इस रास्ते का इस्तेमाल करते है। इस रास्ते पर लखीमपुर से निघासन की दूरी करीब तीस किलो मीटर कम हो जाती है मंगलवार को अचानक शारदा का जलस्तर बढ़ा देख राहगीर ठिठक गए, सोमवार को हुई बारिश के बाद से पानी बढ़ने की आशंका जताई गई है। हालांकि जलस्तर बढ़ने की सूचना पीडब्ल्यूडी ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को दी है। जलस्तर बढ़ने से पचपेड़ी घाट पुल को पार करने बाद नदी के रास्ते में कुछ दूर तेज धार में पानी चल रहा है। इसी तेज धार में होकर राहगीरों को निकलना पड़ रहा है। यह पुल पीडब्लूडी प्रथम के अधीन है। पीडब्ल्यूडी ने लोगों को सावधान किया है।

## हर्षोल्लास से मनाया सरस्वती शिशु मन्दिर में विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम

**सहारनपुर।** सरस्वती शिशु मन्दिर में विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मे बच्चो के द्वारा विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम के बारे मे जानकारी देकर आज के जीवन मे शिक्षा के महत्व को बताया। बाबा लालदास मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर में नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ त्रिलोक चन्द गुप्त, यशपाल भाटिया, अखिलेश,दिनेश अग्रवाल के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सरस्वती वन्दना के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया। इसके बाद शिशु वाटिका के नन्हे मुन्ने बच्चों वर्तिका रिदम, ज्योत्सना, निलाक्षी, आरोही ने 'बच्चे मन के सच्चे' गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। शिशु वाटिका प्रमुख ममता ने बताया कि विद्यारम्भ संस्कार सोलह संस्कारो में से एक है। बालक का पठन पाठन विद्यारम्भ संस्कार करवा कर ही प्रारम्भ करना चाहिए। उन्होंने मनुष्य जीवन में संस्कारो के महत्व के विषय में बताया। इसके बाद पंडित जी द्वारा पूजन करवा कर माताओं द्वारा बच्चों से कॉपी पर ओम व स्वास्तिक हल्दी व कुमकुम से लिखवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता यशपाल भाटिया ने बताया कि ओम शब्द में ईश्वर साकार व निराकार रूप में विद्यमान होता है। कार्यक्रम के अंत में दिनेश अग्रवाल ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजीव अग्रवाल, विनोद माहेश्वरी, हरि ओम सहत्रबुद्ध, रमेश जैन आदि उपस्थित रहे।

## 510 ग्राम अवैध चरस के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना फ्तेहपुर पुलिस ने 02 शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 510 ग्राम अवैध चरस बरामद की है।

थाना फ्तेहपुर प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 02 शातिर नशा तस्कर शौकीन पुत्र शकील निवासी ग्राम दतौली मुगल थाना फ्तेहपुर व वसीम उर्फ सुक्कड पुत्र शकूर उर्फ कुहू निवासी ग्राम ताजपुरा थाना बेहट को ग्राम दतौली के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 510 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। अभियुक्त के विरुद्ध थाना फ्तेहपुर पर धारा 8/20/60(3 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि जो चरस पुलिस टीम ने हमसे बरामद की है, इसे हमने उत्तराखण्ड से खरीदी थी, जिसे हम आस-पास के क्षेत्रों में बेचकर अच्छा मुनाफा कमा लेते हैं। नशा तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सोनू राणा, अंकित कुमार, हैड कांस्टेबल रोहित राणा व सुनील शामिल रहे।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नुक्कड़ सभा के माध्यम से राहुल गांधी के लिए मांगा जन समर्थन

*अवधनामा संवाददाता*

**सताव, रायबरेली।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सत्ताव ब्लॉक के विभिन्न ग्राम सभा में नुक्कड़ सभा के माध्यम से राहुल गांधी के लिए जन समर्थन मांगा तथा कांग्रेस सरकार में स्थापित की गई संस्थाओं को गिनाया जिसमें प्रमुख तौर पर रेल कोच फैक्ट्री रायबरेली मुंशीगंज एम्स फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज फिरोज गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज पेट्रोलियम कॉलेज तथा आईटीआई जैसी संस्थाएं कांग्रेस सरकार में बनवाई गई जिसके द्वारा जिले के काफी लोग लाभान्वित हुए हैं भूपेश बघेल ने ने बताया कि गांधी परिवार का इस जिले से लगभग 100 वर्ष पुराना नाता रहा है इस समय सरकार की अन्य कार्य नीति से छुब्ध होकर लोग कांग्रेस पार्टी की ओर आशा भरी निगाह से देख रहे हैं कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से किसान मजदूर की लड़ाई लड़ी है तथा उनकी जिंदगी में कैसे खुशहाली लाई जाए इसके लिए निरंतर काम किया है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



बीजेपी पर ऑफर होते दिखे और उन्होंने बताया कि यह सरकार सिर्फ किसान नौजवानों के साथ छलावा करने का काम किया है भूपेश बघेल ने कहा कि आज 2 करोड़ रोजगार कहां है जो प्रधानमंत्री जी ने कहा था आज 10 वर्ष को होने को है किसानो की आय दोगुनी क्यों नहीं हुई भूपेश बघेल ने बताया कि सरकार ने इलेक्ट्रोल बांड के नाम पर देश को लूटने का काम किया है इस सरकार में सिर्फ दो ही लोग हैं एक अमीर और दूसरा गरीब इस सरकार की ऐसी योजनाएं थी जिसे अमीर और अधिक अमीर होता गया और गरीब और अधिक गरीब होता इन्होंने भारत में पूंजी पत्तियों के 16 लाख करोड रुपए माफ करने का काम किया है इलेक्ट्रोल बांड के अंतर्गत बीफ कंपनियों से ढाई सौ करोड रुपए लेने का काम किया आप देश में गैस सिलेंडर के क्या रेट है गरीब आदमी की हैसियत नहीं है क्यों ?1200 लेकर सिलेंडर को भर सके आज डीजल पेट्रोल का रेट 100 के पार है 200 कमाने वाला मजदूर कहां से 1200 का सिलेंडर भरवाएगा वह अपनी गाड़ी में 100 का पेट्रोल डलवा पाएगा भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार बनने पर हम मातृशक्ति जो देश में आधी आबादी हैं उनको 8500 रुपए हर महीने देने का काम करेंगे जो साल का ?100000 होगा भारतीय जनता पार्टी की सरकार के पास ना ही तो कोई विजन है ना ही कोई काम सिर्फ हिंदू मुस्लिम के नाम पर नफरत की राजनीती करने वाले लोग हैं भूपेश बघेल ने बताया कि सरकार बनने पर हम किसानों के लिए समर्थन मूल्य निर्धारित करेंगे भारतीय जनता पार्टी के 5 किलो राशन देने वाले मुद्दे पर भूपेश बघेल ने बताया कि यह योजना कोई मोदी सरकार की योजना नहीं है।

## स्कूटी लूट की घटना का खुलासा, 3 अभियुक्त दबोचे

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना रामपुर मनिहारान पुलिस द्वारा मात्र 24 घटें में स्कूटी लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गयी स्कूटी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष स्कूटी लूट की घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 13 मई को अमन कुमार पुत्र सियाराम निवासी एफ-12 ऑफिसर कॉलोनी दिल्ली रोड थाना सदर बाजार ने दो अज्ञात व्यक्तियों पर उसकी एक्टीवा स्कूटी लूटने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। एसपी सिटी ने बताया कि रामपुर मनिहारान प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमें में प्रकाश में आये 03 शातिर लुटेरे आशुतोष पुत्र ऋषिपाल, शुभम पुत्र सेहतपाल व सीटू पुत्र नरेन्द्र उर्फ रीटू निवासीगण ग्राम देहरी थाना रामपुर मनिहारान को भांकला रेलवे अन्डरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से लूटी गयी स्कूटी एक्टिवा व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की गयी। विवेचना के आधार पर मुकदमें में धारा 420/120ठ/411 भादवि वृद्धि की गयी। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हमें पैसो की बहुत अधिक जरुरत थी। अपनी पैसो की जरुरत को पूरा करने के लियें हम तीनों ने मिलकर योजना बनायी कि आशुतोष अमन को धोखे से अपने साथ रजवाहे की पुलिया पर लायेगा, जहां शुभम व सीटू पहले से ही मेरी मोटर साइकिल पर मौजूद रहेंगें व अमन के आने पर हम दोनो को डरा धमकाकर स्कूटी लूट लेंगे। इसी योजना के तहत आशुतोष ने अमन को फोन करके अपने घर स्कूटी से जाने को कहा और उसे गलीरा चौक पर बुलाया जहां से दोनो ग्राम देहरी थाना रामपुर मनिहारान चले गये। गाँव पहुँचने से पहले आशुतोष ने अमन से घर जाने के लिये मना कर दिया और वह दोंनो वापस सहारनपुर की तरफ चल दिए।

## ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए निगम ने कसी कमर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम सहारनपुर में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए निगम ने कमर कस ली है।



निगम के अधिकारियों व पटल सहायकों को आईसीसीसी कमांड आफिस में ऑन लाईन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन लि. के ई-ऑफिस कन्सलटेंट सुधीर यादव द्वारा दिया गया। प्रदेश के सचिवालय व सभी सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए प्रदेश शासन द्वारा साल 2018 में एक जीओ जारी किया गया था। उसके बाद गत जुलाई 23 में भी शासन द्वारा इस सम्बंध में एक और शासनादेश जारी किया था। जिसके अनुपालन में नगर निगम द्वारा पिछले काफी दिनों से इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। आईटी अधिकारी मोहित तलवार ने बताया कि ई-प्रणाली में निगम के सभी डेटा को स्कैन किया जायेगा। निगम के सभी अधिकारियों एवं पटल सहायकों का एक आई डी पासवर्ड बनाया गया है,जिसके माध्यम से सभी अधिकारी व लिपिक फाईल प्रोसेस कर सकेंगे। सभी विभागाध्यक्ष के पास एक कोर्ड वर्ड भी होगा।

प्रशिक्षण के दौरान उक्त अधिकारियों व पटल सहायकों को डाक प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। विभाग की फाइल मूवमेंट, ड्राफ्टिंग, साइड नोटिंग आदि कैसे किया जायेगा, इस बारे में जानकारी दी गयी। आईटी अधिकारी ने बताया कि कोई भी अधिकारी या पटल सहायक जब भी किसी फाइल को चलायेगा तो उसके डिजीटल सिग्नेचर, दिनांक व समय उस पर अंकित हो जायेगा। प्रशिक्षण लेने वाले अधिकारियों में अपर नगरायुक्त एस के तिवारी, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, आलोक श्रीवास्तव, लेखा परीक्षक अजमैन, ई-ऑफिस के नोडल अधिकारी मनोज रस्तोगी के अलावा गैराज, टैक्स, स्वास्थ्य, रिकॉर्ड रुम, जलकल व उद्यान आदि विभिन्न विभागों के पटल सहायक मौजूद रहे।

## पंजाबी महासंगठन ने किया शीतल जल शिविर का शुभारंभ

**सहारनपुर।** पंजाबी महासंगठन के तत्वावधान में रेल व बस यात्रियों को इस भीषण गर्मी में राहत प्रदान किए जाने के लिए 60 दिवसीय निशुल्क शीतल जल शिविर का शुभारंभ किया गया और सेवाभाव से यात्रियों को शीतल जल पिलाकर धर्मलाभ कमाया गया। स्थानीय रेलवे रोड स्थित अग्रसैन चौक पर पंजाबी महासंगठन द्वारा आयोजित निशुल्क शीतल जल शिविर का शुभारंभ पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा व संस्था अध्यक्ष योगेश दुआ ने सामुहिक रूप से फीता काट कर किया। तत्पश्चात भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेमपाल कटारिया, राधा मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष कमल मल्होत्रा तथा जनजागृति समिति के अध्यक्ष सरदार तेजपाल सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि इस तपती गर्मी में रोडवेज बस स्टैण्ड पर लगातार आकर सेवा करना वास्तव में सराहनीय कार्य है।

# ट्रैफिक प्लान के लिए शहर का कराया जायेगा ड्रोन सर्वे

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** शहर में टैअफिक समस्या के समाधान के लिए शहर का ड्रोन सर्वे कराकर प्लान बनाया जायेगा तथा वाहन पार्किंग के लिए जुबली पार्क में पांच सौ कारों तथा दो हजार बाइक/स्कूटर क्षमता की दो मल्टीलेविल पार्किंग बनायी जायेगी। इस सम्बंध में स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान ने निगम व स्मार्ट सिटी अधिकारियों को ड्राइंग व डिजाइन के साथ प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्मार्ट सिटी परियोजनाओं से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं को सभी परियोजनाओं पर टीमें लगाकर एक साथ काम करने के निर्देश दिए, ताकि समय से कार्य पूरा किया जा सके।

स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान शहर के ट्रैफिक प्लान के लिए सड़कें कहां चौड़ी की जानी है, सड़कों के कॉर्नर कहां ठीक कराने है तथा सड़क नेटवर्क के निरीक्षण व भविष्य में कार्य को कैसे और बेहतर किया



जाए, इस सम्बंध में शहर के प्रमुख बाजारो का जायजा ले रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए शहर का ड्रोन सर्वे कराने की बात कही तथा जुबली पार्क का निरीक्षण करते हुए पार्क के दोनों ओर पांच सौ कारों तथा दो हजार बाइक/स्कूटर क्षमता की दो मल्टीलेविल पार्किंग बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पर तेजी से कार्य शुरु किया जाए। उन्होंने जुबली पार्क में स्मार्ट सिटी के तहत बनाये गए दोनों सुलभ शौचालायों में यूरिनल की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

इसके अलावा नगरायुक्त संजय चौहान ने घंटाघर नाले की सफाई गैंग लगाकर सफाई कराने, प्रताप मार्किट में फुटपाथ पर टायल लगाने व प्रकाश व्यवस्था करने, घंटाघर से प्रताप मार्किट चौराहे तक डिवाइडर का कार्य शीघ्र पूरा करने, चौकी सराय से चतरा पुल तक निगम द्वारा डिवाइडर बनवाने, शहीद गंज में नालियों की सफाई का अभियान चलाने तथा टूटी नालियों की मरम्मत कराने, कक्कड़ गंज में पुराने यूरिनल को ठीक कराने व पानी की पाइप लाइन दुरुस्त कर पानी की टोंटियां लगवाने के अलावा कोतवाली गेट पर पुराने यूरिनल के स्थान पर एक नया यूरिनल बनवाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, डीजीएम सिविल दिनेश सिंघल, स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र सिंह, जेडएसओ राजीव चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल सिंह, पार्षद मुकेश गक्खड़ व शहीद गंज व्यापार मंडल के अभिनव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बारहवी कक्षा की सलोनी ने किया केन्द्रीय विद्यालय में टाप

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा





**जया ने 95.53 प्रतिशत अंक पाकर क्षेत्र का बढ़ाया मान**

**फाजिलनगर, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय विकास खंड के भठ्ठी बुजुर्ग निवासी अपर जिला जज ज्ञान प्रकाश शुक्ल की बेटी जया शुक्ला सीबीएससी बोर्ड परिक्षा में 95.53 प्रतिशत अंक पाकर परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सोमवार को जारी सीबीएससी परीक्षा परिणाम में जया ने 95.53 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसके बाद उसके माता पिता ने उसे मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जया अपने पिता के तरह ही न्यायिक क्षेत्र में जाकर देश और कानून की सेवा करना चाहती है।

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद के गांगरानी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की छात्रा सोनाली सिंह ने सीबीएसई बारहवीं कक्षा की परीक्षा में स्कूल टाप की है। सोनाली के इस प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सलोनी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है विद्यालय को इस पर गर्व है। गौरतलब है कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा दसवी व बारहवी परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। दसवी की परीक्षा 15 फरवरी से 13 मार्च एवं बारहवी कक्षा की परीक्षा का आयोजन 15 फरवरी से 2 अप्रैल तक किया गया था। घोषित परीक्षा फल मे बारहवी की छात्रा सलोनी सिंह 95.6 फीसदी अंक पाकर स्कूल टाप की है जबकि शनि कुमार 92 प्रतिशत व राजवीर सिंह 87.6 फीसदी अंक प्राप्त कर क्रमशः स्कूल मे दुसरे व तीसरे स्थान पर रहे। कहना न होगा कि सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली सलोनी वर्ष 2022 मे दसवी कक्षा मे 93.6 प्रतिशत अंक पाकर केन्द्रीय विद्यालय टाप की थी। सोलोनी घर पर नियमित दस से बारह घंटे पढाई करती है उसने अब तक कभी ट्यूशन का सहारा नही लिया। सलोनी का कहना है कि नियमित क्लास और क्लास मे मन लगाकर पढाई करने के बाद ट्यूशन की कोई आवश्यकता नही पडती है। पढ-लिखकर आईएएस बनने ख्वाहिश रखने वाली सलोनी अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और गुरुजनो को देती है।

# संविधान और लोकतंत्र बचाने का है यह चुनावः मल्लिकार्जुन खड़गे



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। वे जिला मुख्यालय पर महराजगंज लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी के समर्थन की अपील करने आए थे।

उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई मोदी योगी से नहीं है,यह लड़ाई दो विचार धाराओं के बीच की है। एक विचारधारा देश को कुछ उद्योग पतियों के हाथ गिरवी रखकर गरीब और मध्यम वर्ग को गुलाम बनाना चाहती है जबकि हम देश और देश वासियों को बचाना चाहते हैं। हमारी विचारधारा नेहरू,गांधी,पटेल के बनाए देश को बचाने की है। उनकी उसे खत्म करने की है। वे अपने उद्योग पति मित्रों को लाभ देते हैं। हम गरीबों,किसानों की मदद करते हैं,उनका कर्ज माफ करते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पांच गारंटी है जो युवाओं को नौकरी,महिलाओं के खाते में साल में एक लाख,कर्ज माफी और बेरोजगार युवकों के अप्रेंटिस सुनिश्चित करती है। इसके इतर भाजपा की गारंटी नफरत और भाईचारे को खत्म करने की है। उन्होंने

**भाजपा चार सौ इसलिए चाह रही है ताकि वह संविधान बदल कर लोकतंत्र को खत्म कर दें**

कहा कि भाजपा अपने काम पर नहीं राम, मुसलमान, पाकिस्तान और हिंदू को खतरे में कहकर वोट मांगती है। खड़गे ने कहा कि भाजपा चार सौ इसलिए चाह रही है कि ताकि वह संविधान बदल कर लोकतंत्र को खत्म कर दें। कहा कि यह क्षेत्र भगवान बुद्ध का ननिहाल है जहां दो हजार छ सौ वर्ष पहले लोकतंत्र था, आप लोगों से बेहतर लोकतंत्र के महत्व को कौन जानता है, इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि गठबंधन के उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी को जरूर जिताएं। उन्होंने कहा कि यह धरती संविधान सभा सदस्य रहे शिब्बन लाल सक्सेना,वीर बहादुर सिंह, हर्षवर्धन जैसे विकास पुरुषों की रही है। इनकी रिक्तियां निश्चित ही वीरेंद्र चौधरी पूरी कर सकते हैं। लोकसभा उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि यदि महराजगंज का बेटा संसद में पंहुचा तो आपको विकास ढूंढना नहीं पड़ेगा। जिले में पर्यटन से लेकर रोजगार के तमाम ऐसे माध्यम है जिसे विकसित कर अपने जिले में युवाओं को रोजगार देकर उनका पलायन रोका जा सकता है। वे जिले का नाम भारत नक्शे पर दर्ज करवाने का काम करेंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा सरकार खासकर मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में करोड़ों खर्च कर निवेशकों का मेला लगता है। सरकार का अरबों निवेश का दावा भी रहता है लेकिन वह दिखता कहीं नहीं। उन्होंने कहा कि यह कैसा निवेश है जो पूर्वांचल की एक एक करके बंद होती जा रही चीनी मिलों का उद्धार तक नहीं कर सकी। नतीजा कभी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले पूर्वांचल से चीनी ही समाप्त हो गई। सपा नेता व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनना तय है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि महराजगंज से गठबंधन उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी को जिताकर गठबंधन सरकार के गठन में अपनी भागी दारी सुनिश्चित करें। कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने भाजपा सरकार की बिफलता की लंबी सूची गिनाते हुए कहा कि इस सरकार का अब बने रहना देश हित में नहीं है। कार्यक्रम में डुमरियागंज के पूर्व सांसद मो.मुकीम,पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो,बस्ती के पूर्व विधायक अंबिका सिंह, पूर्व विधान परिषद सदस्य राम अवध सिंह,पूर्व विधायक श्रीपति आजाद,सुदामा प्रसाद,सपा नेता निर्मेश मंगल, अमरेंद्र निषाद,सपा जिलाध्यक्ष विद्या सागर यादव,आप जिलाध्यक्ष राम कुमार पटेल,मनौवर हुसेन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान पूर्व सांसद जितेंद्र सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष शरद सिंह, गीता रत्ना,नगर पालिका अध्यक्ष डा.पुष्पलता मंगल,सुशील टिबड़ेवाल, आलोक प्रसाद,नूर आलम, अजय सिंह सैथवार,अकील अहमद मुन्नू, राम प्यारे प्रसाद, दिलीप शुक्ला, शहला खातून,प्रणब झा,प्रणय गौतम सहित जिले भर के गठबंधन दलों के बड़े नेता मौजूद थे। मंच व्यवस्था राष्ट्रीय सचिव सत्यनरायन पटेल की थी तथा संचालन जयकरन वर्मा ने की।



## गठबंधन उम्मीदवार ने दाखिल किया नामांकन

**महराजगंज।** लोकसभा क्षेत्र के गठबंधन उम्मीदवार कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चार सेट में पर्चा दाखिल किया। इस दौरान वे अपने विधानसभा क्षेत्र फरेंदा के महादेवा से भारी संख्या में ट्रैक्टर जलूस के साथ मुख्यालय पंहुचे। वीरेंद्र चौधरी स्वयं ट्रैक्टर चलाकर जिला मुख्यालय तक आए। इस दौरान जिला मुख्यालय पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर प्रशासन को पसीना बहाना पड़ा। पुलिस ने कई जगहों पर ट्रैक्टर रोककर लोगों को परेशान भी की। साढ़े बारह बजे उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया।

# प्रेक्षक ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र पारदर्शी, निष्पक्ष व शान्ति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी

**प्रत्येक मतदेय स्थलों पर छाया की व्यवस्था की जाएं**

मंगलवार को पडरौना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक सम्बंधित अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम के प्रेक्षक ने स्वच्छ पेय जल, शौचालय, रैंप, विद्युत प्रकाश, मतदाता सूची आदि व्यवस्थाओ की मौके पर जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी बुनियादी सुविधाएं एवं (एएमएफ) एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। प्रेक्षक ने कहा कि किसी भी प्रत्याशी का पोस्टर, बैनर मतदेय स्थलों के आसपास न रहेंगे। पोस्टर व होर्डिंग्स को निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के अनुसार हटवा दिया जाए या पेपर चस्पा करा दिए जाए। स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदेय स्थलों पर छाया की व्यवस्था की जाएं जिससे की मतदाताओं को मतदान के दिन बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया की मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इनफॉरमेशन स्लीप) तथा वोटर गाइड का वितरण ससमय करा दी जाए। उन्होंने तहसीलदार पडरौना को निर्देशित किया की आदर्श आचार संहिता का अनुपालन अक्षरशः कराया जाए। प्रेक्षक दीपांकर चौधरी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय पडरौना, तुलसी दास इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय बेलवा मिश्र, प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर बुजुर्ग, प्राथमिक विद्यालय सौहरौना आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार पडरौना सुमित सिंह, उप निबंधक पडरौना अजय सिंह, ईओ पडरौना, लेखपाल योगेंद्र, राजेंद्र चौबे आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पारा में बीमारी से पीड़ित युवक नें लगायी फांसी

अवधनामा संवाददाता

**काकोरी।** कमिश्नरेट लखनऊ के पश्चिमी थाना पारा क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब बीमारी से तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक तेजी खेड़ा निवासी देवेंद्र सिंह उम्र 42 वर्ष नें बीती रात अपने घर के अंदर रस्सी के सहारे पंखे में लटक कर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक कैंसर की बीमारी से कई वर्षो से ग्रसित था । इस बीमारी की वजह से वह घर की आर्थिक स्थिति कमजोर रहने से इलाज कर सह रहा था। बीमारी से तंग आकर बीती रात को उसने अपने घर में रस्सी का फंदा लगाकर पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 15 करोड़ से अधिक की संपत्ति के मालिक हैं अफजाल अंसारी

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अफजाल अंसारी चल-अचल व विरासत सहित कुल करीब 15 करोड़ से अधिक की संपत्ति के मालिक हैं। उनके पास मात्र 5.75 लाख रुपये नकद है जबकि उनकी पत्नी फरहत अंसारी के पास 2.40 लाख रुपये हैं। अफजाल अंसारी के नाम से सात व पत्नी के नाम से नौ बैंक खाता हैं। पत्नी के पास भी बैंकों में जमा धनराशि है। अफजाल के पास कुल मिलाकर 15.40 करोड़ कीमत की जमीन, नकद, मकान व फ्लैट हैं। उनकी आमदनी में बढ़ोत्तरी हर साल हुई है। अफजाल के पास कुल 67,97,152 रुपये बैंक खाते में जमा व आभूषण हैं। वहीं उनकी पत्नी के पास 1,47,85,073 रुपये की गाड़ी, जेवर व अन्य सामान हैं।

# कृषि उत्पादन मंडी समिति में त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 की मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान कहा कि मतगणना के दिन मतगणना परिसर में त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी, गणना परिसर के चारों ओर 100 मीटर की परिधि में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा, किसी भी गणना कर्मी, गणना अभिकर्ता, प्रत्याशी आदि को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी, अधिकृत व्यक्ति जो गणना स्थल में प्रवेश करेगा उसे अपने साथ बीड़ी, माचिस, ज्वलनशील पदार्थ, कैलकुलेटर, डिजिटल घड़ी, अस्त्र-शस्त्र ले जाने की अनुमति नहीं होगी, गणना अभिकर्ता अपने साथ कागज, कलम, पैड गणना स्थल पर ले जा सकेंगे। उन्होने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण से कहा कि प्रत्येक गणना पंडाल, मंडी परिसर में बैरीकेडिंग, फर्नीचर आदि समस्त व्यवस्थाएं प्रत्येक दशा में दि. 26 मई तक पूर्ण कर ली जायें, बैरिकेडिंग की मजबूती का विशेष ध्यान रखा जाये, गणना स्थल पर मीडिया कर्मियों हेतु मीडिया पंडाल, मेडिकल सहायता कैंप की स्थापना की जाये। उन्होने कहा कि मतगणना के दिन ऑधी, बारिश की संभावना को दृष्टिगत रख तैयारियां की जायें, गणना पंडाल के टिनशैड की मरम्मत करायी जाये, ताकि बारिश होने की दशा में ऊपर से पानी न आ सके, स्ट्रॉग रूम से गणना पंडाल तक जाने वाले मार्ग पर निर्धारित मानक के अनुंसार मजबूत बैरिकेडिंग कराकर उसे वाटरप्रूफ कनात से कवर किया जाये ताकि ऑधी, बारिश होने की दशा में कंन्ट्रोल यूनिट गणना परिसर तक ले जाने में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो। श्री सिंह ने बताया कि मतगणना हेतु प्रत्येक पंडाल में 14-14 टेबल लगेंगी इसके अतिरिक्त पोस्टल बैलेट, ई.टी.पी.बी.एस. की गणना हेतु 28 टेबल लगेगी, टेबल पर प्रत्येक उम्मीदवार का 01-01 गणना अभिकर्ता मौजूद रहेगा, प्रत्येक पंडाल में वीडियोग्राफर मौजूद रहकर गणना प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग करेंगे, सी.सी.टी.वी. कैमरे 360 डिग्री पर कवर करेंगे, पूरी गणना पंडाल सी.सी.टी.वी. की जद में रहेगा। उन्होंने सी.सी.टी.वी. प्रभारी से कहा कि पूरे पंडाल की प्रत्येक गतिविधि सी.सी.टी.वी. कैमरे में कैद हो, इसके लिए जितने भी कैमरों की आवश्यकता हो लगाए जाएं।

## तकनीकी कारणों से सैकड़ों किसानों का लटका 60 लाख का गेहूं का भुगतान

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में किसानों के गेहूं खरीदने के लिए 19 सरकारी गेहूं खरीद केन्द्र खोले गये हैं। इन केन्द्रों पर लगभग 95 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। पिछले दस दिन से सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं बेचने वाले किसानों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। गेहूं बेचने के बाद लगभग एक सैंकड़ा किसानों का 50-60 लाख का भुगतान लटक गया। भुगतान न होने के जहां एक ओर किसान परेशान हैं तो दूसरी किसानों ने सरकारी क्रय केन्द्रों से दूरी बना ली है। जिसके चलते शुक्रवार को खरीद केन्द्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। सरकार ने किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए गल्ला मंडी में सरकारी गेहूं क्रय केंद्र खोले हैं। मंडी परिसर में नीलामी चबूतरे पर 19 क्रय केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इन क्रय केन्द्रों पर अब तक लगभग 95 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। 30 अप्रैल तक गेहूं बेचने वाले किसानों को उनका भुगतान मिल चुका है। सरकार किसानों को पी एफ एम एस के माध्यम से 24 घंटे में भुगतान का दावा कर रही है। 30 अप्रैल के बाद सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों पर गेहूं बेचने वाले किसानों को भुगतान नहीं हो पा रहा है। पी एफ एम एस में आयी गड़बड़ी के चलते जालौन समेत पूरे प्रदेश के किसानों के समक्ष भुगतान की समस्या खड़ी हो गयी है। भुगतान में हो रही देरी के चलते लगातार किसान सरकारी क्रय केन्द्रों से दूर होते जा रहे हैं। किसानों के दूरी बनाने के चलते क्रय केन्द्रों पर सन्नाटा छाया है। शुक्रवार को मंडी के लगभग सभी क्रय केन्द्र खाली पड़े थे। जबकि मंडी में व्यापारी गेहूं खरीद रहे थे। भुगतान न होने के कारण क्षेत्र के करीब एक सैकड़ा किसान प्रभावित है। वीरेंद्र सिंह निवासी जमरेही अब्बल बताते हैं कि उन्होंने 4 मई को 47 क्विंटल गेहूं बेचा था जिसका भुगतान 107865 रुपये बनता है। आज तक भुगतान नहीं हो पाया है। उनके 4 खाते हैं केन्द्र प्रभारी के कहने पर पहले के बाई सी करायी अब एन पी सी आई करा चुके हैं। इसके बाद भी पैसा नहीं आया है। पैसा न आने के कारण उनके काम प्रभावित हो रहे हैं।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश को ठेंगा दिख रहे अध्यापक, कराया जा रहा निर्माण

अवधनामा संवाददाता




**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** सर्व शिक्षा अभियान को लेकर विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्षा का निर्माण सरकार द्वारा लगातार कराया जा रहा है। शिक्षा की स्थिति बेहतरीन हो और ग्रामीण क्षेत्र से लेकर नगरीय क्षेत्र के नौनिहाल निशुल्क इन विद्यालयों में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। इन कक्षाओं के निर्माण में मानकों का विशेष ध्यान रखा जाता है। जिसके लिए सेकुलर जारी किया जाता है और समय से भुगतान भी किया जाता है।

निर्माण कार्य की जिम्मेदारी अध्यापकों के ही ऊपर डाली जाती है। जिससे वह बेहतरीन निर्माण कार्य करा सके और उनके द्वारा कराए गए कक्षा कक्ष लंबे समय तक सही तरीके से चलते रहे। परंतु भ्रष्टाचार का आलम इतना गहरा हो चुका है की पांच अंको की सैलरी पाने वाले अध्यापक अक्सर कक्षाओं के निर्माण में घपला बाजी करते हुए मोटी रकम बचाने के चक्कर में मानकों का ध्यान नहीं रखते। विकासखंड राजेपुर के ग्राम बिजपुरिया में ऐसा ही एक कारनामा देखने को मिला। यहां अतिरिक्त कक्षा कक्षा का निर्माण कार्य वित्त वर्ष 2023 व 24 के अंतर्गत कराए जाने के आदेश हुए और 26 दिसंबर 2023 को लाखों रुपए की धनराशि विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में 5 लाख 50 हजार रुपए विभाग द्वारा भेज दी गई। इस निर्माण कार्य की शिकायत आने पर जिला सामन्यवक निर्माण द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें शिकायत सही पाई गई और निर्माण कार्य पूर्ण रूप से अमानक मिला। इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने 31 जनवरी 2024 को लिखित में आदेश जारी करते हुए कहा कि निर्माण कार्य को ध्वस्त कराकर नए सिरे से मानक के अनुरूप निर्माण कार्य कराया जाए। परंतु इस आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए इस अमानत निर्माण कार्य के ऊपर पुनः निर्माण शुरू कर दिया गया। अब यह कच्छ चटक जाए गिर जाए या इससे बच्चों को कोई हानि पहुंचे इसकी जिम्मेदारी कौन संभालेगा। लेकिन जो आदेश जारी किया गया है उसके अनुरूप अगर कार्य होता है तो फिर निर्माण कार्य की लागत विभाग जरूर वसूलेगा जो कि एक मिसाल होगी और फिर अन्य स्थानों पर स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्य को कराए जाने से पहले सौ बार सोचना पड़ेगा। पुराने निर्माण कार्य को ध्वस्त करने के आदेश को हवा में उड़ा दिया गया। और इस अमानक निर्माण कार्य के ऊपर पुनः कार्य शुरू कर दिया गया। शिक्षा विभाग की आंखें खोलने के लिए मीडिया द्वारा इस खबर का प्रकाशन भी किया गया परंतु गोलमाल के चलते हर किसी की जेब में मोटी धनराशि 5 लाख 50 हजार पहुंचने के बाद भ्रष्टाचार के इस खेल पर मोटे पर्दे डाल दिए गए। लोकसभा चुनाव के चलते अधिकारी चुनाव कराने में व्यस्त हैं तो फिर ऐसे समय का फायदा क्यों न उठाया जाए। इसी के चलते चतुर अध्यापिका द्वारा तेजी से कार्य शुरू कर दिया गया। जिला मुख्यालय अगर इस तरफ ध्यान देता है और किसी ईमानदार अधिकारी से जांच करा कर कार्यवाही की जाती है तो सच्चाई सामने आने में देर नहीं लगेगी।

# शिक्षकों के अथक प्रयास से परिषदीय विद्यालय के बच्चे अपने प्रतिभा का मनवा रहे लोहा: राजेश

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** सरकारी स्कूलों के छात्र/छात्राए नित नए अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सरकारी स्कूलों में नियुक्त शिक्षक/शिक्षिकाओं में योग्यता का अक्षय पात्र है जिसका सार्थक परिणाम देखने को मिल रहा है। जिसका नतीजा ब्लॉक क्षेत्र के 21 छात्रों ने छात्रवृत्ति स्पर्धा में चयनित होकर कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं और बेसिक शिक्षा विभाग भी ऐसे मेहनती अध्यापकों को ब्लॉक, जनपद और राज्य स्तर तक सम्मानित कर रहा है।

इसी कड़ी में मिशन शिक्षण संवाद कुशीनगर भी बच्चों तथा अध्यापकों की प्रतिभा को नित नए मंच प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, उच्च कोटि के शिक्षकों की पढ़ाने की वीडियो नियमित अध्यापकों के पास भेजे जाते हैं जिन्हें शिक्षक अपने अपने विद्यालय के बने व्हाटसेप ग्रुप पर नियमित भेजते हैं तथा बच्चों को प्रभावी तरीके से विद्यालय में पढ़ाया जाता है, मिशन शिक्षण संवाद की विकास खंड मोतीचक की टीम ने इस बार हस्स्स में चयनित 21 छात्र/छात्राओं और उनके नोडल शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र मोतीचक पर एक सामूहिक विशाल सम्मान समारोह आयोजित किया जिसके मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मोतीचक राजेश कुमार ने सभी चयनित छात्र/छात्राओं और उनके नोडल शिक्षकों को शील्ड, मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और छात्र/छात्राओं के अभिभावकों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज बेसिक का अध्यापक निकल पड़ा है अपने उच्चतम मुकाम की ओर जहां दिन रोज कारवां बढ़ता ही जा रहा है। सम्मान के क्रम में विकास खंड मोतीचक के संविलयन विद्यालय फर्द मुंडेरा से श्याम राय, पूजा, निकिता गुप्ता, अंजली उनके शिक्षक रामवीर सिंह, संविलयन विद्यालय मंगलपुर से तमन्ना खातून व दीपक कश्यप उनके शिक्षक मोलई प्रसाद प्रजापति, बेलहिया भलूहां से अब्दुल करीम व दीपशिखा उनके शिक्षक नागेंद्र सिंह, सिरसिया से अभिषेक उनके शिक्षक प्रदीप गुप्ता, मो. बारी टोला से अनुप कुशवाहा उनके शिक्षक सैयद सैफ निजामी, सिंहपुर से प्रतिमा भारती उनके शिक्षक दिवाकर मणि त्रिपाठी,चंदनपुर पोखरभिंडा से अनामिका यादव उनके शिक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा, भैंसही से दिव्यांश चौधरी व सत्यम गौतम उनके शिक्षक ओमप्रकाश सिंह, बड़हरा लक्ष्मीपुर से मानसी शर्मा उनके शिक्षक राहुल कुमार, पुरैनी से अमृता कुमारी उनके शिक्षक मुन्ना सिंह, असना से हिमांशु सिंह उनके शिक्षक पंकज कुमार श्रीवास्तव, नारायणपुर से समर्थ सिंह उनके शिक्षक अखिलेश सिंह, पट्टन से अमृत कुमार सिंह उनके शिक्षक राजेंद्र सिंह, बेलवा सुदामा से कृष्णा वर्मा उनके शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार तथा राजपुर खास से सभ्या राय उनके शिक्षक आनंद सिंह को सम्मानित किया गया।

## पिकनिक मनाने गए पांच युवक बेतवा नदी में डूबे

**उरई (जालौन)।** कोटरा थाना क्षेत्र के सला घाट पर पिकनिक मनाने गए चार युवक नहाते समय नदी में डूब गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने एन डी आर एफ़ टीम की मदद से देर रात तीन शव बरामद कर लिए है। प्राप्त विवरण के अनुसार उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा निवासी अनुभव बुंदेला पुत्र प्रदीप बुंदेला, कनिष्क पुत्र कल्याण सिंह, शिवा पुत्र रमाकांत, कॉमिशेय पुत्र महेंद्र पाल एवम एक अन्य युवक सोमवार की शाम कोटरा थाना क्षेत्र स्थित सला घाट पर पिकनिक मनाने गए थे। चारों दोस्त नहाते समय नदी में डूब गए। उक्त युवकों की स्कूटी व मोटरसाइकिल तथा कपड़े , जूते आदि घाट से कुछ दूरी पर पाए गए। स्थानीय लोगों को जब बहुत समय बीतने पर युवक घाट पर नजर नही आये तो किसी अनहोनी की आशंका से पुलिस को सूचित किया ।सूचना पर कोटरा थाना प्रभारी वरुण चाहर तथा प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुचे और मोटरसाइकिल के रजिस्ट्रेशन में दर्ज मोबाईल नम्बर ट्रेस कर युवकों के परिजनों की इसकी जानकारी दी।

# टांडा के प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित



दानिश मेंहदी

**टाण्डा (अम्बेडकरनगर)।** नगर के एचआईए कैरियर इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका टांडा क्षेत्र के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं को कमर हयात पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रविवार को मोहल्ला मीरानपुरा स्थित बड़ी मस्जिद के निकट मैदान में हुए इस कार्यक्रम में डॉ. हाजी इश्तियाक अहमद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में हाजी तारिक एवं मोहम्मद अकमल ने भाग लिया। जबकि अहमद उल कादरी ने अध्यक्षता की और सगीर बज़्मी ने समारोह का संचालन किया। इस अद्भुत कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रबंधक मुहम्मद इब्राहिम अंसारी ने प्रतिभाशाली छात्रों को बधाई दी और सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। समारोह को गुलाम दस्तगीर समेत अन्य सभी वक्ताओं ने संबोधित किया। लगभग सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्ता पर बल दिया। ज्ञात हो कि दिवंगत कमर हयात अलीगेरियन का शहर की प्रमुख हस्तियों में प्रमुख स्थान था। उनकी रुचि ज्ञान और शिक्षा में अधिक थी। वह प्रतिभाशाली और गरीब बच्चों की सहायता का प्रबंध करते थे। उन्हीं की याद में यह आयोजन किया गया था। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार, शहर के मोहल्ला सकरावल में नगर पालिका अध्यक्ष शबाना नाज़ के आवास के पास स्वर्गीय मुहम्मद अयाज़ उर्फ गुल्लू चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा भी एक प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहम्मद नदीम उर्फ पोली ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस कार्यक्रम में भी नगर क्षेत्र के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किये गये।

# बेहतर अंक पाकर श्रद्धा गुप्ता व अनंत कुमार ने क्षेत्र का बढ़ाया मान

**सीबीएसई बोर्ड परीक्षा**



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम आने के बाद स्थानीय छात्रों में हर्ष व्याप्त है। इस बार डुमरियागंज नगर पंचायत के एक छात्र व एक छात्रा ने बेहतर अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है तथा मंडल में भी अपना स्थान बनाया है। बच्चों के इस उपलब्धि पर अभिभावको, शिक्षकों व समाजसेवियों ने बधाई दी है।

इस बार घोषित परीक्षा परिणाम में डुमरियागंज टाउन के वार्ड नंबर 12 हबीबुल्लाह नगर निवासी रविंद्र गुप्ता की पुत्री श्रद्धा गुप्ता ने इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में श्री राम पब्लिक स्कूल डाकखाना सिविल लाइन बस्ती से 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्रद्धा गुप्ता ने गुरु नानक एकेडमी डुमरियागंज से हाई स्कूल की परीक्षा बेहतर अंकों के साथ पास की थी। इसके बाद श्री राम पब्लिक स्कूल बस्ती से इंटरमीडिएट की शिक्षा ग्रहण कर रही थी। इसके अलावा नीट की परीक्षा में भी इस वर्ष सम्मिलित हुई है। छात्रा की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ पत्रकार पप्पू रिजवी, ठाकुर प्रसाद मिश्रा, राकेश शास्त्री, संगम गुप्ता, परमजीत भाटिया, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतिकुर रहमान, राजेश पांडे, नंदलाल, राजन अग्रहरि, भोलू सिंह, तुफैल अहमद, अन्नू अग्रहरि, तिलकराम, संदीप, मनोज कुमार, सुनील आदि ने बधाई दी है।

# मतदान की सुचिता, पवित्रता एवं गोपनीयता परमावश्यक: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मंगलवार को क्रिटिकल बूथो पर वीडियोग्राफी एवं कैमरा टीम हेतु किये जाने वाले कार्यो के संबध में प्रेक्षक (सामान्य) श्रीमती नीमा अरोड़ा की अध्यक्षता एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि आप लोग फोटो एवं वीडिया किसी अन्य व्यक्ति को कदापि नही देगे। नामित अधिकारी को ही उपलब्ध करायेगे। इसके साथ-साथ यह भी ध्यान रखा जाये कि मतदाताओ का वोट डालते हुए किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी नही करेगे। मतदान की सुचिता, पवित्रता एवं गोपनीयता आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक है। पीठासीन अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य करेगे। कैमरा पूरी तरह चार्ज हो, अतिरिक्त बैटरी उपलब्ध रहे, बैटरी का चार्जर साथ में रहे, कैमरे में चिप ठीक प्रकार से लगी रहे, चिप में पर्याप्त स्पेश रहे, अतिरिक्त चिप साथ मे रहे, किसी घटना विशेष की विडियोग्राफी अनिवार्य रूप से बने, विडियोग्राफी कार्य का प्रारम्भ जिस स्थान से किया जा रहा है उस स्थान पर अंकित स्थल आदि का नाम सर्वप्रथम रिकार्ड किया जाय, मतदान के दिन मतदान स्थल पर मोबाईल कदापि न ले जाये, विडियोग्राफी के दौरान अनावश्यक किसी से उलझने का प्रयास न करें, अपने मजिस्ट्रेट/अधिकारी के आदेशो का पालन करें, मतदान दिवस के दिन माकपोल की विडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाय, मतदान दिवस के दिन विडियोग्राफी इस प्रकार की जाय की मतदाता की गोपनीयता भंग न हों, मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात लाईन में खडे व्यक्तियो की विडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाय, विडियोग्राफी कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय मोबाईल नम्बर-9628508383 अमित श्रीवास्तव, जिला सलाहकार से सम्पर्क स्थापित करें, विशेष समस्या आने पर जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार के मोबाईल नम्बर-9068246519 पर सम्पर्क करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शशांक शेखर राय, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी दिनेश कुमार राय, जिला समन्वयक स्वच्छता समिति अमित श्रीवास्तव व अन्य उपस्थित रहे।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ जनों का पोलिंग पार्टी ने उनके घर पर जाकर कराया मतदान



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग जन एवं वरिष्ठ जन जिनकी उम्र 85 वर्ष या उससे ऊपर मतदाताओं को उनके घर पर जाकर पोलिंग पार्टी ने मतदान कराया। एआरओ डॉ0 ललित कुमार मिश्र ने बताया कि कपिलवस्तु विधानसभा में कुल दस मतदाताओं ने अपने ही घर पर मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें ग्राम पनेरी निवासी मो0 शकूर पुत्र मनकू 85 वर्ष, चनरैया निवासी अवध नरायन पुत्र रमेशर 89 वर्ष, हारिगावँ निवासी शान्ति पत्नी चौथी 89 वर्ष, कुमारी प्रमिला पुत्री मुन्नालाल दिव्यांक, नेतवर निवासी अनारी पत्नी गद्दर, सिघोरवा निवासी हंसहराजी पत्नी शोभा 88 वर्ष, सवित्रा पत्नी उदयराज 89 वर्ष, रमेशर पुत्र चौधरी 89 वर्ष, कुड़ियां निवासी जग्गन पुत्र शीतल दिव्यांग, ससनी निवासी धमसीरा पुत्री घरभरन दिव्यांग ने अपने घर पर ही गुप्त मतदान किया। इस दौरान पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा सम्बंधित ग्राम के नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, बीएलओ, सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

## कोस्मोपोलिटन स्कूल के छात्रों ने मनवाया अपना लोहा



**टाण्डा अमबेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली द्वारा इंटरमीडिएट व हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम दिनांक 13 मार्च 2024 को घोषित कर दिया गया है टांडा नगर क्षेत्र में स्थित कॉस्मोपॉलिटन स्कूल आसो पुर टांडा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इंटरमीडिएट की होनहार छात्रा हिफ्जा नूर 90.8 प्रतिशत आस्था गुप्ता 90.8 प्रतिशत रागिनी 90.2 प्रतिशत निधि श्रीवास्तव 86.8 प्रतिशत तथा हाई स्कूल के छात्र - छात्रा अंशिका रानी 95.4 प्रतिशत मोहम्मद सफ़वान 94.2 प्रतिशत नशरा फातमा 93.4 प्रतिशत और अभिनव आनंद 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके परीक्षा उत्तीर्ण किया है। विद्यालय के प्रबंधक श्री पोल जोसेफ जी, अध्यक्ष श्री अनूप विजय जी व प्रधानाचार्य वैशाख पी जी ने ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनका उत्साह वर्धन वा उज्जवल भविष्य की कामना किया। परीक्षा परिणाम देखकर छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय परिवार के समस्त सम्मानित अध्यापकों व अध्यापिकाओं में खुशी का माहौल है सभी अध्यापकों और अध्यापिकाओं द्वारा छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामना दिया गया।

## 82.27 ग्राम अवैध स्मैक के साथ अपराधी गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से जिले के अपराधी खौफ में हैं।अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने कार्रवाई का तरीका बदल दिया है। जिले में वारदात के बाद एक्टिव पुलिस अपराधियों के गिरोह का राजफाश करते हुए उन पर सख्त कार्रवाई कर रही है। यही वजह है कि बदमाशों में अब पुलिस का खौफ दिखने लगा है।अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अपने कार्रवाई का तरीका बदल दिया है। अब वह गिरोह में मिल रहे बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई कर रही है। दिनांक 14.05.2024 को समय 7.40 बजे दौराने क्षेत्र भ्रमण मुखबिर खास की सूचना पर उ0नि0 शिव कुमार मय हमराही कर्म0गण द्वारा ग्राम रुकुनपुर बाभनपट्टी खडंजे पर से एक व्यक्ति जिसका नाम संगम गौतम पुत्र रामलौटन (दत्तक पुत्र हरीलाल) निवासी ग्राम बैरागल थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 35 वर्ष हाल पता ग्राम कांदीपुर थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर है, को 82.27 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।

# भाजपा की तानाशाह सरकार से प्रत्येक वर्ग परेशान है : पप्पू निषाद

**अवधनामा संवाददाता**



**आलापुर (अंबेडकर नगर)।** मंहगाई, बेरोजगारी से त्रस्त संविधान को बचाने के लिए भाजपा की तानाशाही सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी भाजपा के जुमलों से मतदाता ऊब चुके हैं। उक्त बातें आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में 62 सन्त कबीर नगर के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने गांव गांव में पहुंचकर मतदाताओं से सम्पर्क में कही।

मालूम हो सपा प्रत्याशी पप्पू निषाद आलापुर विधानसभा में आज राजेसुल्तानपुर, खरुवांव, एवं समडीह आदि गांवों में मतदाताओं से सम्पर्क कर भारी मतों से जिताने की अपील किया और भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। सपा प्रत्याशी पप्पू निषाद ने कहा कि भाजपा सरकार जाते ही मंहगाई कम हो जायेगी सबके लिए शिक्षा और रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा भाजपा की गारंटी एक जुमला है इंडिया गठबंधन का घोषणा पत्र असली गारंटी है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर पूरे देश में सभी जातियों की जातिगत जनगणना कराई जाएगी और उसी अनुपात में सबको सभी सरकारी सुविधाओं एवं आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी सभी गरीब महिलाओं को हर वर्ष एक लाख रुपए की मदद की जाएगी ट्रेंड बेरोजगारों को नौकरी या हर वर्ष एक लाख रुपए भत्ता दिया जाएगा सरकारी राशन गुणवत्ता वाला दिया जायेगा साथ में डाटा फ्री होगा। सपा प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा अमीरों की पार्टी है जबकि सपा किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों, व्यापारियों, महिलाओं एवं नौजवान बेरोजगारों को स्वालंबी बनाने वाली पार्टी है। जन संपर्क के दौरान विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र यादव, बिट्टू यादव, सुनीता सोनकर, बबलू सिंह, रामू निषाद, बजरंगी निषाद, लालबहादुर निषाद, दिनेश निषाद, सुरेन्द्र उर्फ चक्कू, जिला पंचायत सदस्य अवधेश गौतम, अशोक कन्नौजिया, मो आरिफ, हरेंद्र गौतम, टुन्नू सिंह,दीप प्रकाश मौर्य, राजन कन्नौजिया, लालमणि गोंड, मनोज यादव, महेन्द्र यादव, साधू यादव, अमरदीप गोंड, रामबालक तिवारी, अनिल, पवन, बिट्टू राजभर, जितेन्द्र शर्मा, विनोद निषाद, अखिलेश यादव पपलू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।दोपहर में सपा प्रत्याशी के साथ सैकड़ों लोगों ने बिट्टू यादव के घर भोजन नाश्ता किया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई वाहनों की व्यवस्था के दृष्टिगत बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मंगलवार को वाहनों की व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारियों व बस स्वामियों तथा स्कूल बस के प्रवन्धक / प्रधानाचार्य/वाहन प्रभारियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारियों व वस स्वामियों तथा स्कूल बस के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य / वाहन प्रभारियों को बताया कि 13 से 18 मई तक कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सिद्धार्थनगर में लोकसमा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगने वाले बसों का वाहन संख्या एवं ड्राइविंग लाइसेंस जमा कर लॉगबुक प्राप्त कर ले। सभी वाहन 23 मई को सुबह 7 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल मैदान में विधानसभावार वाहन खड़ा करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आरटीओ को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वाहन स्वामियों को दी गयी लॉग बुक की सूची तैयार कर ले जिससे वाहन का भुगतान निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दर के अनुसार किया जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी (न्यायिक) बांसी/नोडल अधिकारी परिवहन प्रदीप कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, एआरटीओ सुरेश कुमार, व अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण में दोनों पाली में कुल 1274 लोंगो को किया गया प्रशिक्षित

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त पीठासीन/मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण शिवहर्ष उपाध्याय किसान इण्टर कालेज एवं शिवहर्ष किसान डिग्री कालेज में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में दोनों पाली में कुल 1274 लोंगो को प्रशिक्षित किया गया तथा कुल 5 लोंग अनुपस्थित पाये गये। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता ने चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया और कहा कि मतदान प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक समन्न कराने के लिए पीठासीन व मतदान अधिकारी की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि सभी पीठासीन और मतदान अधिकारी मतदान प्रक्रिया विशेषकर ईवीएम संचालन से संबंधित तकनीकी जानकारी में भलीभॉति दक्षता प्राप्त कर लें। उन्होने मास्टर ट्रेनर को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को परखने के लिए बीच-बीच में कार्मिको से सवाल-जवाब भी किया जाये। उन्होने पोस्टल बैलेट/ईडीसी से मतदान काउंटर का भी जायजा लिया और जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। सीडीओ जयदेव सीएस ने कहा कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिको का वेतन बाधित करते हुए उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही की जायेंगी। इस दौरान पीडी राजेश झा, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, प्रशिक्षण अधिकारी विजय यादव सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# प्रशासन ने शिक्षक व कर्मचारी संगठनों के साथ की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को शिक्षक व कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक किया। बैठक में उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुजीत जायसवाल की अगुवाई में 24 शिक्षक -कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी (वि/रा) उमाशंकर व जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा के समक्ष गंभीर बीमारी, गर्भवती महिला, छोटे बच्चों वाली महिला व पति -पत्नी में से एक को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने की मांग रखा।

इस पर अधिकारीद्वय ने बताया कि निर्वाचन राष्ट्रीय महापर्व है और इसे संपन्न कराने में जिला मजिस्ट्रेट के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है और पूरा प्रशासन उनके निर्देश पर कार्य करता है। कहा कि गंभीर बीमारी व गर्भवती महिला की ड्यूटी जांचोपरांत काटी जा सकती है। छोटे बच्चे के मां की भी ड्यूटी कट सकती है। ऐसे कर्मचारी जो पति -पत्नी इसी जनपद में कार्यरत हैं उनमें से एक की ड्यूटी काटी जा सकती है। अधिकारियों ने सभी से अपेक्षा किया किया कि वे चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सकुशल, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न कराएं। सभी संगठनों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल व निष्पक्ष रुप से संपन्न कराने के लिए सभी शिक्षक व कर्मचारियों का पूरा सहयोग रहेगा। इस दौरान ओपी मिश्र, ओंकार नाथ, वाईके द्विवेदी, रणजीत कुमार, शिवाकांत पांडेय, अरुण कुमार प्रजापति, मुकेश कुमार, विमलकांत, रामकरन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कर्ष यादव सीबीएसई परीक्षा इंटर में जिले के बने टापर

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** रेडिएंट चिल्ड्रेन अकादमी में सीबीएसई बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कर्ष यादव ने 99.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश, जिला व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उत्कर्ष यादव के पिता सुरेश कुमार यादव कृषि व डेयरी का संचालन करते हैं।

यह आईएएस बनना चाहते हैं। दूसरे नंबर पर सिद्धि श्रीवास्तव रही उन्होंने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इनके पिता संतोष श्रीवास्तव नरेंद्र देव इंटर कॉलेज जलालपुर में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। इनका भी लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में जाना है। तीसरे नंबर पर शोभित बाजोरिया रहे इन्होंने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इनके पिता आलोक बाजोरिया एक बिजनेसमैन है। कक्षा 10 में दिशा ने 98 प्रतिशत अंक पाकर टॉप किया है। इनके पिता दिलीप कुमार अग्रहरी व्यवसायी है। इनका भी लक्ष्य आईएएस बनना है। दूसरे नंबर पर ध्रुव प्रताप सिंह रहे जिन्हें 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। तीसरे नंबर पर पल्लवी यादव और श्रेयांजलि संयुक्त रूप से रही जिन्हें 97 प्रतिशत अंक मिला। सभी मेधावियों को विद्यालय के साथ प्रदेश में स्थान पाने के लिए प्रबंधक गौरव यादव, प्रधानाचार्य अखिलेश शुक्ला व्यवस्थापक हिमांशु द्विवेदी आदि ने मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की। सेंट जेवियर स्कूल जमौली का हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का सीबीएसई परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। हाई स्कूल की जिज्ञासा यादव 95.2 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय की टॉपर रही वहीं अनुष्का चौधरी 94 प्रतिशत मोहम्मद कैफ 93.6 प्रतिशत आकृत उपाध्याय एवं शिखर ने संयुक्त रूप से 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता के साथ समाज का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट की परीक्षा में मुकुल त्रिपाठी 89.3 प्रतिशत पाकर विद्यालय में सबसे अधिक अंक पाने वाले छात्र के रूप में अपना नाम दर्ज कराया आकाश मिश्रा 86.8 प्रतिशत मोहम्मद जहीर 84.8 प्रतिशत सुधांशु 83 प्रतिशत विपुल यादव एवं रिया ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

# 2014 में लहर, 2019 में आंधी तो 2024 में सुनामी है मोदी की

## पिछले 10 सालो में बस्ती ने ऐसी छलांग लगाई की देश के अन्य सांसद हरीश द्विवेदी से लेते है प्रेरणा: केशव

**अवधनामा संवाददाता**



**आईसीयू में है बसपा, कांग्रेस और सपा**

**बस्ती।** कप्तानगंज विधानसभा के शिवपुर में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी गठबंधन में शामिल सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल्याण सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करने न आने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव माफिया मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने चले गए।

उन्होंने कहा कि सपा अपराध और भ्रष्टाचार पैदा करने की फैक्टरी है, जबकि हमने फैक्टरियां लगाकर युवाओं को रोजगार दिए। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे आए उपमुख्यमंत्री ने मंच पर आने के बाद हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। उन्होंने डबल इंजन की सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए सपा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की नीति बांटकर राज करने की है। सपा समाप्तवादी पार्टी बनकर रह गई तो कुछ लोगों को टिकट देकर हमारे परिवार को बांटने की कोशिश की है। 2014 में लहर 2019 में अंधी तो 2024 में सुनामी है मोदी के नाम की। केशव प्रसाद ने आगे कहा कि सपा अपराधियों, गुंडा, दंगाइयों और भ्रष्टाचार को पैदा करने की फैक्टरी है। वह ऐसी फैक्टरी चलाते हैं, जहां कट्टा और बम बनाने का काम होता है, जबकि भाजपा बड़ी फैक्टरी लगाकर रोजगार देती है। बसपा, कांग्रेस और सपा आईसीयू में पड़े हैं। इन्हें ऑक्सीजन की जरूरत है। सपा सांपनाथ, बसपा नागनाथ और कांग्रेस कालियानाथ है। ये तीनों प्रधानमंत्री को कुर्सी से हटाने का सपना देख रहे हैं। सपने में देख रहे कि तोड़फोड़ कर सरकार बना लेंगे तो राममंदिर की जमीन पर बाबरी मस्जिद बना देंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सपा ने निमंत्रण ठुकरा दिया। किसी ने राम को काल्पनिक बताया तो किसी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई। जो प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा सकते हैं, वे मुस्लिम तुष्टीकरण कर अपनी पार्टी का नाम मुस्लिम लीग रख लें। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि वर्ष 2024 का चुनाव देश को सौ साल आगे लेकर जाने वाला है। विकसित भारत बनेगा तो देश तरक्की करेगा। यही मोदी की गारंटी है। भारत को अमेरिका से पहले विकसित होना चाहिए था, लेकिन पूर्व की सरकारों को कुर्सी से प्रेम था। उन्हें जनता से मोह नहीं था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक अजय सिंह, पूर्व विधायक रवि सोनकर, चन्द्र प्रकाश शुक्ल, दयाराम चौधरी, संयोजक दुष्यंत विक्रम सिंह, सुखराम गौड़, विपिन शुक्ल, प्रमोद कुमार गिल्लम चौधरी, यशकांत सिंह, सुशील सिंह, राना नागेश प्रताप सिंह, विवेक चौधरी, उमाशंकर पटवा, सेतभान राय, केडी चौधरी, वरुण पाण्डेय, विजय गुप्ता, सिंकू सिंह, गौरव मणि त्रिपाठी, मनोज पाठक सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिये निर्देश

**दानिश मेंहदी**



**अंबेडकरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए हो रहे पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारी प्रथम द्वितीय तृतीय का द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। दिनांक 14 मई 2024 को दो पालियों में प्रशिक्षण कराया गया, जिसमें पोलिंग पार्टी संख्या 01 से 390 तक शामिल थे। कुल 1560 कार्मिक प्रशिक्षण के लिए बुलाए गए थे।निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय अच्छे से प्रशिक्षण ले, जिससे मतदान के समय कोई दिक्कत न हो। ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दो पालियों में हुए प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम सील करने, वीवी पैट से पर्ची निकालने, सभी परपत्रो को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी कहा गया कि सभी अधिकारी गंभीरता से प्रशिक्षण ले, यदि उनके मन में किसी प्रकार का प्रश्न है तो वह निःसंकोच होकर मास्टर ट्रेनों से पूछे।प्रशिक्षण के प्रथम दिन 05 पीठासीन अधिकारी/ मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय , तृतीय अनुपस्थित पाए गए। जिसमें पहली पाली में 02 कार्मिक और दूसरे पाली 03 कार्मिक कुल 05 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कार्मिक अपना प्रशिक्षण प्राप्त करें,अनुपस्थिति के विरुद्ध आयोग के निर्देशानुसार वैधानिक कराई की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। अवगत कराना है कि कार्मिकों को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह प्रशिक्षण 15,16,17,18 तथा 19 मई को भी दिया जाएगा।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी ,परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा, डीसीएनआरएलएम तथा संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## दस साल की सरकार अल्पमत में

हरियाणा में भाजपा सरकार 10 साल से काबिज है। 25 मई को यहां लोकसभा का मतदान होता है। ऐसे में तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से समर्थन वापस लेकर सरकार को अल्पमत में ला दिया है। चुनाव के बीच भाजपा के लिये यह करारा झटका है। तीनों बागी विधायकों ने कांग्रेस को समर्थन देने का एलान किया है। कांग्रेस के लिये यह मारल बूस्टर है। हलाकि इसका तत्काल कोई फायदा नहीं उठा पायेगी।

अब भाजपा सरकार के सामने बहुमत साबित करने की चुनौती आ खडी हो गयी है। यह भी गौर करने की बात है दो महीने पहले ही सरकार ने सदन में बहुमत साबित किया था। इसलिये अभी अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता। भाजपा के लिये राजनैतिक संकट जरूर बन गया है। साल के आखिर में यहां विधानसभा चुनाव भी होना है। ऐसे में समर्थन वापसी के बाद सरकार के सामने बहुमत साबित करने की चुनौती भी आ खड़ी हुई है। विपक्ष इस घटना से उत्साहित तो है पर उसकी अपनी मुशकिलाहटें है। कांग्रेस और जेजेपी विधायक मिलकर भी बहुमत की संख्या नही बना सकते। कांग्रेस मजबूरन राष्ट्रपति शासन लगाने और तत्काल विधानसभा चुनाव कराने की मांग उछाल रही है। भाजपा का दावा कर रही है कि जेजेपी विधायकों का एक घड़ा उनके सम्पर्क में है। ऐसे में कुछ जेजेपी विधायकों को लाभकारी पद देने का वादा कर अपने पक्ष में कर सकती है। पर यह अभी कयास भर है। देखना है भाजपा नेतृत्व इस संकट से कैसे पार पाती है। अभी तक भाजपा का चुनाव प्रबन्धन विपक्ष को तुलना में बहुत आगे और विश्वसनीय है। मुख्य विपक्षी कांग्रेस अपने आन्तरिक संकटो से जूझ रही है। लोग पार्टी छोड़ लगातार भाजपा के दामन थाम रहे है। कांग्रेस के कुछ महत्वपूर्ण नेता, कुछ संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर बैठे नेता भी पार्टी छोड़ने जा रहे है।

प्रदेश में काग्रेस जेजेपी अन्य विपक्षी हालात का तत्काल फायदा उठाने की स्थिति में तो नहीं है पर माहौल अपने पक्ष में बनाने के लिये जोर लगा रहे है। विपक्ष के लिये आसमान से टपका मुहमांगी मुराद की स्थिति है। विपक्ष उत्साहित तो जरूर है पर इसका कितना फायदा उठा पाता है यह तो चुनाव का आखिरी परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा। भाजपा संगठन की भी परीक्षा होगी कि कितना अपने को इस झटके के परिणाम से बचा पाती है। हरियाणा के राजनैतिक तापमान का पारा एकाएक ऊपर उछल गया है। पर भाजपा के लिये मोदी भारत बूस्टर बने हुये है। विपक्ष के पास इस टक्कर का कोई नेता नहीं है। राहुल को ऊभारा जा रहा है पर अपरिपक्वता उनकी झलकती रहती है। खरगे कद्दावर नेता है पर खानदानी दबाव के आगे दबे हुये है। दस साल की सरकार डैमेज कन्ट्रोल में लगी हुई है। हालात उसी के पक्ष में दिख रहे है। फ्लोर टेस्ट कि तैयारी में लगी है।

## एक अद्वितीय योद्धा : कैप्टन महेन्द्र नाथ मुल्ला

**हरी राम यादव**

वर्ष 1971 का दिसम्बर का महीना था। देश की आम जनता सर्दी के मारे कांप रही थी और सर्दी से छुटकारा पाने के लिए तरह तरह के यत्न कर रही थी। कोई अलाव का इंतजाम कर रहा था तो कोई ठंढी रात से बचने के लिए कम्बल और रजाई की व्यस्था कर रहा था। इसी कडकडाती सर्दी में दो पडोसी देशों के आसमान में युद्ध के बादल छाए हुए थे। इन बादलों की वजह से सेना और राजनीति के क्षेत्र में काफी गर्माहट थी। सेना और राजनीति के रणनीतिकार काफी व्यस्त थे। जिन दो देशों के आसमान में बदल छाए हुए थे वह थे भारत और पाकिस्तान। उस समय हमारे देश की प्रधानमंत्री थी श्रीमती इंदिरा गांधी।



03 दिसंबर 1971 को शाम 05 बजकर 40 मिनट पर पाकिस्तानी वायुसेना ने हमारे वायुसेना के 11 वायुसेना अड्डों पर हमला कर दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उसी समय रात को ही ऑल इंडिया रेडियो पर देश की जनता को संबोधित किया और पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले कि जानकारी दी। सरकार ने 04 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी और सेना को ढाका की तरफ कूच करने का आदेश दे दिया। भारतीय वायुसेना ने पश्चिमी पाकिस्तान के आयुध भंडारों और वायु सेना अड्डों पर बम बरसाने शुरू कर दिए और थल सेना ने पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों पर पाकिस्तानी सेना को करारा जबाब देना शुरू कर दिया।

युद्ध के हालात को देखते हुए भारतीय नौसेना भी अरब सागर में सक्रिय हो गई। पाकिस्तान की पी एन एस हंगोर भारतीय नौसेना को निशाना बनाने के लिए भारतीय जल सीमा में घुस चुकी थी। पी एन एस हंगोर उस समय की उन्नत तकनीक वाली सबमरीन थी जिसे पाकिस्तान ने फ़्रांस से ख़रीदा था। इस सबमरीन की उन्नत तकनीकि और मारक क्षमता के कारण इसको शार्क भी कहा जाता था । 05 दिसम्बर 1971 को पी एन एस हंगोर द्वारा भेजे जा रहे संदेशों को भारतीय नौसेना के उपकरणों ने पकड़ लिया। पकड़े गये संदेशों से पता चल गया कि पाकिस्तानी पनडुब्बी भारतीय जल सीमा में घूम रही है। इसे नेस्तनाबूद करने के लिए भारतीय नौसेना ने 14 स्कवाड्रन की दो एंटी सबमरीन आई एन एस खुकरीऔर आईएनएस कृपाण को रवाना किया गया और इस स्कवाड्रन को लीड कर रहे थे कैप्टन महेंद्र नाथ मुल्ला । दोनों 08 दिसंबर को मुंबई से चलकर 09 दिसंबर को उस स्थान पर पहुंच गये जहां पर पाकिस्तानी पनडुब्बी पी एन एस हंगोर के होने की सम्भावना थी।

जहां से पनडुब्बी के होने का सिग्नल मिला था उस क्षेत्र में बहुत देर तक खोजने के बाद भी उन्हें पाकिस्तानी पनडुब्बी का कोई निशान नहीं मिला। पी एन एस हंगोर को अपने उपकरणों से भारतीय एंटी सबमरीनों के पहुंचने का पता लग चुका था। उसने आई एन एस कृपाण पर टॉरपीडो से हमला कर दिया लेकिन टॉरपीडो मिसफायर हो गया। इस हमले से हंगोर की स्थिति का पता हमारी नौसेना को लग गया । लेकिन हमारी नौसेना द्वारा कोई जवाबी कार्रवाई करने से पहले ही पी एन एस हंगोर ने एक और टॉरपीडो दाग दिया और यह टॉरपीडो सीधा जाकर आई एन एस खुकरी में लगा । इस समय रात के 08 बजकर 45 मिनट हुए थे। आई एन एस खुकरी पर टॉरपीडो लगते ही उसमें सुराख़ हो गया। जहाज में तेजी से पानी भरना शुरू हो गया और जहाज डूबना शुरू हो गया। कैप्टन मुल्ला ने सभी नौसैनिकों को जल्द से जल्द लाइफ सेविंग जैकेट पहनकर अरब सागर में कूदने को कहा। उस वक्त जहाज के एक जवान के पास लाइफ सेविंग जैकेट मौजूद नहीं थी। कैप्टन मुल्ला ने उसे अपनी लाइफ सेविंग जैकेट पहनाकर पानी में धकेल दिया ताकि उसकी जान बच जाए। जहाज डूबता जा रहा था। ऐसे में कैप्टन मुल्ला जहाज के ऊपर एक सच्चे सैन्य कमांडर की तरह बेखौफ खड़े हो गए और वीरों की परंपरा का निर्वहन करते हुए अपने युद्धपोत के साथ माँ भारती के गोद में सदा सदा के लिए सो गए । 08 बजकर 50 मिनट पर हमारी नौसेना का यह जहाज समुद्र में पूरी तरह डूब गया। इस घटना में आई एन एस खुकरी के 176 नौसैनिक और 18 अधिकारी वीरगति को प्राप्त हुए, इनमें से 03 अधिकारी और 14 अन्य रैंकों के नौसैनिक उत्तर प्रदेश के थे। विभिन्न रैंकों के 67 नौसैनिक अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। कैप्टन मुल्ला ने अपने कर्तव्य को सर्वोपरि समझा और अपने साथी सैनिकों की परवाह आखिरी समय तक किया। उनके इस अद्वितिय साहसिक कार्य के लिए उन्हें 09 दिसम्बर 1971 को मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। 28 जनवरी 2000 को कैप्टन महेंद्र नाथ मुल्ला के सम्मान में भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा एक स्मारक डाक टिकट जारी किया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हड़पने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं।

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी अक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं।



ललित गर्ग

दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत



के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है। पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निर्माताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी। भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है।

दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग 'आर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दो' जैसे नारे लगाते नजर आए थे। वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला।

# अंतरराष्ट्रीय स्तरपर लोकसभा चुनाव की पारदर्शिता की सराहना

6-9 मई 2024 तक भारतीय चुनावी महापर्व के दौरान दौरे पर प्रसन्नता व्यक्त करने की करें तो, आम चुनाव 2024 में प्रत्यक्ष रूप से मतदान प्रक्रिया को देखकर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। जहां कुछप्रतिनिधियों ने पारदर्शिता की सराहना की, वहीं अन्य प्रतिनिधियों ने निर्वाचन आयोग की हरित मतदान केंद्र जैसी पहलों को प्रेरणादायक करार दिया। इन प्रतिनिधियों ने चुनावों में ईवीएम-वीवीपैट के रैंडमाइजेशन सहित दूसरी चुनावी प्रक्रियाओं में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग की भी सराहना की।

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र के गढ़ भारत में लोकसभा चुनाव महापर्व 19 अप्रैल से 1 जून तक शुरू है,जिसके नतीजे 4 जून को आने वाले हैं जिसपर पूरी दुनियांकी नज़रें लगी हुईहै।इस महापर्व का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन करने चुनाव आयोग ने अंतरराष्ट्रीय स्तरपर 23 देशों के 75 प्रतिनिधियों को तीसरे चरण 7 मई के मतदान का गवाह बनने आमंत्रित किया था जो 5 मई को नई दिल्ली पहुंचे थे तथा विभिन्न राज्यों का दौरा करने के लिए 6 राज्यों में मतदान प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखने 6 छोटे समूह में बनाकर इन प्रतिनिधियों ने 13 मतदान निर्वाचन क्षेत्रों में स्वयं जाकर मतदान केन्द्रों का दौरा किया जिसमें सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भारतीय चुनाव की प्रक्रिया आईईवीपी आम चुनाव के दौरान प्रदर्शित पारदर्शिता और विश्वसनीयता और समावेशिका देखकर अतिप्रसन्न हुए और तारीफों के पुल बांधे, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भारतीय लोकसभा चुनाव 2024 को सराहना मिल रही है। बता दें कि यह अंतराष्ट्रीय दल 5 मई को नई दिल्ली पहुंचा था तथा 6 से 9 मई तक भारतीय दौरे पर था,जिसमें तीसरे चरण के चुनाव की मतदान प्रक्रिया को बारीकी के साथ नजदीकी से देखा और भारतीय लोकतंत्र के महापर्व को देखकर मंत्रमुग्ध हुए। चुंकि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के भारतीय चुनावी प्रक्रिया देखने से अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भारतीय आम चुनाव 2024 को सराहना मिल रहीहै,इसलिए आज हम पीआईबी मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का भारतीय मतदाताओं की लोकतांत्रिक आदर्शों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता और अटूट विश्वास से प्रभावित होना गर्व की बात है।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों द्वारा 6-9 मई 2024 तक भारतीय चुनावी महापर्व के दौरान दौरे पर प्रसन्नता व्यक्त करने की करें तो, आम चुनाव 2024 में प्रत्यक्ष रूप से मतदान प्रक्रिया को देखकर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। जहां कुछप्रतिनिधियों ने पारदर्शिता की सराहना की, वहीं अन्य प्रतिनिधियों ने निर्वाचन आयोग की हरित मतदान केंद्र जैसी पहलों को प्रेरणादायक करार दिया। इन प्रतिनिधियों ने चुनावों में ईवीएम-वीवीपैट के रैंडमाइजेशन सहित दूसरी चुनावी प्रक्रियाओं में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग की भी सराहना की। प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि वे विशेष रूप से लोकतांत्रिक आदर्शों को मजबूत करने के प्रति भारतीय मतदाताओं की प्रतिबद्धता और उनके अटूट विश्वास से प्रभावित हुए हैं। कुल मिलाकर, इस दौरे पर आए इन देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के सदस्यों के बीच इस बात पर सर्वसम्मति थी कि भारत में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, समावेशी तथा सुलभ रही और यहां चुनाव उत्सव के मूड में होता है। ये प्रतिक्रियाएं अंतर्राष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम (आईईवीपी) के भाग के रूप में भारत आए




अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के अब तक के सबसे बड़े दल के हाल ही में संपन्न हुए आम चुनाव के तीसरे चरण को प्रत्यक्ष रूप से देखने के बाद आई। तीसरे चरण में 11 राज्यों, केंद्र-शासित प्रदेशों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ। इन प्रतिनिधियों ने 6 राज्यों, केंद्र-शासित प्रदेशों में तैयारी कार्य सहित मतदान का अवलोकन किया। उन्होंने देखा कि कैसे बड़ी संख्या में इंसानों और मशीनरी की इतने बड़े स्तर पर आवाजाही कराई जाती है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के तीसरे चरण का गवाह बनने 5 मई को भारत पहुंचने की करें तो, दुनिया भर के 23 देशों ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, चिली, फिजी,जॉर्जिया कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, मेडागास्कर, मालदीव, मंगोलिया, मोल्दोवा, नामीबिया, नेपाल, न्यू गिनी, फिलीपींस, रूस, सेशेल्स, श्रीलंका,ट्यूनीशिया,उज्बेकिस्तान और जिम्बाब्वे के प्रतिनिधि लोक सभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान का गवाह बनने के लिए 5 मई 2024 को नई दिल्ली पहुंचे। उनका उद्घाटन सत्र में भारत के निर्वाचन आयोग के साथ संवाद हुआ जिसकी अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ने की थी। इसमें दोनों चुनाव आयुक्त भी उपस्थित थे। इसके बाद इन प्रतिनिधियों को विभिन्न राज्यों जैसे कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, गोवा और मध्य प्रदेश का दौरा करने के लिए 6 छोटे समूहों में विभाजित किया गया। इस उद्देश्य के लिए इनप्रतिनिधियों ने 13 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का दौरा किया। इन राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने मतदान तैयारियों, लॉजिस्टिक्स और वेबकास्टिंग व्यवस्था को देखने के साथ-साथ मतदान से पूर्व मतदान अधिकारियों और पीठासीन अधिकारियों के साथ जुड़ने एवं मॉक पोल में शामिल होने, चुनाव के दिन यानें 7 मई 2024 को वास्तविक मतदान देखने और मतदाताओं के साथ बातचीत करने के लिए इन प्रतिनिधियों की यात्रा का आयोजन किया।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के 6 छोटे समूह में बटकर 6 राज्यों के तीसरे चरण 7 मई के मतदान निरीक्षण की डिटेल जानने की करें तो, कर्नाटक राज्य में कंबोडिया, ट्यूनीशिया, मोल्दोवा सेशेल्स और नेपाल केप्रतिनिधियों ने कर्नाटक में बेलगाम संसदीय क्षेत्र का दौरा किया और मतदान केंद्र के अंदर अधिकारियों व पीठासीन अधिकारियों से बातचीत की,मॉक पोल का अवलोकन किया, कमांड कंट्रोल सेंटर और मीडिया निगरानी केन्द्रों का दौरा किया। इन प्रतिनिधियों ने मॉक पोल, मतदान केंद्र के अंदर उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति तथा भागीदारी द्वारा दर्शायी गई पारदर्शिता की सराहना की। गोवा राज्य में,भूटान तथा मंगोलिया के प्रतिनिधियों और इज़राइल की एक मीडिया टीम ने गोवा में दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित व्यवस्थाएं देखी। वे भी मॉक पोल में शामिल हुए और उन्हें कमांड कंट्रोल सेंटर, मीडिया निगरानी केंद्रों, प्रेषण केंद्र आदि से अवगत कराया गया। भूटान के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और भूटान तथा मंगोलिया के चुनाव अधिकारियों ने चुनाव के संचालन में मतदान केंद्र के अंदर राजनीतिक दलों, मीडिया, उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों को शामिल करने में पारदर्शिता की सराहना की। विदेश से आए इन प्रतिनिधियों ने दिव्यांग के लिए तैयार किए गए मतदान केंद्रों और पिंक मतदान को देखकर प्रशंसा और आश्चर्य व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने ईवीएम-वीवीपैट के वितरण में सॉफ्टवेयर के उपयोग की सराहना की।मध्य प्रदेश राज्य में-मध्य प्रदेश गए 11 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय टीम में श्रीलंका और फिलीपींस के प्रतिनिधि शामिल रहे। इन प्रतिनिधियों ने भोपाल, विदिशा, सीहोर और रायसेन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का दौरा किया और लोक सभा चुनाव की चुनावी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। इन्होंने मतदाताओं से बातचीत कर उनमें उत्साह और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भारतीय नागरिकों की भागीदारी की सक्रियता देखी। इस दौरान मिले अपने अनुभवों को साझा करते हुए इन प्रतिनिधियों ने भारत में देखे गए जीवंत लोकतंत्र की खुलकर प्रशंसा की।

# संकुचित व षड्यंत्रकारी चुनावी विमर्श अत्यंत चिंतनीय

भाजपा विरोधी दलों ने यह बखूबी समझ लिया था कि ट्रस्ट गठन से लेकर प्राणप्रतिष्ठा तक का पूरा कार्यक्रम पूरी तरह राजनैतिक व अनैतिक है। इसी लिये जहां शंकराचार्यों ने इस आयोजन में शिरकत नहीं की वहीं विपक्षी दलों के नेताओं ने भी 22 जनवरी के इस राजनैतिक आयोजन से दूरी बनाये रखी। इतना ही नहीं बल्कि कई प्रमुख केंद्रीय मंत्री व भाजपाई मुख्यमंत्री भी अभी तक अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर दर्शन करने नहीं गए हैं। परन्तु भाजपा के निशाने पर केवल कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के नेता हैं।

विगत चार दशकों से भारतीय जनता पार्टी भगवान राम के नाम पर राजनीति कर स्वयं को स्थापित करने की कोशिश करती रही है। आख़िरकार धार्मिक ध्रुवीकरण व राम मंदिर की राजनीति ने उसे केंद्रीय सत्ता में आने में मदद की और यह भाजपा का लोकप्रिय मुद्दा बन गया। अब वही भाजपा इससे भी दो क़दम आगे बढ़कर जहाँ सर्वव्यापी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम को अपना निजी भगवान समझने लगी है वहीँ अपने विरोधी दलों को राम विरोधी तो राम द्रोही आदि प्रचारित कर रही है। इसी दल की एक सांसद यहाँ तक कह चुकी है कि जो हमारे साथ हैं वह रामज़ादे हैं और जो ख़िलाफ़ हैं वह हराम ज़ादे हैं। इसके साथ ही स्वयं बहुसंख्यकवाद की राजनीति करने वाली यही भाजपा अपने विरोधी दलों को अल्पसंख्यक परस्त व मुस्लिम तुष्टीकरण करने वाले दलों के रूप में पूरे ज़ोर शोर से प्रचारित कर रही है। अपने इस अनैतिक अभियान में वह वर्तमान चुनावी बेला में सार्वजनिक मंचों से जिन शब्दों व वाक्यों का इस्तेमाल कर रही है वह भारतीय राजनीति के इतिहास का अब तक का सबसे गिरा व निम्नस्तरीय चुनाव अभियान है। यह इस बात का भी परिचायक है कि अबकी बार चार सौ पार का हवाई नारा देने वाली भाजपा व इसके शीर्ष नेता समझ चुके हैं कि जनता अब उनके विघटनकारी मंसूबों को समझ चुकी है। और 400 पार की बात तो दूर इस बार तो उनकी सत्ता में वापसी पर भी प्रश्न चिन्ह लग चुका है।



निर्मल रानी

ग़ौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर अयोध्या स्थित विवादित मंदिर मस्जिद मुक़ददमे का निर्णय सुनाया गया। इसी फ़ैसले में केंद्र सरकार से एक ट्रस्ट बनाकर मंदिर निर्माण करने को कहा गया। यहाँ यह भी क़ाबिल-ए-ग़ौर है कि मंदिर-मस्जिद अदालती वाद परिवाद में मुद्दई के रूप में न तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ था न विश्व हिन्दू परिषद् न ही भाजपा। परन्तु केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार होने के नाते बड़ी ही चतुराई से ट्रस्ट के गठन से लेकर मंदिर निर्माण व उद्घाटन तक के इस पूरे प्रकरण का भाजपा द्वारा निजीकरण कर लिया गया। यहाँ तक कि 22 जनवरी 2024 को हुये मंदिर उद्घाटन के दौरान इसके प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक विधि विधान सम्बन्धी तौर तरीक़ों व समय को लेकर देश के चारों शंकराचार्यों सहित तमाम संतों महंतों द्वारा इसका कितना तार्किक विरोध किया गया। परन्तु उन सब की अनसुनी कर दी गयी। और मंदिर ट्रस्ट से लेकर इसके उद्घाटन तक को पूर्णतः भाजपाई इवेंट के रूप में पेश किया गया। और अब उसी आधार पर यह कहकर वोट माँगा जा रहा है कि जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे।



देश के चारों शंकराचार्य ही नहीं बल्कि हज़ारों वरिष्ठ संतों ने तथा भाजपा विरोधी दलों ने यह बखूबी समझ लिया था कि ट्रस्ट गठन से लेकर प्राणप्रतिष्ठा तक का पूरा कार्यक्रम पूरी तरह राजनैतिक व अनैतिक है। इसी लिये जहां शंकराचार्यों ने इस आयोजन में शिरकत नहीं की वहीं विपक्षी दलों के नेताओं ने भी 22 जनवरी के इस राजनैतिक आयोजन से दूरी बनाये रखी। इतना ही नहीं बल्कि कई प्रमुख केंद्रीय मंत्री व भाजपाई मुख्यमंत्री भी अभी तक अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर दर्शन करने नहीं गए हैं। परन्तु भाजपा के निशाने पर केवल कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के नेता हैं। भाजपा इसे लेकर ऐसे ऐसे दुष्प्रचार कर रही है ताकि वह किसी तरह कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के अन्य दलों व उनके नेताओं को राम विरोधी साबित कर सके। अफ़सोस की बात तो यह है कि कल के धर्मनिर्पेक्षतावादी जो आज भगवा रंग में रंग रहे हैं उनसे भी भाजपा यही कहलवा रही है कि कांग्रेस राम विरोधी है। और कांग्रेस अयोध्या मंदिर दर्शन करने का विरोध करती है।

जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेट अयोध्या दर्शन करने जा चुकी हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय रॉय पूरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ राम मंदिर जा चुके। सांसद दीपेंद्र हुडा, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जेसे तमाम कांग्रेस नेता 22 जनवरी के बाद अयोध्या जा चुके हैं। परन्तु कांग्रेस आला कमान ने किसी नेता से इस विषय पर कोई सवाल नहीं किया। क्योंकि कांग्रेस शुरू से यही मानती आ रही है कि धर्म व धर्म पालना किसी भी व्यक्ति का आस्था सम्बन्धी अत्यंत निजी विषय है। इसकी पालना करने या न करने का प्रत्येक व्यक्ति का अपना निजी अधिकार है। कांग्रेस ने न तो कभी राम के नाम पर वोट माँगा न ही राम के विरोध के नाम पर। परन्तु दुष्प्रचार की इंतेहा यह कि नरेंद्र मोदी स्वयं यह कह रहे हैं कि मैं लोकसभा चुनाव में 400 सीट इसलिए जीतना चाहता हूं कि ताकि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला ना लगा दे। कांग्रेस की चली तो कांग्रेस कहेगी कि भारत में जीने का पहला हक भी उसके वोट बैंक (मुसलमानों) का है। लेकिन जब तक मोदी ज़िंदा है, नक़ली सेक्युलरिज़्म के नाम पर भारत की पहचान मिटाने की कोई भी कोशिश मोदी सफल नहीं होने देगा, और ये हज़ारों वर्ष पुराने भारत को, उसकी इस संतान की गारंटी है। देश के प्रधानमंत्री के मुंह से निकला हुआ यह वाक्यविपक्षी दलों के लिये कितनी कुंठा से भरा व हताशा से परिपूर्ण प्रतीत होता है ?

आज देश मंहगाई, बेरोज़गारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, अमेरिकी डालर के मुक़ाबले भारतीय मुद्रा में आ रही अभूतपूर्व गिरावट, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, (पीएसयू) के चंद निजी हाथों में सौंपे जाने जैसे अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रहा है। परन्तु सरकार के पास इनका न तो कोई जवाब है न ही इनके समाधान की कोई नीति। 2019 का चुनाव इसी मोदी सरकार ने मुफ़्त राशन पाने वाले लाभार्थी मतदाताओं के दम पर जीत लिया था । इसबार वही लाभार्थी श्रेणी भी यह समझ चुकी है कि यह तो राशन पर उन्हें आश्रित बनाये रखने की सत्ता की एक गहरी चाल है। लिहाज़ा इसबार बड़ी ही बेशर्मी के साथ हिन्दू मुसलमान, राम मंदिर, मंगल सूत्र, भैंस, मछली, गाय, जिहाद जैसे मुद्दों को चुनावी विमर्श के बीच लाकर लड़ा जा रहा है। आश्चर्य की बात तो यह है कि यह बातें भाजपा के किसी दूसरे व तीसरे दर्जे के नेता द्वारा नहीं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जा रही हैं। जोकि देश के प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च गरिमामयी पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति की मान व प्रतिष्ठा के विरुद्ध है। और यह देश की बदनामी का भी कारक है। मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की इस तरह का संकुचित व षड्यंत्रकारी चुनावी विमर्श अत्यंत चिंतनीय है।

# माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल का 10 वीं एवं 12 वीं के छात्रों का रहा उत्कृष्ट परिणाम



■ छात्रों के माता-पिता एवं शिक्षकों ने छात्रों की उपलब्धि पर गर्व महसूस किया

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सी.बी.एस.ई.द्वारा जारी किए गए परीक्षाफल में माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल इटावा का प्रदर्शन हर वर्ष की भाँति इस बार भी शानदार रहा। स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा कशिश ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अम्बर राज द्वितीय स्थान और 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अनुष्का यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के छात्र अभय राठौर तथा छात्रा दिशा सिंह चौहान ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। शौर्य गुप्ता ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा आयुश यादव ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस क्रम में 12वीं कक्षा के 23 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। कक्षा 10वीं में 24 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये तथा 78 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम में शिक्षकों ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से व्यक्तिगत ध्यान देकर छात्रों की पढ़ाई में सहायता की। बच्चों की उत्कृष्ट सफलता में माता-पिता एवं अभिभावकों ने भी समर्थन दिया तथा उन्हें प्रोत्साहित करते रहे। परीक्षाफल आने के बाद विद्यालय में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्रों के माता-पिता एवं शिक्षकों ने छात्रों की उपलब्धि पर गर्व महसूस किया। कक्षा 12वीं में कला विषय में आकृति पटेल, आयुष यादव, तेजस्व शुक्ला तथा सौम्या सिंह ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ. विकास यादव, सलिल यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, प्रोग्राम हेड विनयशील पठानिया ने सभी मेधावियों को फूलमाला पहनाकर, मुँह मीठा कराते हुए उनका अभिनन्दन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उपस्थित माता-पिता ने अपने बच्चों की उपलब्धियों पर खुशी जाहिर की तथा विद्यालय के शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह सफलता छात्रों और पूरे विद्यालय परिवार के सतत प्रय प्रतिशत का फल है।

## पानकुंवर में मेधावियों का हुआ सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सीबीएसई की परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही जहां चहुं और छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई वहीं पर छात्र एक दूसरे से अपने रिजल्ट को बताते एवं दूसरे के रिजल्ट को पूछते दिखे। सोमवार को सीबीएसई द्वारा कक्षा 12 एवं कक्षा 10 का रिजल्ट घोषित किया गया। इस अवसर पर जैसे ही छात्र-छात्राओं को इसकी प्राप्त हुई वैसे ही उन्होंने मोबाइल, लैपटॉप एवं डेस्कटॉप द्वारा अपना रिजल्ट जानने का प्रयास किया। कुछ विद्यालयों ने भी अपने स्तर से छात्र-छात्राओं को सूचित कर उन्हें रिजल्ट की जानकारी दी तथा कॉलेज में बुलाकर उनका सम्मान किया। इसी कड़ी में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया तथा उन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि जिनके परिणाम आशा के अनुरूप नहीं आया है वह निराश हताश न हो तथा इस परिणाम को स्वीकार कर आगे के जीवन के बारे में धैर्य पूर्वक विचार कर पूरी लगन के साथ और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करें।

## ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय में बच्चों ने परचम लहराया। बच्चों के चौमुखी विकास के अखंड शंखनाद के बीच-शत प्रतिशत रिजल्ट देने वाला विद्यालय ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय में मंगलवार को मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया पूर्व सैन्य अधिकारी एवं सीनियर जनरल मैनेजर सत्यवीर सिंह यादव टोल प्लाजा अनंत राम ने बच्चों का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाई विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मुकुल कुमार सिन्हा शर्मिष्ठा ने शर्मिष्ठा ने साइंस में 89 प्रतिशत विवेक ने 88.5 प्रतिशततथा हृदयेंद्र 87.5 प्रतिशत प्राप्त किया जबकि 12 वीं वाणिज्य में निखिल 89.5 प्रतिशत तनुष्का 86 प्रतिशत एवं शिवसागर 82 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया कक्षा दसवीं में जयंत ने प्रथम स्थान पर रहकर 90 प्रतिशत और प्राप्त किया वही विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री अर्पित 89.5 प्रतिशत तथा कार्तिकेय 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मंगल अमृतसर अंशुल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में मीडिया प्रभारी वासिफ अख्तर खान रहे।

## इक्षित वर्मा प्रथम, मो. हाशिर द्वितीय व रौनक व वंशिका ने तृतीय स्थान पाकर सेंटमेरी का नाम रौशन किया

अवधनामा ब्यूरो



प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ व मैनेजर फादर बिन्सन सहित सेंटमेरी परिवार ने सभी मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इंटरमीडिएट के सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है

**इटावा।** सीबीएसई इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में इक्षित वर्मा 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, मो.हाशिर 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा रौनक व वंशिका ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर सेंटमेरी इन्टर कालेज का नाम रौशन किया। सेंटमेरी इंटर कालेज के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ व मैनेजर फादर बिंसन ने सीबीएसई इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि जाज़बिया हसन ने 94.6 प्रतिशत, लक्ष्य त्रिपाठी व मनताशा तैमूरी 94, अर्पिता दीक्षित 93.8, रिधिमा गोयल, आरना दिवाकर 93.6, शांभवी द्विवेदी 93.2, निशा 92.2, चिराग श्रीवास्तव 91.8, यश दुबे 90.8, अंशिका दुबे 90.6, शीरीन अनीश 90.4 व अरुण प्रताप सिंह यादव ने 90.2 प्रतिशत अंक पाकर सेंटमेरी का नाम रौशन किया है। प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ व मैनेजर फादर बिन्सन सहित सेंटमेरी परिवार ने सभी मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इंटरमीडिएट के सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

## माउण्ट लिट्रा के अभय और दिशा ने 95 प्रतिशत अंको के साथ कक्षा 12 में किया स्कूल टॉप



**इटावा।** सी.बी.एस.ई.द्वारा जारी किये गये परीक्षाफल में माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल का प्रदर्शन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार रहा। स्कूल के कक्षा 12 के छात्र अभय राठौर और छात्रा दिशा सिंह चौहान नें 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का और अपने माता-पिता का नाम रौशन किया। इसी के साथ शौर्य गुप्ता और आयुष गुप्ता ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। स्कूल के छात्र करन दुबे, रिचा, सौम्या सिंह, मोहिनी ने 92 प्रतिशत, तेजस्व शुक्ला, कुमारी लक्ष्यीका और चाहत ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। स्कूल के 13 बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। स्कूल के 95 छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, माता पिता के आर्शीवाद और अध्यापकों के मार्ग दर्शन को दिया। स्कूल के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन विकास यादव और प्रधानाचार्य पंकज शर्मा नें सभी बच्चों, उनके अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस मौके पर सलिल यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, विनयशील पठानिया नें बच्चों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक अभिनन्दन किया।

# कराटे प्रतियोगिता में कान्हा माखन मिलेनियम स्कूल ने मारी बाजी



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** ट्रेडिशनल शोतोकाई कराटे एसोसिएशन ऑफ मथुरा एवं फामा अकादमी के सहयोग से पांचवी जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन गौरी शंकर स्पोर्ट्स अकादमी में किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ में कान्हा माखन मिलेनियम विद्यालय के निदेशक ललित अग्रवाल ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता में मथुरा के विभिन्न विद्यालयों से प्रतिभाग करने पहुंचे सैकड़ों खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन के बल पर स्वर्ण रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किए। निर्णायक की भूमिका में राजीव सोनी, सुमित गौतम, कंचन रानी, विनित ठाकुर, शिवानी वर्मा, देवू आदि ने कार्यभार संभाला।

वहीं अन्य विद्यालयों में कान्हा माखन मिलेनियम स्कूल मथुरा, आर.पी.एस स्कूल कोसी,वृंदावन पब्लिक स्कूल, एक्सट्रीम मार्शल आर्ट्स अकादमी, मुख्य रूप से मौजूद रहे। सर्वोच्च प्रदर्शन दिखाते हुए प्रथम स्थान पर कान्हा माखन मिलेनियम स्कूल, द्वितीय स्थान पर हिमांश कराटे अकादमी कोसी कलां और तृतीय स्थान पर वृन्दावन पब्लिक स्कूल रहे।

सभी विजेता खिलाड़ी आगामी 9 जून 2024 को जी एल ए यूनिवर्सिटी में होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे जिसका आयोजन उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय मैराथन धावक अरुण कुमार सिंह आर्य संजय सैनी राकेश सैनी नरवीर डायरेक्टर मौजूद रहे।

# संतराम की अध्यक्षता में राज्य जैव ऊर्जा जिला समिति गठित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निर्देशानुसार उ.प्र. राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 जनपद स्तरीय गठित समिति के सदस्य सचिव/ उप निदेशक कृषि मथुरा सन्तराम की अध्यक्षता में खण्ड विकास अधिकारी नन्दगाँव के सभागार में आयोजित समन्वय बैठक में पराली एवं नेपियर घास की खेती हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा कृषको के मध्य आयोजन किया गया, जिसमें अजय कुमार वरिष्ठ परियोजना अधिकारी प्रथम उ.प्र. राज्य जैव ऊर्जा बोर्ड लखनऊ, एस.के.वर्मा परियोजना अधिकारी यूपी नेडा मथुरा, अश्वनी कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी मथुरा, खड़ग सिंह ए.डी.ओ. कृषि छाता, नरेन्द्र सिंह प्रभारी सहायक कृषि तथा मैसर्स अडानी ग्रुप के नवजोत सरदाना एवं चेतन द्वारा प्रतिभाग किया गया। कृषको पराली से जनमानस को होने वाली हानि के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए उप निदेशक कृषि द्वारा प्रकाश डाला गया। कृषको की आय में वृद्धि हो इसके लिए नेपियर घास की खेती हेतु कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसके बीज की उपलब्धता कृषको को सुनिश्चित करने हेतु मैसर्स अडानी ग्रुप द्वारा जनपद में क्रियाशील एजेन्सियों से समन्वय कर कृषको तक सामान्य पहुँच सके इस पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। नेपियर घास की खेती को मैसर्स अडानी ग्रुप के उक्त प्रतिनिधियों द्वारा प्रति कुन्तल की दर से दरो के निर्धारण हेतु यथा आवश्यक लिखित सूचना से अवगत कराने हेतु निर्देश दिये गये है। जिस पर मैसर्स अडानी ग्रुप के प्रतिनिधि नवजोत सरदाना एवं चेतन द्वारा कियाशील एजेन्सियों को कृषको के बीच में अधिक प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया।

# पत्रकार की हत्या के विरोध में रापसुप ने दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

■ पत्रकारों की सुरक्षा के लिए देश मै लागू हो कड़े कानून

■ तत्काल मिले परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी

**मथुरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने देश मैं संविधान के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया कर्मियों पर लगातार जानलेवा हमलों से राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मैं काफी रोष व्याप्त है। आगरा मंडल प्रभारी मनोज कुमार शर्मा और मथुरा संरक्षक के निर्देशानुसार मथुरा जिला कार्यालय पर मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी और मथुरा जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में देश की महामहिम राष्ट्रपति को देश मै पत्रकार सुरक्षा कानून का कढ़ाई से पालन कराने और देश मै पत्रकारों पर हो रहे भीषण जानलेवा हमलों मै तत्काल कार्यवाही कराते हुए पीड़ित पत्रकार परिवारों को तत्काल प्रभाव से 50 लाख रुपए की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी पद पर नौकरी दिलाने की मांग की। पत्रकार समाज और सरकार के कार्यों को जानता तक पहुंचाने के साथ साथ समाज में व्याप्त बुराइयों को भी उजागर करने का कार्य करता है जिसके लिए समाज विरोधी लोगों की दुश्मनी तक मोल ले लेता है जिसके परिणाम स्वरूप अपनी जान तक गवा देता है ऐसे मै अगर कोई कड़ा कानून पत्रकारों के और समाज विरीधियो के बीच सुरक्षा कवच के रूप मै रहता है तो कई हद तक इस तरह के हमलों मै कमी दिखाई देने लगेगी और पत्रकार बेबाक तरीके से अपनी बात को रखेगा जो सरकार और जनता के हित मैं होगा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने देश की महामहिम राष्ट्रपति से पत्रकारों के हित मैं अपना योगदान देने और कढ़ाई से पत्रकार सुरक्षा कानून देश मै लागू कराने की मांग की। जिला अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देने वालों में मथुरा जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष बी पी एस खुराना, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश आचार्य, गिरधारी लाल,मुकेश कुमार गुप्ता, प्रवीण कुमार मिश्रा, रविकांत, ठाकुर तेज सिंह, नंद किशोर शर्मा, राजू ठाकुर, बंटी कुमार, प्रतीक चतुर्वेदी, सोनम कुमारी, राज कुमार गुप्ता, सहित तमाम मथुरा जनपद के पत्रकार उपस्थित हुए। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा इस कार्य की सराहना करते हुए कहा समूर्ण देश में इस तरह का ज्ञापन जिला प्रशासन को भेजने की रूपरेखा तैयार की जाएगी और नई सरकार के गठन पश्चात प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंच कर सरकार को भी पत्रकार सुरक्षा कानून को कढ़ाई से देश मै लागू करने की मांग की जाएगी।

# बाबा हरदेव सिंह की तरह हर पल परमात्मा के प्रति समर्पित होकर जीवन जीयें

अवधनामा संवाददाता

■ समर्पण दिवस पर सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज का आह्वान

**मथुरा।** जब हम हर पल में निरंकार प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से अपना जीवन जीते चले जाते हैं तब वास्तविक रूप में मानवता के कल्याणार्थ हमारा जीवन समर्पित हो जाता है।समर्पण दिवस सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि जैसा प्रेमा-भक्ति से युक्त जीवन बाबा हरदेव सिंह जी ने हमें स्वयं जीकर दिखाया, वैसा ही सहज जीवन हम भी जीकर दिखाएं, यही समर्पण है।

निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में विश्वव्यापी समर्पण दिवस पर मथुरा के हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर एक आध्यात्मिक सत्संग आयोजित किया गया जहां मुख्य वक्ता महात्मा श्री विशम्भर निरंकारी जी तथा मथुरा के जोनल इंचार्ज संत श्री एच के अरोड़ा जी सहित सभी भक्तों ने बाबा हरदेल जी की सिखलाईयों का स्मरण करते हुए उनके विशाल जीवन को नमन किया, जबकि मुख्य आयोजन हरियाणा के समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में हुआ जिसमें मथुरा और दिल्ली एनसीआर सहित नजदीकी राज्यों से हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सम्मिलित होकर निरंकारी बाबा जी के परोपकारों को न केवल स्मरण किया अपितु हृदयपूर्वक श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

मानवता के मसीहा बाबा हरदेव सिंह जी की सिखलाईयों का जिक्र करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि बाबा हरदेव जी ने स्वयं प्यार की सजीव मूरत बनकर निस्वार्थ भाव से हमें जीवन जीने की कला सिखाई।

उन्होंने कहा कि जब परमात्मा से हमें सच्चा प्रेम हो जाता है तब इस मायावी संसार के लाभ और हानि हम पर प्रभाव नहीं डाल पाते क्योंकि तब ईश्वर का प्रेम और रज़ा ही सर्वोपरि बन जाते हैं। इसके विपरीत जब हम स्वयं को परमात्मा से न जोड़कर केवल इन भौतिक वस्तुओं से जोड़ लेते हैं तब क्षणभंगुर सुख-सुविधाओ के प्रति ही हमारा ध्यान केन्द्रित रहता है। जिस कारण हम इसके मोह में फंसकर वास्तविक आनंद की अनुभूति से प्रायः वंचित रह जाते है। वास्तविकता तो यही है कि सच्चा आनंद केवल इस प्रभु परमात्मा से जुड़कर उसकी निरंतर स्तुति करने में है जो संतों के जीवन से निरंतर प्रेरणा लेकर प्राप्त किया जा सकता है। यही भक्त के जीवन का मूल सार भी है। परिवार, समाज एवं संसार में स्वयं प्यार बनकर प्रेम रूपी पुलों का निर्माण करें क्योंकि समर्पण एवं प्रेम यह दो अनमोल शब्द ही संपूर्ण प्रेमा भक्ति का आधार है जिसमें सर्वत्र के कल्याण की सुंदर भावना निहित है।

इस मौके पर दिवगंत संत अवनीत जी की निस्वार्थ सेवा का जिक्र करते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि उन्होंने सदैव गुरु का सेवक बनकर अपनी सच्ची भक्ति एवं निष्ठा निभाई न कि किसी रिश्ते से जुड़कर रहे। समर्पण दिवस पर अनेक वक्तागणों ने बाबा हरदेव जी के प्रेम, करूणा, दया एवं समर्पण जैसे दिव्य गुणों को अपने शुभ भावों द्वारा विचार, गीत, भजन एवं कविताओं के माध्यम से व्यक्त किये। निसंदेह प्रेम के पुंज बाबा हरदेव सिंह जी की करूणामयी अनुपम छवि, प्रत्येक श्रद्धालु भक्त के हृदय में अमिट छाप के रूप में अंकित है और उनके इन उपकारो के लिए निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त सदैव ही ऋणी रहेगा।




इटावा। जीजीआइसी मतदान केंद्र पर सोमवार को वोट डालने के बाद अंगुली पर स्याही का निशान दिखाते सीडीओ अजय प्रकाश गौतम, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी अवनीश राय, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव व एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव।

# 01 से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन इन्टर्नशीप कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 01 जून 2024 से 30 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन इन्टर्नशीप प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है।उक्त जानकारी स्वेता श्रीवास्तव अपर ज़िला जज/सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण,इटावा ने दी।उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन इन्टर्नशीप के लिए इच्छुक विधि छात्रों के आवेदन पत्र चाहे गये है।आवेदन पत्र जमा करने/प्राप्त करने की अन्तिम तिथि दिनांक 25/05/2024 है।जो भी विधि छात्र ग्रीष्मकीलन इन्टर्नशिप करना चाहते है वह अपना आवेदन-पत्र कॉलेज के विभागाध्यक्ष से संस्तुति कराकर निर्धारित प्रारूप पर आवश्यक प्रपत्र संलग्न कर ई-मेल (dcagra@allahabadhighcourt.in),रजिस्टर्ड डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,आगरा के कार्यालय में जमा करा सकते है। जनपद इटावा के समस्त इच्छुक विधि छात्र अपने विधि कॉलेज अपने-अपने आवेदन पत्र दिनांक 25/05/2024 तक अपने विधि कॉलेज की संस्तुति द्वारा प्रत्येक दशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,आगरा के कार्यालय को उपरोक्त किसी भी माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।आवेदन पत्र के प्रारूप व अधिक जानकारी के लिये छात्र अपने विधि कॉलेज प्राचार्य अथवा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा से संपर्क कर सकते है।

## इंटरमीडिएट परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता पाई



**इटावा।** शहर के कटरा शाहब खां निवासी मसूद तैमूरी की बेटी मनतशा तैमूरी ने सीबीएसई इंटरमीडिएट की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार व सेंटमेरी कॉलेज का नाम रौशन किया है।मनतशा को मिली इस सफलता पर कॉलेज परिवार एवं उनके शुभचिंतकों ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सेंटमेरी इंटर कॉलेज में कामर्स विषय की छात्रा मनतशा ने बताया कि वह जज बनना चाहती है।मेधावी छात्रा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कॉलेज के प्रधानाचार्य व अध्यापकों के अलावा अपने माता-पिता को दिया है। होनहार छात्रा ने बताया कि उसकी इस सफलता के पीछे चार घंटे पढ़ाई करने के अलावा स्कूल से मिलने वाला मार्ग दर्शन है। उक्त जानकारी छात्रा के पिता मसूद तैमूरी ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद इटावा के अधिकारियों ने भी किया मतदान

**इटावा।** सोमवार को जनपद में हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा जीजीआईसी कॉलेज में जाकर मतदान किया गया एवं सभी नगर वासियों से यह अपील की गई की ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मत का प्रयोग करें एवं निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करें तथा महिलाओं को भी मतदान करने के लिए जागरूक करें। इस दौरान अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### वृंदावन के पेट्रोल पंप पर पड़ा छापा

**मथुरा।** वृंदावन में एकमात्र पेट्रोल पंप पर कई दिनों से लगातार मिल रही घटतौली की सूचना के चलते मंगलवार की दोपहर बांट माप अधिकारियों के द्वारा छापा मारा गया जिस दौरान कम तौल की चोरी पाए जाने पर दो मशीन सील कर दी गयी। बांट माप अधिकारी पवन यादव ने बताया कि कई दिनों से उनके पास इस पेट्रोल पंप के खिलाफ सूचना प्राप्त हो रही थी जिसके चलते आज इस पेट्रोल पंप पर छापा मारा गया है इसी क्रम में दो मशीनों में कम पेट्रोल मिलने के चलते उन को भी सील कर दिया गया है। उन्होंने ग्राहकों से भी जागरूक होने के लिए कहा है कि आज के समय में मशीन सेंसर युक्त हो गई है इसीलिए मशीनों से गड़बड़ी होने की आशंका कम होती है जो भी गड़बड़ी होती है वह सेल्समैन की तरफ से की जाती है इसीलिए जब भी पेट्रोल डलवाए तो सावधानी बरते।

### डोर टू डोर कूडा कलैक्शन-यूजर चार्ज की वसूली के आदेशः नगर आयुक्त

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा-वृन्दावन में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, शत प्रतिशत डोर टू डोर कूडा कलैक्शन एवं यूजर चार्ज की वसूली की समीक्षा बैठक नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा मंगलवार को जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा-वृन्दावन कार्यालय में ली गयी है। बैठक में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार जोनल सेनेटरी ऑफीसर जितेन्द्र सिंह सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा डोर टू डोर कूडा कलैक्शन कर रही संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि महानगर की आबादी के अनुरूप डोर टू डोर पूरा कलेक्शन और यूजर चार्ज संतोषजनक नहीं माना जा सकता। कूड़ा कलेक्शन करने वाली संस्था के पदाधिकारी को इस पर और प्रभावी तरीके से कार्य करना होगा। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को वार्डो में समुचित सफाई व्यवस्था रखने के साथ-साथ डोर टू डोर कूडा कलैक्शन के अन्तर्गत यूजर चार्ज की वसूली किये तथा डोर टू डोर कूडा कलैक्शन एवं ट्रांसपोर्टेसन का कार्य कर रही संस्था के प्रतिनिधि को नगर निगम के सभी 70 वार्डो में शत-प्रतिशत कूडा कलैक्शन करने हेतु निर्देशित किया गया।

अवधनामा
लखनऊ, बुधवार, 15 मई, 2024



# पंजाब किंग्स के खिलाफ प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने उतरेंगे रॉयल्स टीम



बुधवार को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए पंजाब किंग्स से टकराएगी। पंजाब की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। वहीं रियान पराग को अपने घरेलू फैंस से भव्य स्वागत की उम्मीद है। दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो 'घरेलू' मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था। प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के लिए सोशल मीडिया पर आलोचना झेलते रहे पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है। क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है। जब भी ऐसा होगा तब पराग सीनियर टीम की प्रतिष्ठित नीली जर्सी पहनने वाले पूर्वोत्तर के पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। यहां इस 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए समर्थन स्वाभाविक होगा और इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ संजू सैमसन और उनकी टीम को भी मदद मिलेगी। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र में शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम एकजुट होकर प्रभावी प्रदर्शन करने में विफल रही। सत्र के अधिकांश हिस्से से चोट के कारण कप्तान शिखर धवन की अनुपस्थिति ने मामले को और बिगाड़ दिया क्योंकि कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन कप्तानी करते हुए प्रभावी नजर नहीं आए। दूसरी तरफ कप्तान के रूप में सैमसन का कद बढ़ गया है और मौजूदा सत्र एक बल्लेबाज के रूप में उनका सर्वश्रेष्ठ सत्र होने की उम्मीद है। वह पहले ही 486 रन के साथ अपनी टीम के शीर्ष स्कोरर हैं। यशस्वी जायसवाल (344 रन) और जोस बटलर (359 रन) के स्तर को देखते हुए इस सलामी जोड़ी के लिए मौजूदा सत्र औसत रहा है लेकिन पराग और सैमसन ने सुनिश्चित किया है कि चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में बल्लेबाजी ठोस और निरंतर बनी रहे। रॉयल्स का सबसे मजबूत पहलू उनकी गेंदबाजी इकाई है जिसने लगभग पूरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। डेथे ओवरों में संदीप शर्मा का 8.07 का इकोनॉकी रेट और शुरुआती ओवरों में ट्रेंट बोल्ट का 8.38 का इकोनॉमी रेट टीम के लिए प्रभावशाली रहा है। रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की स्पिन जोड़ी ने भी प्रभावित किया है।

**टीम इस प्रकार हैं**

***पंजाब किंग्स:*** सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबादा , हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

***राजस्थान रॉयल्स:*** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

# हरमनप्रीत कौर ने की बड़ी भविष्यवाणी, कहा उम्मीद है भारत टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाएगा




भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम इस साल के टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली संभावित टीमों में से एक होगी। दरअसल, टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है।

वहीं हरमनप्रीत का मानना है कि परिस्थितियों से परिचित होने से भारतीय टीम को टूर्नामेंट जीतने में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट के नौवें सत्र के लिए भारत को छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, 2016 का चैंपियन वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं।

सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली टीमों के बारे में भविष्यवाणी करने के लिए कहे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उम्मीद है कि ये चारों सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। बता दें कि, भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में बांग्लादेश को 5-0 से हरा दिया था। हरमनप्रीत ने कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा (जिसका मैं सामना करने के लिए उत्सुक हूं) क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं। भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई प्रभुत्व को चुनौती दी है लेकिन इस टीम का वैश्विक प्रतियोगिताओं में हरमनप्रीत की टीम पर दबदबा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ-साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया।

ऑस्ट्रेलिया ने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा और मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हूं। हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की श्रृंखला में भारत की सफलता से उन्हें परिस्थितियों से अधिक परिचित होने का मौका मिला। साथ ही उन्होंने कहा, ''हां, यह कुछ हद तक भारत जैसा ही है और उम्मीद है कि इन परिस्थितियों में हमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।'' भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय से कड़ी प्रतिद्वंद्विता देखने को मिली है और यह हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। भारत ने 2023 टी20 विश्व कप के बाद से दो बार बांग्लादेश दौरान किया है। पिछले साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और वनडे श्रृंखला के लिए और फिर हाल ही में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए। विश्व कप में भारत के अब तक के अनुभव के बारे में हरमनप्रीत ने कहा, ''मुझे लगता है कि सभी आईसीसी प्रतियोगिताओं में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। एकमात्र चीज यह है कि हमने कई करीबी मैच गंवाए हैं। और इस बार उम्मीद है कि हम करीबी मैच जीत सकते हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

# प्लेआफ की दौड़ से बाहर गुजरात, केकेआर से मैच बारिश में धुला



गुजरात टाइटंस की इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ के लिये क्वालीफाई करने की उम्मीदों पर सोमवार को पानी फिर गया जब कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उसका 'करो या मरो' का मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। केकेआर के अब 13 मैचों में 19 अंक हैं और उसका शीर्ष दो में रहना तय है। वहीं गुजरात 13 मैचों में 11 अंक लेकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर है। लगातार बिजली कड़कने और हल्की बूंदाबांदी के कारण टॉस सात बजे नहीं हो सका। धीरे धीरे बारिश तेज होती चली गई। प्रति टीम पांच ओवर का मैच कराने के लिये कटआफ समय 10 बजकर 56 मिनट था लेकिन अधिकारियों ने लगातार हो रही तेज बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण मैच रद्द करने का फैसला किया जो आईपीएल के इस सत्र में पहली बार हुआ है। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को हराने के बाद केकेआर प्लेआफ में जगह बना चुका है। राजस्थान रॉयल्स 12 मैचों में 16 अंक लेकर दूसरे और गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स 13 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद 12 मैचों में 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू 13 मैचों में 12 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स तकनीक तौर पर अभी प्लेआफ की दौड़ में बना हुआ है जिसके 12 मैचों में 12 अंक है। दिल्ली कैपिटल्स 13 मैचों में 12 अंक के साथ दौड़ से बाहर है।

# 3 टीमों का सफर खत्म, 1 की प्लेऑफ में एंट्री, 3 स्थान के लिए 6 टीमों के बीच कांटे की टक्कर

आईपीएल 2024 में 13 मई तक 63 दिनों के अंदर कुल 53 मुकाबले खेले जा चुके हैं। अब तक कुल तीन टीमें इस सीजन से बाहर हो चुकी हैं, जिनमें पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस हैं। वहीं प्लेऑफ की रेस में अभी भी 6 टीमें हैं जबकि एक टीम कोलकाता नाइट राइडर्स प्लेऑफ का टिकट कटवा चुकी है।

13 मई को बारिश के कारण केकेआर और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला नहीं खेल जा सका। जिस कारण गुजरात टाइटंस बारिश के कारण मैच रद्द होने से बाहर हो गई है। ऐसे में अब कुल मिलाकर आईपीएल प्लेऑफ के 3 स्थानों के लिए 6 टीमों के बीच जंग है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने अब तक कुल 13 मैच खेले हैं, उसके अब तक कुल 12 प्वाइंट्स हैं। उसका नेट रन रेट 0.387 है। क्रष्ष्क्रको अपना मैच बेंगलुरु में चेन्नई सुपर किंग्स से 18 मई को चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला जीत कर लगातार पांचवीं जीत अपने नाम की। इसके साथ ही अब बेंगलुरु अगर चेन्नई को हरा देती है तो उसके 14 प्वाइंट्स हो जाएंगे। इससे उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने का मौका मिल सकता है, लेकिन इसके लिए उन्हें दूसरी टीमों के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स दोनों ही 16 प्वाइंट्स तक पहुंच सकते हैं, इससे आरसीबी बाहर हो जाएगी।

आरसीबी और चेन्नई सुपर किंग्स का मैच एक तरह से नॉकआउट है। आरसीबी को अपना नेट रन रेट चेन्नई से आगे ले जाने हैं तो उसे मैच 18 रन से जीतना होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स तब तक अपने दोनों मैच खेल चुकी होगी। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के पास एक मैच बचा होगा। इसका साफ मतलब है कि आरसीबी और चेन्नई दोनों के पास इस मामले की स्पष्टता होगी कि वे कहां मौजूद हैं।

रुतुराज गायकवाड़ की कप्तान में खेल रही चेन्नई सुपर किंग्स ने अब तक कुल 13 मुकाबले खेले हैं। इन 13 मैचों में उनके खाते में 14 प्वाइंट्स हैं। वहीं सीएसके का रनरेट 0.528 है। चेन्नई का अगला मैच आरसीबी के खिलाफ है। अंकों के मामले में चार टीमें उनसे आगे है। हालांकि, चेन्नई का



रन रेट अच्छा है, ऐसे में वह आखिरी मुकाबले में आरसीबी को हरा देती है तो वह टॉप 4 में शामिल हो जाएगी। अगर चेन्नई आरसीबी से हार जाती है तो उन्हें उम्मीद करनी होगी कि सनराइजर्स हैदराबाद या लखनऊ सुपर जायंट्स में से कम से कम एक 16 अंक से नीचे रहे। इसके अलावा उनकी हार का अंतर कम होना जरूरी होगा। ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि वे रन रेट में क्रष्ष्क्र से ऊपर रहे। अगर सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स दोनों 14 या उससे कम अंकों पर रहते हैं तो चेन्नई और आरसीबी दोनों के लिए 14 पर क्वालीफाई करना संभव है।

ऋषभ पंत की कप्तानी में खेल रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने अब तक कुल 13 मैच खेलकर 12 प्वाइंट्स अर्जित किए हैं। इसमें दिल्ली की टीम का नेट रन रेट -0.482 है। वहीं उनका एक मैच आज लखनऊ के खिलाफ ही है। दिल्ली हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु से काफी नीचे है। दिल्ली की टीम 14 प्वाइंट्स अर्जित कर सकती है, लेकिन इतने प्वाइंट्स के साथ उनका क्वालिफाई करना थोड़ा मुश्किल है। दिल्ली के लिए अच्छा मौका ये है कि अगर सनराइजर्स हैदराबाद को अपने दो मैचों में भारी हार का सामना करना पड़े, वहीं चेन्नई आरसीबी को हरा दे, लखनऊ एक से ज्यादा मैच ना जीत पाए और रन रेट में दिल्ली से नीचे रहे।

राजस्थान रॉयल्स के 12 आईपीएल मैच खेलकर अब तक कुल 16 प्वाइंट्स हैं। वहीं उसका नेट रन रेट 0.349 है। राजस्थान को अब तक दोनों ही मैच अपनी होम वेन्यू जयपुर में पंजाब किंग्स और केकेआर से खेलने हैं। राजस्था की टीम अपने पिछले तीन मैच लगाकार गंवा चुकी है। इसका मतलब है कि आरआर ने अभी तक अपना प्लेऑफ स्थान पक्का नहीं किया है। वहीं चार अन्य टीमें अभी भी 16 या उससे ज्यादा तक पहुंच सकती है, लेकिन उनमें से एक टीम लखनऊ है, जिसका रन रेट -0.769 है। इसकी अत्यधिक संभावना नहीं है कि वे दो मैच जीत के साथ भी राजस्थान की रन रेट को चुनौती देंगे। वहीं राजस्थान की टीम एक या दो जीत हासिल कर टॉप 2 में पहुंच जाएगी।

लखनऊ सुपर जांयट्स की उम्मीदें लखनऊ सुपर जांयट्स ने 12 मैच खेलकर 12 ही प्वाइंट्स हासिल किए हैं। लखनऊ की टीम का रनरेट 0.769 है। उसको दो मैच दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस से खेलने हैं। लखनऊ के खराब और निगेटिव नेट रन रेट का मतलब है कि उन्हें ढ्ढक्करु में बने रहने के रन रेट का मतलब है कि उन्हें आईपीएल में बने रहने के लिए 16 प्वाइंट्स हैं। अगर चेन्नई और दैराबाद सफर 16 प्वाइंट्स खत्म होता है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 12 मैच खेलकर 14 प्वाइंट्स हासिल किए हैं। उनका नेट रन रेट 0.406 है। उसके दो मैच आईपीएल से बाहर हो चुकी गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स से है। सनराइझर्स को ये दोनों ही मैच अपनी होम वेन्यू हैदराबाद में खेलने हैं। हैदराबाद का रन रेट 0.406 लखनऊ की तुलना में काफी बेहतर है। वहीं स्क्र॥ की टीम अगर अपने दोनों मैच जीत गई तो वह टॉप 2 में भी अपनी जगह पक्की सकती है। अगर वे दोनों मैच हार जाते हैं तो वे मुश्किल में पड़ सकते हैं क्योंकि चेन्नई और आरसीबी दोनों एनआरआर पर उनसे आगे रह नहीं सकते हैं। लखनऊ सुपर जांयट्स ने 12 मैच खेलकर 12 ही प्वाइंट्स हासिल किए हैं। लखनऊ की टीम का रनरेट 0.769 है। उसको दो मैच दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस से खेलने हैं। लखनऊ के खराब और निगेटिव नेट रन रेट का मतलब है कि उन्हें ढ्ढक्करु में बने रहने के रन रेट का मतलब है कि उन्हें आईपीएल में बने रहने के लिए 16 प्वाइंट्स हैं।

# एलएसजी के मालिक अथिया शेट्टी और केएल राहुल के विवाद के बाद अथिया शेट्टी ने शेयर किया पहला पोस्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी ने अपने पति क्रिकेटर केएल राहुल के आईपीएल तूफान का केंद्र बनने के कुछ दिनों बाद एक गुप्त पोस्ट साझा किया। पिछले हफ्ते, टूर्नामेंट के प्रशंसकों को तब करारा झटका लगा जब लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ बुरी हार के बाद टीम के कप्तान केएल राहुल पर चिल्लाए। एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें गोयनका और राहुल एनिमेटेड बातचीत कर रहे थे। कई लोगों का मानना था कि एलएसजी मालिक राहुल को सचेत कर रहे थे।

जहां प्रशंसकों ने इस व्यवहार के लिए गोयनका की आलोचना की है, वहीं न तो सुनील शेट्टी और न ही अथिया शेट्टी ने घटनाओं पर कोई टिप्पणी की है। हालाँकि, सोमवार को, अथिया ने एक पोस्ट साझा की, जिसमें तूफान के बाद की शांति के बारे में बात की गई थी। अथिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर बादलों से भरे



आसमान के बीच चमकते सूरज की एक तस्वीर साझा की और लिखा, तूफान के बाद की शांति।

हालाँकि राहुल ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है, एलएसजी के सहायक कोच लांस क्लूज़नर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनके आगामी मैच से पहले विशेष क्षण पर अपने विचार साझा किए। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने दोनों के बीच हुई बातचीत पर दिलचस्प राय व्यक्त की। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीटीआई ने उनके हवाले से कहा, मुझे दो क्रिकेट प्रेमियों के बीच मजबूत चर्चा में कोई समस्या नहीं दिखती। हमारे लिए यह चाय के प्याले में आया तूफ़ान है। यह हमारे लिए कोई बड़ी बात नहीं है÷।

इस बीच केएल राहुल को भी टी20 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा नहीं चुना गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम सीरीज के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार है। लगभग पांच साल तक डेट करने के बाद अथिया ने 2023 में राहुल से शादी की। शादी खंडाला में सुनील शेट्टी के फार्महाउस पर हुई, जिसे एक करीबी समारोह में मनाया गया। पिछले साल इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट कर अपनी शादी को सार्वजनिक किया था। अपने साझा पोस्ट में, उन्होंने व्यक्त किया, आपकी रोशनी में, मैं प्यार करना सीखता हूंज आज, अपने सबसे प्रियजनों के साथ, हमने घर में शादी कर ली है, जिससे हमें बहुत खुशी और शांति मिली है। कृतज्ञता और प्यार से भरे दिल के साथ, हम एकजुटता की इस यात्रा पर आपका आशीर्वाद चाहते हैं।

# पुरानी यादों में खोई जीनत, डिस्क्लेमर के साथ साझा की धूम्रपान की तस्वीर, डिंपल के लिए कही यह बात

बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जीनत अमान इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव दिखाई देती हैं। अक्सर वे पुराने दिनों को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम से कई पोस्ट को साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, जीनत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर डिंपल कपाड़िया के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा की है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

जीनत अमान ने एक बार फिर यादों का पिटारा खोला है। अभिनेत्री ने पुरानी यादों को ताजा करने के लिए डिंपल कपाड़िया के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर साझा की है। ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में अभिनेत्री सिगरेट पी रही हैं और डिंपल और फिल्म निर्माता जॉय मुखर्जी उन्हें देख रहे थे। थ्रोबैक के



साथ अपने लंबे कैप्शन में, जीनत ने न केवल डिंपल के बारे में बात की, बल्कि प्रशंसकों से तस्वीर में उनके धूम्रपान से प्रभावित न होने के लिए भी कहा।

अभिनेत्री ने तस्वीर साझा करते हुए इसके कैप्शन में लिखा, मुझे याद नहीं आ रहा कि यह तस्वीर कहां ली गई थी, लेकिन इसका फिल्म छैला बाबू से कुछ लेना-देना है। शायद यह सेट से बीटीएस शॉट है। मैं ऐसा इसलिए कह रही हूं क्योंकि जहां कुर्सियां प्रोडक्शन चिल्ला रही हैं, वहीं मैं फिल्म के ड्रेस में नहीं बल्कि अपने कपड़ों में हूं। मेरे साथ फिल्म के निर्देशक जॉय मुखर्जी और डिंपल कपाड़िया भी हैं, जो अभिनेता राजेश खन्ना से शादी होने के कारण सेट पर आती रही होंगी।

# इंद्रेश मलिक उर्फ उस्तादजी ने शर्मिन सहगल के साथ काम करने के बारे में बात की, बहुत मस्ती मारी

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी को काफी अलग-अलग तरह की समीक्षा मिली है। यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है और सबसे अधिक ट्रेंडिंग में से एक है। भले ही हीरामंडी को काफी आलोचना मिली हो, लेकिन वेब सीरीज टॉप 10 ट्रेंडिंग लिस्ट में है। यह एक मल्टी-स्टारर वेब सीरीज़ है जिसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख अहम भूमिका निभा रही हैं। इंद्रेश मलिक उस्तादजी की भूमिका निभाते हैं और वह प्रभावशाली लोगों में से एक हैं। बॉलीवुडलाइफ के साथ एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में उन्होंने हीरामंडी और कलाकारों के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया।

इंटरव्यू के दौरान, इंद्रेश मलिक ने हीरामंडी में आलमजेब की भूमिका निभाने वाली शर्मिन सहगल के साथ बिताए मजेदार समय के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उन्होंने साथ में खूब मौज-मस्ती की क्योंकि वे फलों और सब्जियों के बारे में चर्चा करते थे। उन्होंने मजाक करते हुए कहा कि वे सब्जियों और फलों से बात करेंगे। वे आम से बात करते और कहते कि वे इसे कल खाएंगे क्योंकि यह पक जाएगा।

उन्होंने आगे कहा, हम शिमला मिर्च के रंगों को लेकर बात करते हैं कि हरी शिमला मिर्च



अच्छी वाली होती है, पीली थोड़ी जलन वाली होती है और लाल वाली गुस्से वाली होती है। उन्होंने कहा कि उनके निर्देशक उनकी बातचीत सुनकर हंसते रहेंगे। उसी साक्षात्कार में, उन्होंने यह भी साझा किया कि वह संजय लीला भंसाली के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और कैसे सोनाक्षी सिन्हा ने उन्हें सेट पर असहज कर दिया था।

हीरामंडी स्वतंत्रता-पूर्व युग में लाहौर की तवायफों की कहानी बताती है। यह सब शक्ति और दिमाग के खेल के बारे में है। सीरीज में शेखर सुमन, अध्ययन सुमन, तारा शाह बदुसा भी अहम भूमिका में हैं। जहां सीरीज की भव्यता को लोगों ने पसंद किया है, वहीं संजय लीला भंसाली को कई कारणों से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें इस बात के लिए बुलाया गया है कि हीरामंडी को श्रृंखला में कैसे दिखाया गया है, जैसा कि सोशल मीडिया पर कई लोगों ने बताया है। शर्मिन सेगल को उनकी एक्टिंग के लिए काफी आलोचना भी मिली है। इन सबके बावजूद, हीरामंडी को नेटफ्लिक्स पर व्यापक पहचान मिली है और यह वर्तमान में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली हिंदी वेब श्रृंखला में से एक है।

# राम पोथिनेनी की डबल आईस्मार्ट के टीजर के रनटाइम से उठा पर्दा, फिल्म के नए पोस्टर ने मचाई धूम

साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल आईस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया था। उन्होंने ट्रेलर की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया था। वहीं, अब उन्होंने टीजर के रनटाइम का खुलास ा किया है।

निर्माता फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए टीजर रिलीज का भी खुलासा किया था। निर्माताओं ने घोषणा की थी कि है कि फिल्म का टीजर 15 मई, 2024 को लॉन्च किया जाएगा। इस दिन अभिनेता राम पोथिनेनी का जन्मदिन भी है। वहीं अब टीजर सेंसर बोर्ड से पास हो चुका है और निर्माताओं ने इसकी अवधि का भी खुलासा किया है।

फिल्म का टीजर वीडियो 85



सेकंड का होगा। निर्माताओं ने एक्स अकाउंट पर एक नोट साझा करते हुए टीजर के बारे में अपडेट दिया। उन्होंने लिखा, उस्ताद राम पोथिनेनी के आगमन का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाइए। डबल आईस्मार्ट दोगुना मैडनेस की खुराक, टीजर के 85 सेकंड लोड हो रहे हैं। डबल आईस्मार्ट का टीजर कल 15 मई को रिलीज हो रहा है। क्या आप तैयार हैं। इससे पहले टीजर की रिलीज डेट का एलान करते हुए निर्माताओं ने नया पोस्टर भी जारी किया था, जिसमें अभिनेता के किरदार की नई झलक देखने को मिली थी। डबल आईस्मार्ट के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाथ और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग कुछ दिन पहले मुंबई में शुरू हुई थी। इस हाई-वोल्टेज एक्शन एंटरटेनर के लिए हॉलीवुड सिनेमैटोग्राफर जियानी जियानेली भी काम कर रहे हैं। डबल आईस्मार्ट तकनीकी रूप से बड़े बजट पर बनाया जा रहा है। निर्माता जल्द ही फिल्म के अन्य कलाकारों और क्रू का खुलासा करेंगे। इस हाई-बजट मनोरंजक फिल्म की शूटिंग वर्तमान में मुंबई में हो रही है, जिसमें प्रमुख कलाकार भाग ले रहे हैं। टीम जल्द ही फिल्म रिलीज करने की योजना बना रही है, इसलिए वे लगातार इससे जुड़ी कई जानकारियां साझा कर रहे हैं।

## स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में 30 घंटे बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं: भाजपा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर हुई मारपीट के मामले में



भारतीय जनता पार्टी मुखर हो गई है। आम आदमी पार्टी की ओर से घटना को स्वीकार किए जाने के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाने पर लेते हुए पूछा है कि 30 घंटे बीत जाने पर भी अबतक विभव कुमार पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि मामला बेहद गंभीर है और आम आदमी पार्टी कह रही है कि इस पर संज्ञान लिया गया है। यह आम आदमी पार्टी की संवदेनहीनता दर्शाती है। घटना के तुरंत बाद ही पुलिस को बुलाया जाना चाहिए था। राजनीतिक दवाब के कारण स्वाति मालीवाल चुप हैं और मामले को दबाया जा रहा है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। विभव कुमार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बेहद करीबी हैं। उन पर कार्रवाई नहीं हो सकती। वे मुख्यमंत्री के घोटालों के राजदार हैं। उधर, महिलाओं की आवाज उठाने वाली स्वाति मालीवाल भी अपना राजनीतिक नफा-नुकसान देख रही हैं। उन्हें इस पर खुलकर बात रखनी चाहिए। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने घटनाक्रम के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दोषी ठहराया है। उनका कहना है कि पुलिस को की गई कॉल में स्वाति मालीवाल ने स्वयं कहा था कि उनके साथ मुख्यमंत्री के कहने पर मारपीट की गई है। आम आदमी पार्टी कह रही है कि मुख्यमंत्री कार्रवाई करेंगे। आपराधिक मामले में मुख्यमंत्री कैसे कार्रवाई करेंगे, यह पुलिस का काम है।

# छत्तीसगढ़: बीजापुर में 30 नक्सलियों ने किया समर्पण, 9 पर घोषित था 39 लाख का इनाम

**बीजापुर। (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सशस्त्र बलों और पुलिस की ओर से जारी नक्सली उन्मूलन अभियान का असर अब साफ नजर आ रहा है। इसी क्रम में बीजापुर जिले में मंगलवार को 30 नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक और अन्य सुरक्षाबलों के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों में से 9 इनामी हैं, जिन पर कुल मिलाकर 39 लाख रुपये का इनाम घोषित था। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 202, 210 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 168, 85, 222वीं वाहिनी द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासों का आज सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप महानिरीक्षक एस.के. मिश्रा, बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, केरिपु की 222वीं बटालियन कमांडेंट विनोद मोहरिल तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष नक्सली संगठन के मिलिट्री कंपनी नम्बर 02 के पीपीसीएम, प्लाटून नम्बर 32 के



पीपीएसएम, पीएलजीए बटालियन नम्बर 01 के सदस्य, प्लाटून नम्बर 04 के सदस्य, जनतानार सरकार अध्यक्ष, डीएकेएमएस अध्यक्ष सहित 30 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनके उत्साहवर्धन के लिए शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपये नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2024 में अब तक 180 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं जबकि 76 नक्सलियों ने अब तक आत्मसमर्पण किया है। पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सलियों में मिटकी ककेम ऊर्फ सरिता( 35 वर्ष, 8 लाख का इनामी नक्सली, मुरी मुहंदा ऊर्फ सुखमति 32 व, 8 लाख का इनामी माओवादी, रजिता वेट्टी ऊर्फ रामे 24 वर्ष, 5 लाख का इनामी नक्सली, देवे कोवासी 24 वर्ष, 5 लाख का इनामी माओवादी शामिल हैं। इसी तरह सीनू पदम ऊर्फ चिन्ना 27 वर्ष, 5 लाख का इनामी नक्सली,आयता सोढ़ी 22 वर्ष, 5 लाख की इनामी नक्सली, आयतु कारम 50 वर्ष, 1 लाख का इनामी माओवादी, मुन्ना हेमला ऊर्फ चन्दू 35 वर्ष, 1 लाख का इनामी नक्सली आयतु मिड़ियम ऊर्फ वर्गेश 38 वर्ष, 1 लाख का इनामी नक्सली तथा नक्सली सन्नू कारम ऊर्फ डोरा पिता आयतू कारम 24 ने आज आत्मसमर्पण किया है। शेष आत्मसमर्पित नक्सलियों में नक्सली बामन कारम 22 वर्ष, नक्सली सुखराम कारम 36 वर्ष, नक्सली मनकू ताती 35 वर्ष, नक्सली मुन्ना पोटाम ऊर्फ मुकेश 40 वर्ष, नक्सली सन्तू हेमला 23 वर्ष, नक्सली राहुल हेमला ऊर्फ छोटू 25 वर्ष, नक्सली सुखराम ऊर्फ सुरेश कारम 30 वर्ष, नक्सली मोटू हेमला 27 वर्ष, नक्सली मोटू कवासी 27 वर्ष, नक्सली रमेश हेमला 22 वर्ष, नक्सली लक्खू कोरसा 25 वर्ष, नक्सली नंदू कुरसम 21 वर्ष, नक्सली सोमलू कड़ती ऊर्फ दिवाकर 40 वर्ष, नक्सली सोमलू ताती 45 वर्ष, नक्सली संतोष पदम 19 वर्ष, नक्सली गुडडी हपका 26 वर्ष, नक्सली ज्योति लेकाम 29 वर्ष, नक्सली सोनू कुड़ियम 21 वर्ष, नक्सली राजेश कोरसा 28 वर्ष तथा नक्सली लखमू पल्ले ऊर्फ लखू 30 वर्ष शामिल हैं।

## सत्ता का दुरुपयोग कर रही है भाजपा : सचिन पायलट



**रायबरेली (हि.स.)।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि बीजेपी सत्ता का खूब दुरुपयोग कर रही है,जिसके लिए यहां सिंगल और डबल इंजन दोनों लगाए गए हैं। सभी तरह के संसाधनों का इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन कुछ भी काम नहीं कर रहा है, लोग पहले ही मन बना चुके हैं। यह बातें पायलट मंगलवार को राहुल गांधी के समर्थन में आयोजित जनसभा के बाद पत्रकारों से कही।

उन्होंने कहा कि रायबरेली का यह चुनाव धर्म और बिरादरी से आगे जा चुका है। यह अब भविष्य का चुनाव है और रायबरेली के लोग राहुल गांधी को आशीर्वाद देने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि रायबरेली की जनता 20 मई को राहुल गांधी को भारी मतों से जिताएगी। सचिन पायलट ने कहा कि रायबरेली में एकतरफा चुनाव है,यहां से राहुल गांधी रिकॉर्ड मतों से जीत कर आएंगे। रायबरेली की जनता राहुल गांधी को जिताना चाहती है। सचिन पायलट के अनुसार राहुल गांधी के चुनाव लड़ने से न केवल रायबरेली में बल्कि पूरे प्रदेश में इंडी गठबंधन को मजबूती मिल रही है। रायबरेली के लोग यहां मन बना कर बैठे हैं कि राहुल गांधी को जिताना है और पूरे देश की निगाह इस चुनाव पर है।इसके पहले सचिन पायलट ने कई नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया और गावों में जाकर जनसंपर्क किया। उनके साथ राजस्थान से आये कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## संजय सिंह ने स्वीकार किया- मुख्यमंत्री आवास पर हुई स्वाति मालीवाल से मारपीट

**नई दिल्ली (हि.स.)।** नई दिल्ली। के मुख्यमंत्री आवास पर पार्टी नेता और सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट के मामले में पहली बार आम आदमी पार्टी (आआपा) की ओर से बयान आया है। पार्टी के नेता संजय सिंह ने मारपीट की बात को स्वीकारा है और कहा है कि मुख्यमंत्री इस मामले में गंभीर हैं और सख्त कार्रवाई की जाएगी।



आआपा सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में स्वाति मालीवाल के मामले पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि कल महिला सांसद मुख्यमंत्री आवास पर आयीं थीं। वे ड्राइंग रूम में इंतजार कर रहीं थीं। तभी विभव कुमार ने आकर स्वाति मालीवाल से बदतमीजी और अभद्रता की। यह निंदनीय घटना है। अरविंद केजरीवाल ने घटना का संज्ञान लिया है और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने कल पहले फोन पर फिर पुलिस से मौखिक शिकायत की थी कि दिल्ली मुख्यमंत्री आवास में उनके साथ मारपीट हुई है। पुलिस ने मामले की पुष्टि की थी। दिल्ली पुलिस ने रोजनामचा में स्वाति मालीवाल की शिकायत दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने कहा, मैं अभी सीएम के घर पर हूं। उन्होंने अपने पीए वैभव कुमार से मुझे बुरी तरह पिटवाया है। हांलाकि स्वाति मालीवाल ने अब तक लिखित शिकायत नहीं दी है। दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि वे इस घटना की निंदा करते हैं और पूरी घटना की जांच की मांग करते हैं। किसी भी महिला के साथ इस तरह का बर्ताव होने पर उसे न्याय मिलना चाहिए।

## भाजपा प्रत्याशी ने राहुल गांधी के ख़िलाफ़ चुनाव आयोग से की शिकायत

**रायबरेली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करते हुए वैधानिक कार्यवाही की मांग की है। भाजपा प्रत्याशी ने मंगलवार को पत्रकारों से बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता गांव-गांव एक गारंटी कार्ड वितरित कर रहे हैं। उसमें मतदाता से हस्ताक्षर करवाया जाता है और साथ ही कांग्रेस का कार्यकर्ता भी हस्ताक्षर कर देता है। यह सीधे तौर पर मतदाताओं को प्रलोभन देने का तरीका है। जो कि आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि इसके ख़िलाफ़ उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत की है। हालांकि कांग्रेस के लोगों की इस क़वायद का कोई मतलब नहीं क्योंकि सरकार तो भाजपा की ही बन रही है।

## साहस और आस्था की चारधाम यात्रा, देश-दुनिया को करा रही अविस्मरणीय अनुभव

**केदारनाथ/देहरादून (हि.स.)।** देवभूमि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, यह साहस और रोमांचभरी आस्था की यात्रा भी है। प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिक सुकून और सकारात्मक ऊर्जा कठिन यात्रा कर पहुंचे तीर्थयात्रियों की थकान को मिटा देती है। इस बार चारधाम 10 मई से शुरू हुई है। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष चारधाम यात्रा आस्था के सम्मान के साथ सुरक्षित और सुखद हुई है। ऐसे में चारधाम यात्रा इस बार देश-दुनिया को अविस्मरणीय अनुभव करा रही है।


चारधाम तीर्थयात्रियों को सरल सुगम दर्शन हो और बेहतर सुविधाएं मिलें। इसके लिए उत्तराखंड सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। खास बात यह है कि इस बार न बर्फबारी तीर्थयात्रियों के हौसलों को तोड़ पाएंगी और न मानसून की बौछारें मार्ग में बाधा बनेंगी। चारधाम दर्शन के लिए हर वर्ष देशभर से लाखों तीर्थयात्री यहां पहुंचते हैं। यात्रा में स्वास्थ्य जांच के बाद ही तीर्थयात्रियों को ऊपर भेजा जाता है,

**थकान**

**प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिक सुकून और सकारात्मक ऊर्जा मिटा देती है तीर्थयात्रियों की थकान**

लेकिन कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस क्षेत्र में आक्सीजन की कमी और अत्यधिक ठंड के कारण सामान्य स्वास्थ्य के बावजूद जीवन संकट में पड़ जाता है। सीधी चढ़ाई श्रद्धालुओं के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होती है। हालांकि शासन-प्रशासन ने जगह-जगह पर टेंट लगाकर डॉक्टरों और रेस्क्यू टीम की तैनाती की है। इससे चारधाम यात्रा पहले से अधिक सुरक्षित और सुखद हुई है। चारधाम यात्रा में देश ही नहीं, दुनिया भर से यात्री आ रहे हैं।

चारधाम यात्रा को हिंदू धर्म में



अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह यात्रा न केवल चारों धामों के दर्शन का बल्कि आत्मिक जागरण का भी अवसर प्रदान करती है। ऐसा माना जाता है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति के पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पवित्र हिमालय की वादियों में प्रकृति की सुंदरता के बीच धार्मिक स्थलों के दर्शन से मन को शांति और आत्मिक सुख प्राप्त होता है। यात्रा के दौरान ध्यान और मंत्र जप करने से व्यक्ति को आत्मिक जागरण का अनुभव हो सकता है। धामों के दर्शन और पूजा-अर्चना करने से ईश्वर के प्रति आस्था और समर्पण भाव मजबूत होता है। यात्रा के दौरान कठिन रास्तों को पार करते हुए कर्मों के महत्व का भी बोध होता है।

केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर रुद्रप्रयाग जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई हैं। अधिशासी अभियंता जल संस्थान अनीश पिल्लई ने बताया कि केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों के लिए केदारनाथ धाम तक समुचित पेयजल व्यवस्था की गई है। सोनप्रयाग से यात्रा मार्ग पर 78 स्टैंड पोस्ट लगाए गए हैं। छह टैंक टाइप के स्टैंड पोस्ट भी स्थापित हैं। तीन स्थानों पर वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। इसमें सीतापुर, सोनप्रयाग एवं गौरीकुंड शामिल है। रुद्रप्रयाग जनपद की सीमा से लेकर सोनप्रयाग तक विभिन्न स्थानों पर 175 हैंडपंप स्थापित किए गए हैं। घोड़े-खच्चरों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था के लिए गौरीकुंड घोड़ा पड़ाव से केदारनाथ घोड़ा पड़ाव तक 39 चरहियां बनाई गई हैं। घोड़े-खच्चरों के लिए 13 स्थानों पर गीजर लगाकर गर्म पानी की व्यवस्था की गई है। सुलभ इंटरनेशनल के इंचार्ज धनंजय पाठक ने बताया कि यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक श्रद्धालुओं के लिए समुचित शौचालय की व्यवस्था है। सोनप्रयाग से लेकर केदारनाथ पैदल मार्ग में 82 स्थानों पर सुलभ शौचालय हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में 135 सुलभ शौचालय हैं। शौचालय की सफाई व्यवस्था के लिए 74 पर्यावरण मित्र तैनात हैं। वहीं सीतापुर पार्किंग से लेकर केदारनाथ धाम तक साफ-सफाई के लिए 400 पर्यावरण मित्र लगाए गए हैं।

## अब एकीकृत समाजवादी पार्टी ने भी नेपाल सरकार से समर्थन वापस लेने का संकेत दिया

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल के सत्तारूढ़ गठबंधन में असंतोष बढ़ता जा रहा है। सरकार के घटक दल ही इस गठबंधन के बारे में विरोधी बयान देने लगे हैं। अभी हाल ही में एक सत्तारूढ़ दल का विभाजन होने के बाद अब दूसरे एकीकृत समाजवादी पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस लेने का संकेत दिया है।

प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के नेतृत्व में वर्तमान सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल एकीकृत समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल ने कहा है कि गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के केन्द्रीय कमेटी की बैठक में माधव नेपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचंड और केपी शर्मा ओली की तरफ से गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया जा रहा है। हाल ही में जनता समाजवादी पार्टी के विभाजन के लिए प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली को दोषी बताते हुए माधव नेपाल ने कहा कि दुनिया के राजनीतिक इतिहास में ऐसा कम होता है, जब प्रधानमंत्री अपने ही सत्तारूढ़ घटक दल का विभाजन करवाकर अपने मंत्रियों को बाहर निकालते हैं।

माधव नेपाल ने यह भी कहा कि जनता समाजवादी पार्टी (जसपा) के विभाजन के बाद अब प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली मिल कर उनकी पार्टी के विभाजन का षड्यन्त्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन में सहमति बनी थी कि सात में से तीन प्रदेश एमाले, दो प्रदेश माओवादी और एक-एक प्रदेश जसपा और उनकी पार्टी को मिलेगा। एमाले और माओवादी पार्टी प्रदेश में अपनी सरकार बना चुकी है लेकिन जसपा की सरकार गिरा दी गई और अब एकीकृत समाजवादी की सरकार गिराने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद सुदूर पश्चिम की सरकार अपना विश्वास मत लेने वाली है लेकिन ओली की पार्टी ने विश्वास का मत नहीं देने का संकेत किया है।

माधव नेपाल ने कहा कि यदि सुदूर पश्चिम प्रदेश में उनकी पार्टी के नेतृत्व की सरकार गिरती है तो काठमांडू में गठबंधन में बने रहने का कोई मतलब नहीं है। माधव नेपाल ने कहा कि हमारी पार्टी को इस गठबंधन से बाहर निकालने का पूरा माहौल बनाया जा रहा है। दो दिन में अगर उनकी प्रदेश सरकार को समर्थन नहीं मिला तो वैकल्पिक गठबंधन को लेकर विचार किया जाएगा।

## दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों के 11 स्थानों पर एसआईए ने ली तलाशी

**श्रीनगर (हि.स.)।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां में 11 स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान जांच से संबंधित मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज सहित विभिन्न लेखों को जब्त किया गया है।

एसआईए ने कहा कि ये तलाशी 17 अप्रैल, 2024 को जबलीपोरा, बिजबिहाड़ा में गैर स्थानीय स्ट्रीट वेंडर राजा साह की हत्या से संबंधित पुलिस थाना बिजबिहाड़ा की एफआईआर संख्या 87/2024 की चल रही जांच के संबंध में की गई थी, ताकि इस हत्या के पीछे बड़ी आपराधिक साजिश का पता लगाया जा सके। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज सहित विभिन्न लेखों को जब्त कर लिया गया है, जिनकी फोरेंसिक जांच करवाकर विश्लेषण किया जाएगा।

# करोड़ों की ठगी के आरोपित तीन नेपाली नागरिक दिल्ली से गिरफ्तार कर काठमांडू लाए गए

**काठमांडू (हि.स.)।** दिल्ली के एक होटल में बैठ कर नेपाल के नागरिकों को ठगने के आरोप में तीन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार कर नेपाल पुलिस काठमांडू लाई है। इनकी गिरफ्तारी में दिल्ली पुलिस का भी भरपूर सहयोग रहा।

इन पर दिल्ली के पहाड़गंज में स्थित होटल स्टे इन डिलक्स में पिछले एक वर्ष से रहकर वैदेशिक रोजगारी के नाम पर नेपाली जनता को ठगने का आरोप है। काठमांडू क्राइम ब्रांच के अनुरोध पर दिल्ली पुलिस ने इस होटल पर छापा मार कर इनको गिरफ्तार कर नेपाली पुलिस को सौंप दिया था। काठमांडू क्राइम ब्रांच के डीएसपी गोविन्द पंथी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों में जगत बहादुर तामांग, जंग बहादुर बराल और विष्णु बहादुर



बराल हैं। दिल्ली से आरोपितों को लेकर काठमांडू पहुंचने वाले डीएसपी पन्थी ने बताया कि उनके दिल्ली पहुंचने से पहले ही दिल्ली पुलिस इन तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी थी।

काठमांडू क्राइम ब्रांच के एसएसपी सानु भट्टराई ने बताया कि नेपाल के कई लोगों ने यह शिकायत की थी कि अमेरिका भेजने के नाम पर इन आरोपितों ने उनसे करोड़ों रुपये ठगे थे। एसएसपी भट्टराई के मुताबिक इन लोगों ने 10 लोगों से अमेरिका भेजने के नाम पर 5 करोड़ 50 लाख रुपये ठगे थे। ठगी के धंधे के लिए इन आरोपितों ने काठमांडू में कई एजेंट भी रखे थे। बीते दिन ही पुलिस ने इनके तीन एजेंटों को भी गिरफ्तार किया था।


दिल्ली से पकड़ कर लाए गए तीनों आरोपितों के बारे में मंगलवार को जानकारी साझा करते हुए क्राइम ब्रांच के एसएसपी ने बताया कि नेपाल में पैसा लेकर लोगों को अमेरिका के नाम पर दुबई होते हुए केन्या और नाइजीरिया भेज दिया जाता था। वहां पहुंचते ही उनका पासपोर्ट और उनके पास उपलब्ध पैसा या डॉलर छीन लिया जाता था। फिर उनको ऐसे ही छोड़ दिया जाता था। यहां नेपाल में उनके परिवार वालों से वसूली की जाती थी।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण का विरोध नहीं करेंगे विपक्षी दल

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल की संसद में आज राष्ट्रपति का अभिभाषण होने वाला है। राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सदन को सम्बोधित करते हुए सरकार की नीति तथा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले हैं। पिछले कई दिनों से सदन को अवरुद्ध करते आ रहे विपक्षी दलों ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण का विरोध नहीं करने का फैसला किया है। मंगलवार सुबह प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने विपक्षी नेताओं के साथ बातचीत में उन्हें सहकारी मामले में जांच समिति बनाए जाने का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण का विरोध नहीं करने का फैसला किया गया है। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक के बाद प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि सहकारी घोटाले पर संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग पर वो अभी भी कायम हैं और राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सदन फिर से अवरुद्ध किया जाएगा।

## पीओके के लिए 23 अरब का बजट मंजूर होने के बाद भी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ गुस्सा शांत होने के संकेत नहीं

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लगातार बढ़ती महंगाई से लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़कों पर हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस घटनाक्रम ने शहबाज शरीफ सरकार को घुटनों पर ला दिया है। सरकार ने पीओके के लिए तत्काल 23 अरब रुपये का बजट मंजूर किया और स्थानीय सरकार ने बिजली दरों व ब्रेड की कीमतों में कटौती की घोषणा की लेकिन ये घोषाणाएं अबतक लोगों का गुस्सा शांत नहीं कर पाई हैं। पीओके में अभी भी स्थिति तनावपूर्ण है। शुक्रवार से इस क्षेत्र में लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। एक दिन पूर्व सोमवार को चौथे दिन भी पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प की खबरें हैं। प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ टकराव में अबतक मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। जिनमें दो प्रदर्शनकारी और एक एसआई





शामिल है। रविवार को झड़प में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। दरअसल, जरूरी चीजों के दाम बढ़ने और टैक्स में बढ़ोतरी के खिलाफ पीओके में 10 मई से सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारियों और वकीलों द्वारा गठित संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी ने राजधानी मुजफ्फराबाद मार्च करने का आह्वान किया। सोमवार को भी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने मुजफ्फराबाद की ओर लॉन्ग मार्च जारी रखा। पुलिस ने इस मार्च को रोकने के लिए बल प्रयोग किया जिसके कारण प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। लोग संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के लगभग 70 सदस्यों को गिरफ्तार किए जाने से नाराज थे जिसके बाद हिंसा भड़की।

उल्लेखनीय है कि रविवार को भीड़ में किसी ने पुलिस के एसआई अदनान कुरेशी की गोली मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद झड़प में 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए, इनमें ज्यादातर पुलिसकर्मी थे। अब तक दो प्रदर्शनकारियों की भी मौत हुई है। इसके साथ ही पीओके के साथ भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोग अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं। बिजली वितरण में इस्लामाबाद सरकार की तरफ से भेदभाव किए जाने के आरोप में नीलम-झेलम परियोजना द्वारा उत्पादित 2,600 मेगावाट जलविद्युत का उचित हिस्सा नहीं मिलने की शिकायतें हैं।

इस बीच, प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने तत्काल प्रभाव से 23 अरब रुपये का बजट आवंटित किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालात के बारे में चिंता जताई।

### नवाज शरीफ संभालेंगे पीएमएल-एन अध्यक्ष पद की कमान

## शहबाज शरीफ ने प्रमुख के पद से दिया इस्तीफा

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक बार फिर से पार्टी की कमान संभालने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच शहबाज शरीफ ने पीएमएल-एन अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है।

पीएमएल-एन महासचिव को लिखे अपने पत्र में शहबाज ने 2017 के घटनाक्रमों का उल्लेख किया जिसका परिणाम नवाज के प्रधानमंत्री कार्यालय से बाहर होने एवं पार्टी की अध्यक्षता गंवाने के रूप में हुआ था। शहबाज (72) ने पत्र में कहा कि उनके भाई ने प्रतिकूल हालात के दौरान पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी और कहा कि यह कर्तव्य उन्होंने पूरे समर्पण और गंभीरता के साथ निभाया।

नवाज (74) लंदन में करीब चार साल स्वनिर्वासन में रहने के बाद पिछले साल अक्टूबर में स्वदेश लौटे थे। शहबाज का इस्तीफा पंजाब प्रांत में और संघीय स्तर पर पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच आया है।

## शहबाज शरीफ ने प्रमुख के पद से दिया इस्तीफा

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक बार फिर से पार्टी की कमान संभालने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच शहबाज शरीफ ने पीएमएल-एन अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है।

पीएमएल-एन महासचिव को लिखे अपने पत्र में शहबाज ने 2017 के घटनाक्रमों का उल्लेख किया जिसका परिणाम नवाज के प्रधानमंत्री कार्यालय से बाहर होने एवं पार्टी की अध्यक्षता गंवाने के रूप में हुआ था। शहबाज (72) ने पत्र में कहा कि उनके भाई ने प्रतिकूल हालात के दौरान पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी और कहा कि यह कर्तव्य उन्होंने पूरे समर्पण और गंभीरता के साथ निभाया।

नवाज (74) लंदन में करीब चार साल स्वनिर्वासन में रहने के बाद पिछले साल अक्टूबर में स्वदेश लौटे थे। शहबाज का इस्तीफा पंजाब प्रांत में और संघीय स्तर पर पार्टी में अंदरूनी कलह के बीच आया है।

# नीदरलैंड में मेडेन इंडिया पवेलियन ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का प्रदर्शन किया


**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत ने पहली बार नीदरलैंड के रॉटरडैम में विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन 2024 में अपना स्वयं का मंडप स्थापित किया है। भारत मंडप नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार ने स्थापित किया है, जो शिखर सम्मेलन के सबसे बड़े मंडपों में से एक है। इसका उद्घाटन 12 मई को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव भूपिंदर एस. भल्ला ने किया। यह सम्मेलन 15 मई, 2024 तक चलेगा।



नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि भारत ने 13 से 15 मई तक नीदरलैंड के रॉटरडैम में आयोजित विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन 2024 में अपना स्वयं का मंडप स्थापित किया है। मंत्रालय के मुताबिक भारत ने जनवरी 2023 में 19,744 करोड़ रुपये के समग्र परिव्यय के साथ अपना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की शुरुआत किया है। मंत्रालय ने बताया कि भारत ने वर्ष 2030 के अंत तक 5 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) की हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने अभी तक 412,000 टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता और 1,500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण क्षमता की स्थापना के लिए निविदाएं प्रदान की हैं। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लिए एक पोर्टल S हाल ही में लॉन्च किया गया है, जो मिशन और भारत में हरित हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी के लिए वन-स्टॉप के तौर पर काम करेगा।

उल्लेखनीय है कि विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन वैश्विक हरित हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। इस शिखर सम्मेलन में दुनियाभर से लगभग 15 हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। सम्मेलन में भारत मंडप भारत को हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में देश द्वारा की गई प्रगति को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

# मजबूत बाजारों के लिए राजनीतिक स्थिरता पहला मानदंड: निर्मला सीतारमण



**मुंबई/नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि मजबूत बाजारों के लिए राजनीतिक स्थिरता पहला मानदंड है, जिसकी गारंटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देते हैं।

वित्त मंत्री ने मुंबई में 'विकसित भारत 2047-भारतीय वित्तीय बाजारों के लिए विजन' पर एक इंटरैक्टिव सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने यहां बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आगाह किया कि खुदरा निवेशकों के जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प कारोबार में आने और इसमें 'बेलगाम तेजी' भविष्य में परिवारों की जमा-पूंजी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय बाजार पूंजी जुटाने और आवंटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

निर्मला सीतारमण ने 'विकसित भारत 2047-भारतीय वित्तीय बाजारों के लिए विजन% सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की स्थिरता बढ़ती अर्थव्यवस्था में फर्क लाने के लिए भारतीय स्टॉक सूचकांकों के लिए पहला मानदंड है। उन्होंने कहा कि मैं आपके सामने यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीसरा कार्यकाल एक स्थिर और सुशासन वाला होगा।

# रियलमी जीटी 6टी सर्वोच्च परफॉर्मर बनकर उभरा, सर्वोच्च प्रदर्शन करने तीन गुणों के साथ मिड-हाई सेगमेंट में सफल होने का लक्ष्य बनाया

**नई दिल्ली।** सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी की नई डिवाईस ऑल-न्यू जीटी 6टी 22 मई को भारत में लॉन्च होने वाली है। अपने सेगमेंट में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाला रियलमी जीटी 6टी अतुलनीय परफॉर्मेंस के साथ यूज़र अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा। यह उन ग्राहकों के लिए उत्तम है, जो मिड-हाई-एंड सेगमेंट के स्मार्टफोन में फ्लैगशिप स्तर की परफॉर्मेंस चाहते हैं। जीटी सीरीज़ लंबे समय से रियलमी की टेक्नोलॉजिकल उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करती आई है। इसमें 'जीटी' शक्तिशाली परफॉर्मेंस, बेहतर डिज़ाईन और प्रीमियम एक्सपीरियंस का प्रतीक है। जीटी 6टी के साथ रियलमी ग्राहकों की अपेक्षाओं से बढ़कर अत्याधुनिक डिवाईस पेश करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

रियलमी जीटी 6टी अत्याधुनिक स्नैपड्रैगन 7+ जैन 3 चिपसेट के साथ भारत का पहला स्मार्टफोन है। यह अपने बोल्ड डिज़ाईन और शानदार परफॉर्मेंस के साथ उत्कृष्टता को परिभाषित कर रहा है। इसमें 1.5 मिलियन+* का बेहतरीन एंटुटू स्कोर है, जिसके साथ जीटी 6टी के




यूज़र्स क्रिएट, एक्सप्लोर करते हुए सुगमता से कनेक्टेड रह सकते हैं। इसका अद्वितीय और प्रीमियम नैनो डिज़ाईन और नैनो स्तर की मिरर कोटिंग टेक्नोलॉजी के कारण इसके डिस्प्ले का टैक्सचर, ब्राईटनेस और सैचुरेशन काफी बढ़ गया है, जिससे उद्योग में अग्रणी रिफ्लेक्टिविटी के साथ स्मूथ और रेडिएंट सर्फेस प्राप्त होती है।


अमेज़न के साथ रियलमी के मजबूत संबंधों को आगे बढ़ाते हुए, रियलमी जीटी 6टी रियलमी की अपनी वेबसाईट और ऑफलाईन स्टोर्स के अलावा केवल अमेज़न पर उपलब्ध होगा। यह जीटी सीरीज़ के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि इस श्रृंखला की डिवाईस पहली बार अमेज़न पर बेची जा रही है।

अमेज़न इंडिया में डायरेक्टर, वायरलेस एवं होम एंटरटेनमेंट, रंजीत बाबू ने कहा, ''अमेज़न.इन में हम लेटेस्ट और सबसे बेहतर उत्पादों के साथ हमेशा अपने ग्राहकों को खुशी प्रदान करने के नए तरीके तलाशते हैं। रियलमी जीटी 6टी का लॉन्च ग्राहकों को इनोवेटिव और उच्च गुणवत्ता के स्मार्टफोन प्रदान करने के हमारे निरंतर प्रयास का प्रमाण है। अपने विस्तृत संग्रह और शॉपिंग के सुगम अनुभव के साथ हमें विश्वास है कि मिड-हाई एंड सेगमेंट में रियलमी का यह नया उत्पाद भारतीय ग्राहकों को बहुत पसंद आएगा। इस नए लॉन्च और देश के ग्राहकों को जीटी 6टी उपलब्ध कराने के लिए अमेज़न.इन को चुनने के लिए हम रियलमी की पूरी टीम को बधाई देते हैं।

# विद्याज्ञान में 2024 की क्लास ने कक्षा 12 की सीबीएसई परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए


## 144 में से 86 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

**■ विद्याज्ञान, बुलंदशहर से अर्पित बालियान ने दोनों स्कूलों में सर्वाधिक 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जेईई एडवांस्ड और एनडीए की परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त की**


ADVIKA SINGH BHADAURIA
04-09-2023

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विद्यार्थियों के विकास के लिए समर्पित लीडरशिप एकेडमी, विद्याज्ञान ने आज सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अपने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बारे में बताया। इस स्कूल के बुलंदशहर और सीतापुर परिसरों से कक्षा 12 की परीक्षा में बैठने वाले कुल 144 विद्यार्थियों में से 86 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। विद्याज्ञान, बुलंदशहर से अर्पित बालियान ने विज्ञान में 97.50 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। वो हाल ही में जेईई मेन्स और एनडीए की परीक्षा में भी सफल हो चुके हैं। विद्याज्ञान के पूर्व छात्र, कैप्टन अनुज धारीवाल से प्रेरणा पाकर अर्पित का झुकाव सेना की ओर है। अर्पित के साथी उन्हें प्रॉब्लम-सॉल्वर के रूप में जानते हैं, और वो स्कूल में अपने जूनियर्स का मार्गदर्शन भी करते हैं। अर्पित के बाद विद्याज्ञान, बुलंदशहर की अमृता और विद्याज्ञान सीतापुर की रागिनी तिवारी ने क्रमशः विज्ञान और मानविकी में 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अमृता कंप्यूटर साईंस में बी.टेक करके एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं। पेंटिंग में अपनी रुचि और खाली समय में पेंटिंग करने के बाद भी अमृता ने एनआईडी या एनआईएफटी से फाईन आर्ट्स में अपना करियर बनाने की बजाय कंप्यूटर साईंस में प्रवेश लेने का विकल्प चुना। इस साल की उपलब्धियों ने ग्रामीण विद्यार्थियों की एकेडेमिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के लिए विद्याज्ञान की प्रतिबद्धता को उजागर किया है। इससे पहले इस साल विद्याज्ञान के प्रतिभाशाली विद्यार्थी, आकाश वर्मा को अमेरिका की नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से पूरी छात्रवृत्ति मिली थी, वहीं रोशनी चौरसिया को अमेरिका की वेस्लियन यूनिवर्सिटी ने आंशिक छात्रवृत्ति प्रदान की। विद्याज्ञान में हर साल देश में 250,000 आवेदकों में से लगभग 200 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ग्रामीण विद्यार्थियों का चयन होता है। ये बच्चे उन परिवारों से आते हैं जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय दो लाख से कम होती है। विद्याज्ञान एकेडमी विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करती है, और इसके लिए करिकुलर एवं को-करिकुलर गतिविधियों के अनेक कार्यक्रमों में निवेश करती है।

# जॉन क्रॉसिंस्की ने हमें बताया कि कहां से मिली उन्हें इमेजिनरी फ्रेंड्स लिखने की प्रेरणा




अपने ट्रेलर लॉन्च के बाद से, दुनिया भर के प्रशंसकों को जॉन क्रॉसिंस्की की मनमोहक एनिमेटेड फिल्म इमेजिनरी फ्रेंड्स से प्यार हो गया है। जॉन क्रॉसिंस्की द्वारा लिखित और निर्देशित, इमेजिनरी फ्रेंड्स एक ऐसी लड़की की कहानी है जिसे पता चलता है कि वह हर किसी के काल्पनिक दोस्तों को देख सकती है। फिल्म में दिखाया गया है कि वह अपनी इस शक्ति का इस्तेमाल कैसे करती है। वह भूले हुए इमेजिनरी फ्रेंड्स को उनके बच्चों के साथ फिर से जोड़ने के लिए एक जादुई एडवेंचर पर निकलती है।

यह एक ऐसी फिल्म है जिसकी ओर बच्चे अपने आप ही आकर्षित होंगे, लेकिन यह एक ऐसी फिल्म भी है जो लोगों को उनके बचपन में वापस ले जाएगी और वास्तविकता और कल्पना के बीच की रेखाओं को धुंधला कर देगी। लेकिन अंदाजा लगाइए कि इस मनमोहक कहानी के लिए जॉन की प्रेरणा कौन है? आपको ये जानकर कोई सदमा नहीं लगना चाहिए कि इस फिल्म की प्रेरणा स्वयं उनके अपने बच्चे हैं!

उन्होने कहा मैं हमेशा से अपने बच्चों लिए एक फिल्म बनाना चाहता था। एमिली का कहना है कि क्वाइट प्लेस फिल्में उनके लिए पीजी-40 हैं, इसलिए वे लंबे समय तक उन्हें नहीं देख पाएंगी। महामारी के शुरुआती दिनों के दौरान, मुझे अपनी 8-वर्षीय और 6-वर्षीय बेटियों के साथ बहुत समय बिताने और उनकी कल्पना शक्ति को जानने का मौका मिला। लेकिन जैसे-जैसे महामारी लंबी खिंचती गई मुझे उनकी कल्पना शक्ति कम होती दिखाई देने लगी।

# दुबई का संग्रहालय रत्नः सदियों के समृद्ध इतिहास को संजोए हुए



दुबई के विशिष्ट और ऐतिहासिक संग्रहालयों में देश के अतीत की मनोरम कहानियों को देखें क्योंकि प्रत्येक म्यूजियम इतिहास के माध्यम से एक अनूठी यात्रा प्रदान करता है, जो देश को परिभाषित करने वाली समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करती हैं। उन खजानों और कहानियों का पता लगाएं, जिन्होंने दुबई की पहचान को आकार दिया है, जो इतिहास के प्रति उत्साही और सांस्कृतिक खोजकर्ताओं के लिए एक ख़ास घूमने योग्य गंतव्य बन गया है। वुमेन म्यूजियम , पर्ल म्यूजियम, . कॉफी म्यूजियम, एंटीक म्यूजियम और कवि अल ओकैली का म्यूजियम।

**1. वुमेन म्यूजियम**

दुबई के बैत अल बनत, देरा में वुमेन म्यूजियम में अमीराती महिलाओं के समृद्ध इतिहास की खोज करें। यहां प्रदर्शनी में कलाकार, कार्यकर्ता और विद्वान जैसी व्यक्तिगत अमीराती महिलाएं शामिल हैं, जिन्होंने देश की विरासत में अपने महत्वपूर्ण योगदान को प्रदर्शित करते हुए दुबई और संयुक्त अरब अमीरात को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**2. पर्ल म्यूजियम**

दुबई का पर्ल म्यूजियम, मोती गोताखोरी को श्रद्धांजलि देता है, जो 19वीं और 20वीं सदी शुरुआत में एक महत्वपूर्ण व्यापार था। इसमें अरब की खाड़ी से प्राप्त प्राकृतिक खारे पानी के मोतियों का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह है, जो कभी प्रसिद्ध मोती व्यापारी अली बिन अब्दुल्ला अल ओवैस के स्वामित्व में था। इसके साथ ही, संग्रहालय शानदार आभूषणों के साथ-साथ उन उपकरणों और साधनों का प्रदर्शन करता है जो मोतियों को निकालने और ले जाने में गोताखोरों और नाविकों द्वारा उपयोग किए गए थे।

**3. कॉफी म्यूजियम**

दुबई के कॉफ़ी म्यूजियम में कॉफी के इतिहास में डूबे और ताज़ा बनाए गए सैंपल का आनंद लें। कॉफी अरबी संस्कृति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

यह संग्रहालय अल फहीदी ऐतिहासिक पड़ोस के अंदर इसके उत्पत्ति को उजागर करता है, जिसमें कल्दी की पौराणिक कहानी भी शामिल है। साथ ही, कॉफी म्यूजिम, दुबई इस प्रिय पेय के आसपास वैश्विक कॉफी संस्कृति और अरबी परंपराओं का जश्न मनाता है।

**4. एंटीक म्यूजियम**

दुबई में एंटीक म्यूजियम एक स्टोर और संग्रहालय का मिश्रण है, जो एंटीक वस्तुओं, हस्तशिल्प, मिट्टी के बनावटी उत्पाद, स्मारिका और अन्य अद्वितीय वस्तुओं का एक विस्तृत संग्रह प्रदर्शित करता है। यह हस्तशिल्प और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों के लिए वैश्विक रूप से सबसे बड़ा केंद्र है। ग्लोबल महिलाओं का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह महिलाओं द्वारा बनाए गए शिल्प का सबसे बड़ा संग्रह के रूप में प्रसिद्ध है।

**5. कवि अल ओकैली का म्यूजियम**

दुबई में कवि अल ओकैली के संग्रहालय में मनमोहक अतीत का अनुभव करें। यह एक आश्चर्यजनक विरासत घर है, जो आगंतुकों को अपने पूर्व मालिक, एक अरबी शास्त्रीय कवि के जीवन में डुबो देता है। कवि की मूल कृतियों के संग्रह को देखें, जिनमें से कुछ खुद उनके द्वारा हस्तलिखित हैं और उनके पेन फर्नीचर जैसे व्यक्तिगत सामग्री की भी प्रशंसा करें।

# नामाकूल का प्रीमियर विशेष रूप से 17 मई को मुफ्त में अमेज़ॅन मिनीटीवी पर, अमेज़ॅन शॉपिंग ऐप पर

**मुंबई।** अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़ॅन मिनीटीवी ने आज अपनी आगामी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज़, नामाकूल के बेहद प्रतीक्षित ट्रेलर को लॉन्च किया। लखनऊ में बने इस ट्रेलर में दो बहुत घनिष्ठ दोस्त, मयंक और पीयूष को दिखाया गया हैं, जो अमीरी से बहुत दूर हैं और प्रसिद्धि की आशा में हैं, क्योंकि वे अपने कॉलेज के दूसरे साल में प्रवेश कर रहे हैं। यह जोड़ी हंसी मजाक के कई घटनाओं में खुद को पाती है, जो एक हास्य, रोमांस, और अपराध की यात्रा की शुरुआत करती है, जब वे मर्दानगी की सच्ची परिभाषा को उजागर करने का प्रयास करते हैं। यह सात एपिसोड की सीरीज़ रितम श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित है और शांतनु श्रीवास्तव द्वारा लिखी गई है, जिसमें हिना खान, अभिनव शर्मा, आरोन कूल, अभिषेक बजाज, अनुष्का कौशिक, फैसल मलिक और आदिल खान प्रमुख भूमिकाओं में शामिल हैं। यह कॉमेडी ड्रामा रिलायंस एंटरटेनमेंट स्टूडियो द्वारा निर्मित है। आगामी सीरीज़ पर अपने विचार साझा करते हुए, अमेज़ॅन मिनीटीवी के कंटेंट प्रमुख, अमोघ दुसाद ने कहा, ÷नामाकूल का लक्ष्य अपनी अनोखी कहानी के जरिए कॉमेडी-ड्रामा शैली को एक ताज़ा रूप प्रदान करना है। यह एक ऐसी कहानी है जो हिंदी हृदय क्षेत्र में अपने बोलचाल, पटकथा, और अन्य बहुत कुछ के माध्यम से दर्शकों के साथ गहरा संबंध बनाएगी। हमें यकीन है कि यह दर्शकों के दिलों को छूने के लिए पर्याप्त होगी और वे निश्चित रूप से और अधिक चाहेंगे!

नामाकूल मयंक और पीयूष के जीवन के बारे में है क्योंकि वे मर्दानगी की सच्चाई को खोजते हैं, किस्मत उन्हें नए दोस्तों, दुश्मनों, और प्रेम रुचियों की ओर ले जाती है, जो उनके जीवन को भ्रम, हास्य और नाटक की दुनिया में उलझा देते हैं। रोमांचकारी उतार-चढ़ाव से भरपूर, जब इस हंसी के दंगल की कहानी सामने आएगी तो दर्शक अपनी सीटों पर से खड़े हो जाएंगे।

# डाऊ जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स में शीर्ष रैंकिंग के साथ उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के क्षेत्र में लीडर बना क्रॉम्पटन

**लखनऊ।** बिजली की बचत करने में सक्षम और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों की व्यापक रेंज के लिए मशहूर, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड बेहतरीन पर्यावरणीय, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) प्रदर्शन की वजह से डाऊ जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने में सफल रही है। क्रॉम्पटन का कुल स्कोर 48 रहा, जिसकी वजह से यह वैश्विक स्तर पर 94 पर्सेंटाइल के साथ डीएचपी घरेलू टिकाऊ वस्तुओं (हाउसहोल्ड ड्यूरेबल्स) सेक्टर में अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले 7वें पायदान पर काबिज होने में सफल रही। यह उपलब्धि सस्टेनेबल कार्यपद्धतियों और उद्योग में एक लीडर की स्थिति के प्रति क्रॉम्पटन की वचनबद्धता का एक और प्रमाण है।

डाऊ जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) की स्थापना 1999 में हुई थी और यह दुनिया भर के शेयर बाजार में लिस्टेड हजारों कंपनियों के सस्टेनेबिलिटी प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए मानदंड के तौर पर काम करता है। डीजेएसआई लंबे समय के लिए अपनाई जाने वाली टिकाऊ प्रथाओं के आधार पर आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक मानदंडों समेत सख्त मूल्यांकन प्रक्रियाओं के जरिए कंपनियों का मूल्यांकन करता है। मिसाल के तौर पर, डीजेएसआई वर्ल्ड, दीर्घकालिक ईएसजी मानदंडों के आधार पर एसऐंडपी ग्लोबल ब्रॉड मार्केट इंडेक्स में सबसे बड़ी 2,500 कंपनियों में से टॉप10त्न को मान्यता देता है।

क्रॉम्पटन का डीजेएसआई स्कोर इस वर्ष पर्यावरणीय स्थिरता, प्रोडक्ट प्रबंधन, उच्च प्रभाव वाली सामाजिक जिम्मेदारी पहल, विविधता, कर्मचारियों का कल्याण, मानव पूँजी प्रबंधन और मजबूत गवर्नेंस पद्धतियोंजैसे बेहद अहम क्षेत्रों में कंपनी की रेटिंग में जबरदस्त सुधार को दर्शाता है। पर्यावरण हितैषी पहलों को जारी रखे जाने के बीच यह निरंतर सुधार और इनोवेशन के मामले में अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। क्रॉम्पटन लगातार नए अवसरों की तलाश करने का प्रयास कर रही है ताकि वैश्विक चुनौतियों का समाधान करते हुए सकारात्मक बदलावों को आगे बढ़ाया जा सके।

इस उपलब्धि पर क्रॉम्पटन ग्रीव्ज कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ प्रोमीत घोष ने कहा, क्रॉम्पटन में हमारी सभी गतिविधियों के मूल में पर्यावरण का ख्याल रखा जाना शामिल है। इसलिए हम ऊर्जा बचत की भावना को केंद्र में रखते हुए प्रोडक्ट को डिजाइन और निर्माण करते हैं।

पंखों से लेकर टिकाऊ एलईडी लाइटिंग तक, क्रॉम्पटन के उत्पाद बिजली की खपत को कम करते हुए पर्यावरण पर इनके प्रभाव को कम करने में ग्राहकों की मदद करते हैं। हम अपने उत्पादों को और अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए नई तकनीकों और सामग्रियों की तलाश में रहते हैं, ताकि क्रॉम्पटन का प्रत्येक उत्पाद उपभोक्ताओं को उनके घरों के साथ-साथ इस धरती के लिए जिम्मेदार विकल्प चुनने में मदद कर सके। हमारा मानना है कि पर्यावरण के लिहाज से अनुकूल प्रथाएं न केवल धरती के लिए अच्छी है, बल्कि हमारे व्यवसाय और हमारे ग्राहकों के लिए भी अच्छी है। हमें इस उपलब्धि पर बेहद खुशी है और भविष्य को और अधिक टिकाऊ बनाने की दिशा में अपनी सामूहिक यात्रा में हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और कारोबारी साझेदारों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# नितांशी गोयल को आईएमडीबीस्टारमीटर पुरस्कार मिला

**मुंबई।** फिल्मों, टीवी शो और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी के लिए दुनिया के सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत, आईएमडीबी (https://www.imdb.com/) ने लापाता लेडीज़ स्टार नितांशी गोयल को आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर अवार्ड प्रदान किया। यह पुरस्कार उन सितारों को मान्यता देता है जो आईएमडीबीऐप पर लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। यह दुनिया भर में आईएमडीबीपर 250 मिलियन से अधिक मासिक दर्शकोके पेज व्यू को चार्ट करता है और यह उन सितारों का बेहद सटीक भविष्यवक्ता साबित हुआ है जिनके करियर में एक नया मोड़ आने वाला है। 16 साल की उम्र में, गोयल अब तक के सबसे कम उम्र के आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर पुरस्कार प्राप्तकर्ता हैं।

गोयल किरण राव की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म लापता लेडीज और अमित रविंदरनाथ शर्मा की जीवनी पर आधारित सपोर्ट ड्रामा मैदान में अभिनय करते हैं। अप्रैल में पूर्व की



स्ट्रीमिंग रिलीज़ के बाद, गोयल दो बार लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में शीर्ष 10 में स्थान पर रहे, जिसमें पिछले सप्ताह शीर्ष स्थान पर पहुंचना भी शामिल था। लापाता लेडीज वर्तमान में 8.5/10 की आईएमडीबी उपयोगकर्ता रेटिंग के साथ टॉप रेटेड भारतीय फिल्मों की सूची में 29वें स्थान पर है।गोयल के पहले क्रेडिट मेंएम.एस.धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी, थपकी प्यार की और डायन भी शामिल हैं।

गोयल ने कहा, मुझे आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए धन्यवाद, आईएमडीबी। लापता लेडीज़ के लिए यह मेरा पहला पुरस्कार है, और मुझे अभी पता चला है कि मैं यह पुरस्कार पाने वाला सबसे कम उम्र का अभिनेता भी हूं। मैं अभी भी उसे संसाधित करने का प्रयास कर रहा हूँ! इसे वास्तव में विशेष बनाने के लिए धन्यवाद।

गोयल की पुरस्कार प्रस्तुति वीडियो यहां देखें। स्टारमीटर उपयोगकर्ता http://www.imdb.com/watchlist पर अपनी स्टारमीटर वॉचलिस्ट में गोयल की फिल्मोग्राफी और अन्य शीर्षकों से वेब सीरीज और फिल्में भी जोड़ सकते हैं।

पिछले स्टारमीटर ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में मेधा शंकर, भुवन अरोड़ा, अंगिरा धर, आदर्श गौरव, एशले पार्क, नताशा भारद्वाज, आयो एडेबिरी और रेगे-जीन पेज शामिल हैं। आईएमडीबीस्टारमीटरपुरस्कारोंके

# टाटा एआईए का सोशल मीडिया कैम्पेन #वोट करने को तैयार

**नई दिल्ली।** टाटा एआईए का सोशल मीडिया कैम्पेन #वोटकरनेकोतैयार जेन ज़ेड को 'मतदान के लिए रजिस्टर करने' के लिए प्रोत्साहित कर रहा है भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने हाल ही में एक बहुत ही अनोखा सोशल मीडिया कैम्पेन शुरू किया है #वोटकरनेकोतैयार युवा भारतीयों को, खास कर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के लिए रजिस्टर करने और चुनाव के दिन मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टाटा एआईए ने यह कदम उठाया है। युवाओं में राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी और कर्तव्य की भावना को जागृत और मज़बूत करना, युवाओं के बीच बढ़ती जागरूकता को सामाजिक समस्याओं के निपटान के लिए उपयोग में लाना इस कैम्पेन का लक्ष्य है। पर्यावरण, स्थिरता, सड़क सुरक्षा और साइबर जागरूकता जैसे मुद्दों के प्रती जेन ज़ेड के बीच जागरूकता लगातार बढ़ रही है, टाटा एआईए का मानना है कि देश के भविष्य को आकार देने में जेन ज़ेड अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। #वोटकरनेकोतैयार कैम्पेन डिजिटल सैवी युवाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। ऑनलाइन कन्टेन्ट का सबसे ज़्यादा इस्तेमाल ये युवा करते हैं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर काफी सक्रीय रहते हैं। उनमें से 90% से ज़्यादा इंटरनेट और सोशल मीडिया का लगातार उपयोग करते हैं। उनके इस डिजिटल जुड़ाव को नागरिक सहभागिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए चैनल करने के लिए टाटा एआईए प्रयास कर रही है और इसकी शुरूआत मतदान के लिए रजिस्टर करने के लिए प्रोत्साहित करने से की जा रही है। जेन ज़ेड की सोच के अनुरूप डिज़ाइन किए गए इस कैम्पेन को ज़्यादा से ज़्यादा युवाओं तक पहुंचाने के लिए कन्टेन्ट को आकर्षक रखकर सभी सोशल मीडिया चैनल्स पर प्रसारित किया गया है।

# ऐरो ने शुरू किया सन, स्टाइल ऐंड टी-शर्ट फ़ेस्टिवल

**लखनऊ।** अरविंद फ़ैशन्स लिमिटेड के प्रोफ़ेशनल मेन्सवेअर ब्रांड ऐरो ने सन, स्टाइल और टी-शर्ट्स डाइव इन टू द समर नामक एक अनोखे अभियान की शुरुआत की है। यह एक ऐसा अनोखा टी-शर्ट फ़ेस्टिवल है जो इस उत्सवी माहौल के मूड को बढ़िया ढंग से ज़ाहिर करता है। ऐरो ब्रांड गर्मियों के हिसाब से चटख रंगों, नवीन तरह के डिज़ाइन्स और उपभोक्ताओं के जोश-ओ-ख़रोश को परिलक्षित करने वाले अभियान का हिस्सा बनने जा रहा है। मगर ऐरो की यह पहल महज़ स्टाइल को ध्यान में रखकर नहीं तैयार की गई है बल्कि यह लोगों की ज़िंदगी में बदलाव लाने की भी एक अहम कोशिश भी है। ऐरो ने दिव्यांग लोगों की आजीविका के साधन के तौर पर स्थापित किये गये देश के सबसे बड़े एनजीओ एटिपिकल एडवांटेज के साथ एक विशिष्ट तरह की साझेदारी की है। इसके तहत 5000 रुपये की हर ख़रीद के साथ ग्राहक ऐसे तमाम लोगों की सहायता करने के मक़सद में अपना अहम योगदान दे सकेंगे।इन गर्मियों में ऐरो की टी-शर्ट्स को पहनने का भरपूर? लुत्फ़ उठाएं। ऐरो की हरेक टी-शर्ट नवीनता और रचनात्मकता की



अनूठी मिसाल होती हैं। इन गर्मियों में ऐरो की परफ़ेक्ट पोलो को पहनें और विलासिता का अद्भुत आनंद प्राप्त करें। द सन, स्टाइल ऐंड टी-शर्ट फेस्टिवल के बारे में बातचीत करते हुए ऐरो ब्रांड के सीईओ आनंद अय्यर ने कहा, ÷टी-शर्ट फ़ेस्टिवल के लिए शार्क टैंक के सीज़न 2 में भाग लेने वाले जाने-माने एनजीओ एटिपिकल एडवांटेज के साथ साझेदारी करना ऐरो के लिए हर्ष और गौरव का विषय है। इस साझेदारी के ज़रिए हम पूजा बोदास, कबीर वरनाल और निखिल साई प्रसाद जैसे दिव्यांग आर्टिस्ट की उम्दा कलाकारी को प्रदर्शित करने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ये सभी आर्टिस्ट अपनी कला के माध्यम से सकारात्मक वातावरण के निर्माण में अहम योगदान दे रहे हैं। ये सभी कलाकार अपनी दृढ़ता और समर्पण भाव से हमें खूब प्रेरित भी करते हैं। वे अपने जज़्बे से इस बात को भी साबित करते हैं कि सकारात्मक सोच के चलते किसी भी तरह की चुनौतियों को पार पाया जा सकता है। ऐरो फ़ेस्टिवल के दौरान 5000 रुपये से अधिक की ख़रीद पर हरेक ग्राहक को इन कलाकारों द्वारा तैयार की गई एक विशेष टी-शर्ट मुफ़्त में दी जाएगी। ग्राहकों को उपहार के तौर पर दी जाने वाली ये टी-शर्ट्स ब्रांड ऐरो द्वारा शुरू की गई जॉय ऑफ़ गिविंग नामक अभियान का हिस्सा है जिसे एनजीओ के आर्टिस्ट और दिव्यांग लोगों की मदद करने के लिए शुरू किया गया है।

# गोरखपुर लोकसभा से 32 प्रत्याशी मैदान में

अवधनामा संवाददाता




- मंगलवार को 16 प्रत्याशियों ने किया नामांकन
- बांसगांव लोकसभा से 11 प्रत्याशी मैदान में
- आज पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**गोरखपुर।** 64 गोरखपुर लोकसभा से मंगलवार को 16 प्रत्याशियों ने किया नामांकन तीन प्रत्याशी दूसरी और चौथी बार किए नामांकन जमीरउद्दीन अहमद मुस्लिम मजलिस पार्टी चंद्रशेखर सिंह जनता शासन पार्टी अमिता भारती बहुजन मुक्ति पार्टी साहबज़ादा निर्दल मृदुल कुमार श्रीवास्तव निर्दल रमाकांत राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी कन्हई निर्दल अंकित शाह भारतीय युवजन एकता पार्टी प्रेम प्रकाश निर्दल विजय कुमार भारती राष्ट्रीय विकास पार्टी लालधारी यादव निर्दल अशोक निर्दल अनिल यादव निर्दल महेंद्र कुमार निर्दल रेखा निर्दल राजन यादव उर्फ अर्थी बाबा निर्दल काजल निषाद इंडिया गठबंधन चौथा पर्चा आनंद कुमार यादव भारतीय जवान किसान पार्टी दूसरा पर्चा जितेंद्र राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी दूसरा पर्चा प्रेक्षक आईएएस नथमल डिडेल जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कैंपियरगंज रोहित मौर्य सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मृणाली अविनाश जोशी सहायक रिटर्निंग अफसर उप जिला अधिकारी सिद्धार्थ पाठक आरओ सहायक विद्या चरण पांडे के समक्ष स्वयं मौजूद रहकर अपने-अपने पर्चे दाखिल किए। गोरखपुर लोकसभा से 32 प्रत्याशी मैदान में है 15 अप्रैल को पर्चे का जांच किया जाएगा। 67 बांसगांव लोकसभा से मंगलवार को पांच प्रत्याशियों गया प्रसाद मुरलीधर राजेंद्र चौधरी सिकंदर राकेश सभी निर्दल तीन प्रत्याशियों सदल प्रसाद श्रवण निराला राम समुझ ने दूसरी बार प्रेक्षक आईएएस आर मेनका रिटर्निंग अफसर जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम गोला केसरी नंदन तिवारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम बांसगांव प्रदीप सिंह एसडीएम चौरी चौरा प्रशांत वर्मा के समक्ष पहुंचकर अपने-अपने पर्चे प्रत्याशियों ने दाखिल किया आज कुल 8 प्रत्याशियों ने किया नामांकन अब बासगाव लोकसभा से 11 प्रत्याशी मैदान में है। पर्चे की जांच 15 मई को किया जायेगा। नामांकन सुरक्षा नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार व क्षेत्राधिकारी खजनी ओंकार तिवारी की देखरेख में एलआईयू व पुलिस की टीम अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन पर जमकर बरसे जेपी नड्डा

# हमारे नेता विकास की बात करते हैं

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को भीषण गर्मी के बीच अमेठी पहुंचे।जहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में नगर स्थित रामलीला मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान इंडिया गठबंधन के सभी दलों के मुखिया को उन्होंने अपने निशाने पर रखा।

कांग्रेस पर जमकर हमलावर हुए कहा की दलित और ओबीसी के हिस्से का आरक्षण काटकर राहुल बाबा मुसलमानो को देने की फिराक में है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां जमकर गिनाया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतवर्ष का दुनिया में किस प्रकार से मान बढ़ा है इन सब को बखूबी जनमानस के बीच बताते हुए कहा कि आज स्मृति ईरानी के नेतृत्व में अमेठी का भी विकास हुआ है गांधी नेहरू परिवार एक लंबे समय से अमेठी की जनता को गुमराह कर यहां की सत्ता में काबिज रहा लेकिन विकास के नाम पर यहां कुछ नहीं हुआ। केवल गांधी नेहरू परिवार के बड़े नेताओं का नाम गिनाकर कर आपसे वोट लिया जाता रहा और आपकी दशा सुधारने की चिंता किसी को नहीं रही। कहा की प्रधानमंत्री द्वारा यथासंभव प्रयत्न किया गया और तुष्टिकरण की राजनीति को संतुष्टिकरण की राजनीति में बदल डाला। पिछली सरकारो द्वारा इस देश में सामान्य दवा बनाने हेतु सैकड़ो वर्ष लग गए लेकिन मोदी जी के बदलते भारत में कोरोना काल में कोरोना वैक्सीन बनाकर लगभग 100 देश को वैक्सीन पहुंचाई गई। कहा पहले अमेठी में यह भी पता नहीं चलता था कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क लेकिन सरकार ने सडक पर ठोस कदम उठाकर बड़े-बड़े हाईवे दिए। स्मृति ईरानी सांसद द्वारा दुरूस्तीकरण करके अमेठी में सारी व्यवस्थाएं सुलभ कराई गई। राहुल बाबा का कहना है कि दलित ओबीसी सबका आरक्षण मुसलमान में बांट देंगे यह विभाजन करने का काम राहुल बाबा द्वारा किया जाने वाला है। परिवार वाद से यदि आप मुक्ति चाहते हैं तो वोट बीजेपी को देकर प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करें। परिवारवाद पर उन्होंने इंडिया गठबंधन के सभी दलों के लोगों का मंच से नाम लेकर उन पर तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से स्मृति ईरानी के पक्ष में वोट करने की अपील किया। जनसभा को भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने भी संबोधित किया।

## सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई तथा ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं एवं महिलाओं को केंद्र व्यवस्थापक कंचन मौर्या की मौजूदगी में आजाद सेवा समिति के प्रबन्धक अमरनाथ यादव ने भीटीरावत चौराहे पर सिलाई मशीन अन्य सहायक उपकरण तथा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया। इस मौके पर पुरुषोत्तम मौर्य, निशिकांत मिश्र, जय गोविंद निषाद, परमात्मा मौर्य, रामप्रवेश अभिषेक, नागेंद्र मौर्य सहित कई लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं ने निकाली जल संरक्षण कलश यात्रा




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विकासखंड संग्रामपुर के भौसिंहपुर गांव में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डा आराधना राज के निर्देशन में जल संरक्षण करने के लिए 10 ग्राम पंचायत की महिला मंडल की युवतियों ने जल संरक्षण कलश यात्रा निकालकर लोगों को जल संरक्षित करने के लिए जागरूक किया महिला मंडल के पदाधिकारियो ने शपथ लिया कि घटते जल स्तर को बढ़ाना है।जल व्यर्थ नहीं बहाना है। महिला मंडल की जिला संयोजक सरिता सिंह राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक सीमा यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग 20 मई को अपने मत का प्रयोग अवश्य करें एवं साथ-ही-साथ अपने- अपने घरों से व मोहल्ले से सभी मतदाताओं को इस महान कार्य हेतु जागरूक करके उन्हें मतदान केंद्र पर वोट डालने हेतु प्रेरित करें। उन्हें ये समझायें कि जैसे बूंद बूंद से घड़ा भर जाता है ठीक उसी तरह हर मतदाता के सारे काम छोड़कर सबसे पहले 20 मई को शत् प्रतिशत मतदान करें। सरिता सिंह ने महिला मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को मतदान हेतु शपथ दिलाई और कहा कि हमारे मत डालने से सुदृढ़ लोकतंत्र का निर्माण होगा। ब्लॉक अमेठी एनवाईवी सुमित्रा देवी के संयोजन में हारीपुर में रैली निकाल कर मतदाताओं को निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई।

## भीड़ जुटाने के लिए नेताओं के छूट रहे पसीने

**अमेठी।** जिले में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी पूरे शबाब पर है रैलियों जनसभाओं का दौर तेजी से चल रहा है। ऐसे में स्थानीय नेताओं पर भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी दी गई है भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच भीड़ जुटाना एक टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। स्थानीय नेता हलाकान हो रहे हैं गांव-गांव संपर्क कर लोगों से भीड़ जुटाना की कवायद की जा रही है लेकिन आशा के अनुरूप भीड़ न जुटने से लोग परेशान हैं।

सभी दलों का यही हाल है यहां स्थानीय नेताओं पर यह दबाव है कि वह किसी न किसी स्रोत से रैलियों और जनसभाओं में भीड़ इकट्ठा करें उसके लिए तमाम कोशिश भी की जा रही है। लेकिन इस गर्मी में लोग बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं पहले के दौर में यह देखा जाता था कि नेताओं को सुनने के लिए भीड़ बेकाबू होती थी और जनसभाओं में हिस्सा लेने के लिए पहुंचते थे लेकिन इस दौर में भीड़ जुटना काफी मुश्किल का काम हो रहा है। इससे यह संकेत मिलता है कि नेताओं के बयान बाजी और भाषणों पर आम जनता को बहुत कुछ भरोसा नहीं रह गया है।

# प्रॉपर्टी डीलर, हल्का सिपाही व तथाकथित यूट्यूबर पर जमीन कब्जा करने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** जमीन के कारोबार में बेतहाशा कमाई को देखते हुए अब प्रॉपर्टी डीलरो ने हल्का सिपाही व स्थानीय यूट्यूबर को मिलाकर जमीन कब्जा करने का खेल कर रहे हैं। मोटी रकम मिलने की वजह से गिरोह बना कर खेल को अंजाम दिया जा रहा है अभी हाल ही में एडीजी जोन ने गोपनीय जांच कराई तो ऐसे 56 पुलिसकर्मी संलिप्त मिले जो जहां कहीं भी जमीन का विवाद का मामला होता उसके निपटारे में यह पुलिसकर्मी ड्यूटी बजाने के लिए जाते थे इसके जरिए वह अपने चहेतो को लाभ पहुचते थे और अच्छी रकम कमाते थे। यह कारनामा कई महीनो से चल रहा था जिसकी शिकायत मिलने पर गोपनीय तरीके से बिना किसी नाम पते के एडीजी जोन डॉ के एस प्रताप कुमार तक पहुंची तो उन्होंने इसकी जांच एडिशनल एसपी अंशिका वर्मा को सौपी। तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी अंशिका वर्मा की जांच में सभी 56 पुलिसकर्मी विभिन्न जिलों से गोरखपुर में तैनाती पे विवादित जमीनों की दलाली और पैरवी में संलिप्त पाए गए इसके बाद एडीजी जोन ने इन आरोपी सिपाहियों को उनके मूल जनपद में स्थानांतरित करते हुए त्रिस्तरी जांच कमेटी बना दी जो तीनों एसपी रैंक की अधिकारी कर रहे है। जमीन के धंधे में लिप्त यह सिपाही स्पोर्ट कोटे के जरिए एडीजी जोन कार्यालय से सम्बद्ध थे इसका खुलासा जांच में हुआ इस कारनामे के पीछे कार्यालय के सीए बाबू की मिली भगत से कारनामा चल रहा था। मामला खुलने के बाद एडीजी जोन ने अपने गोपनीय सहायक अमित कुमार श्रीवास्तव को सीबीसीआईडी, सिपाही संतोष कुमार को सिद्धार्थनगर, रेनू पांडेय को संतकबीर नगर और किरण यादव को कुशीनगर भेज दिया। मामले की जांच के लिए एडीजी जोन डॉ. के एस प्रताप कुमार ने त्रिस्तरी कमेटी बनाई है। तीनों एसपी रैंक के अधिकारी होंगें। जो इन सिपाहियों की जांच करेंगे जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई होगी। ताजा मामला गोरखपुर के गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डूंगरी नंबर दो का है जहाँ पत्रकार आरिफ आलम के पाटीदार से जमीनी विवाद चल रहा है जिसका फायदा उठाते हुए प्रॉपर्टी डीलर अनिल प्रजापति हल्का सिपाही प्रदीप कुमार यादव तथाकथित यूट्यूबर ने 12 मई 2024 को पत्रकार आरिफ आलम को थाने बुलाकर प्रॉपर्टी डीलर के सामने पुलिस द्वारा अभद्रता की गई इतना ही नहीं पुलिस के सह पर प्रॉपर्टी डीलर ने उसी दिन दो गाड़ियों से भरकर वन तस्कर और दबंगो के साथ जमीन कब्जा करने का प्रयास किया गया। जिसका विरोध करने पर पत्रकार आरिफ आलम को धमकाया गया जान से मारने की धमकी दी गई और हल्का सिपाही प्रदीप कुमार यादव ने तो हद ही पार कर दी पत्रकार आरिफ आलम का कॉलर पड़कर मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए कहा कि तुम्हारी पत्रकारिता खत्म कर दूंगा। पत्रकार आरिफ आलम ने गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के पदाधिकारी से शिकायत की। अब मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। प्रेस क्लब अध्यक्ष मार्कंडेय मणि त्रिपाठी जी के नेतृत्व में पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल आज एसएससी से मिल कर शिकायत की । एसएसपी ने जाँच का आदेश दिए है।

## बंदियों ने तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने का लिया संकल्प



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से मगलवार को जिला कारागार में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बंदियों के लिए स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उन्हें तंबाकू व उससे बने उत्पादों के नुकसान बताते हुए इनसे दूर रहने की सलाह दी गई। इस अवसर पर जिला जेल के सभी बंदियों ने तंबाकू उत्पादों का सेवन छोड़ने का संकल्प लिया। जिला कारागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा संजय गुप्ता ने बंदियों को तंबाकू तथा तंबाकू से बने उत्पादों से दूर रहने की सलाह देते हुए जागरूक किया कि तम्बाकू मुंह, गले व फेफड़े के कैंसर के अलावा अन्य गंभीर बीमारियां भी शरीर में जन्म लेती है। उन्होंने बंदियों को तंबाकू छोड़ने के उपायों को बारे में जानकारी दी गई। डा. गुप्ता ने कहा कि दृढ़ निश्चय व संकल्प शक्ति के द्वारा तंबाकू का सेवन आसानी से छोड़ा जा सकता है। इस अवसर पर डा. आनंद कुमार सिंह, ने व्यक्तिगत साफ सफाई एवं प्राकृतिक जीवन शैली का महत्व पर प्रकाश डाला। जिला कारागार के अधीक्षक पीएन शुक्ला ने बंदियों को आज से ही तंबाकू सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। इससे प्रभावित होकर लगभग एक दर्जन बंदियों ने आज से ही तंबाकू छोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बंदियों सहित उनसे मिलने आए सम्बंधि और जेलकर्मी मौजूद रहे।

# बूथ अध्यक्ष पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी है: रतनपाल सिंह

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** भाजपा सलेमपुर द्वारा बूथ स्तरीय विधानसभा सम्मेलन का आयोजन सलेमपुर नगर के मेनका मैरेज हाल में किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य रतनपाल सिंह केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि मोदी सकार में देश निरंतर प्रगति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें जुट होना है। बूथ जीता चुनाव जीता मूल मंत्र पर सक्रिय रहकर हर कार्यकर्ता को कार्य करना है। बूथ अध्यक्ष पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी होती है। बूथ कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा द्वारा जीत हासिल कर रही है। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि जनता मोदी सरकार को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। भाजपा ने देश के गरीब, किसान, मजदूर समाज के लिए अनेक कल्याणकारी योजना चलाकर उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियां प्रत्येक घर पहुंचने की जरूरत है। बरहज विधायक दीपक मिश्र उर्फ शाका ने कहा कि मोदी सरकार ने देश जरूरतमन्दों के लिए आवास, शौचालय, राशन, किसान सम्मान निधि एव आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज देने का काम किया है। आज विपक्ष हताश हो चुका है। देश की जनता विपक्ष के झूठे वादों को समझ चुकी है और मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा भरोसा है।

सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि भाजपा की सरकार में पूरा प्रदेश भय मुक्त हो चुका है। योजनाओं का लाभ गांव तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री के विकसित राष्ट्र के सपने के लिए लोकसभा चुनाव में हम सभी को 400 पार का लक्ष्य रखना है। कहा आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परिवार है। इसलिए सबकी जिम्मेदारी है कि उन्हें जिताया जाए। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक अशोक पाण्डेय ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीशचन्द्र तिवारी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को लोकसभा सहप्रभारी बलराम उपाध्याय, लोकसभा संयोजक अजय कुमार दूबे, विधानसभा प्रभारी अश्वनी सिंह, विधानसभा सहसंयोजक संजय तिवारी,लोकसभा पालक अरविंद जी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेश उर्फ मन्टू सिंह लार प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू,सलेमपुर प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह बबलू ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

# अब प्रचार वाहनों के पीछे बिल्ले के लिए नहीं दौड़ती बच्चों की टोली

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** समय के साथ साथ चुनाव की रंगत भी बदलती गई। चुनावी दौर चल रहा है लेकिन काफी शांत यह दौर भी बदला बदला नजर आ रहा है। आज के दो दशक पीछे के परिदृश्य को यदि देखा जाए तो अब वैसा कुछ नजर नहीं आता। उन दिनों प्रचार वाहनों के पीछे बिल्ला मांगने के लिए बच्चे दौड़ा करते थे। प्रचार वाहन बच्चों की टोली को देख कर रुक जाया करते थे।बड़े चाव से बिल्ला बांटते कुछ दलों से उन्हें छपे हुए टीन के बिल्ले मिलते थे कुछ दल दफ्ती व हार्ड पेपर पर बनाया बिल्ला देते बच्चे बिल्ले पाकर बहुत खुश हो जाया करते थे। एक दूसरे को लगाकर दिखाते थे टोपी और झंडी भी पर्याप्त मात्रा में उन्हें मिल जाया करती थी पोस्टर भी किसी किसी प्रत्याशी के प्रचार वाहन से उन्हें दे दिया जाता था। बच्चों की टोली किसी प्रत्याशी की टोपी लगाती थी जेब में कई कई प्रत्याशियों के बिल्ले लगा लेती थी हाथ में झंडी लेकर बालपन स्वभाव जैसा लोगों से सुन लेते थे वैसे नारा लगाया करते थे। अजब दौर होता था उस समय का प्रचार वाहन के लोगों को अंदाजा रहता कि बच्चे उनके पीछे दौड़ लिया करते थे जब प्रचार वाहनों के पास पर्याप्त प्रचार सामग्री नहीं होती थी वे झेप भी जाया करते थे। गांव की तरफ जाने के पहले प्रचार वाहन प्रचार सामग्रियों को देख कर निकलते थे उन्हें यह पता रहता था कि गांव में बच्चों की टोली से निबटना है। एक बार यह देखा गया कि बच्चे एक प्रचार वाहन के पीछे दौड़ लिये विरोधी दल के प्रत्याशी के जिंदाबाद के नारे लगाने लगे इस पर प्रचार वाहन में बैठे लोगों ने उतर कर बच्चों को पर्याप्त बिल्ला और झंडी दिए और अपने पक्ष में नारेबाजी करने के लिए कहा। बच्चों ने ठीक उसका अनुपालन किया और नारा लगाने लगे।

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थ को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी के द्वारा न्यायालय के एडीआर भवन में मध्यस्थों के द्वारा किए जा रहे मध्यस्थता का उनके साथ बैठ कर आकलन किया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों की चर्चा की गयी. आपराधिक, सिविल व पारिवारिक मामले समेत मध्यस्थता योग्य अन्य मामलों में नियमानुकूल कार्यवाही पर भी मंत्रणा हुई. अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों पर मध्यस्थ को विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

## आज का युवा बेरोजगार है : अखिलेश प्रताप




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा क्षेत्र देवरिया से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र के तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के लछिया देवरिया, लछिया खास,वनवीरा, कोटवा टीकमपार, मंगुरीपट्टी, समउर, गंगुआ बाजार, रामकोला पट्टी, रकवा, परसौनी बाजार, गाजीपुर, शिव सरैया, रगडगंज सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण कर, जनसंपर्क एवं संवाद किया। जनसंपर्क के दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने क्षेत्रीय जनता से संवाद स्थापित करते हुए कहा सत्तासीन जनप्रतिनिधियों ने तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है जिसके कारण यह क्षेत्र विकास से पूरी तरह अछूता है इस क्षेत्र में ना कोई उद्योग धंधे लगवाए ना ही कृषि विकास के संसाधन जिस कारण क्षेत्र के युवा बेरोजगार है तो किसान सहित आमजन हताश और परेशान है। गठबंधन प्रत्याशी श्री सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र के बंधो की हालत जर्जर है जिस कारण क्षेत्र के लोग हर साल भयंकर बाढ़ की विभीषिका झेलते है।

## शाखा प्रबंधक ने मृतक के वारिस को सौंपा चेक

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय स्टेट बैंक मिनवां शाखा के प्रबंधक श्यामबाबु प्रसाद ने मंगलवार को बीमा के बाद खातेदार की मौत के बाद वारिस को दो लाख का चेक सौंपा।शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक के खातेदार अखिलेश पांडेय ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 11 मई 2023 को कराया था।जिसकी किस्त बीस रुपया थी। 9 फरवरी 2024 को मार्ग दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गयी। प्रयास के बाद वारिस पति देवेन्द्र उर्फ योगेंद्र पाण्डेय को दो लाख का चेक सौंपा। शाखा प्रबंधक ने लोगों से बीमा कराकर जीवन सुरक्षित करने की भी अपील की गयी।

# अब तक कुल 18 प्रत्याशियों ने दाखिला किया पर्चा



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन आल इण्डिया फॉरवर्ड ब्लाक से राजू समेत पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अब तक कुल 18 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। बुधवार 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 17 मई को नामांकन पत्रों की वापसी के साथ चुनाव चिह्नों का भी आवंटन किया जाएगा। उसके बाद वैध प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को आल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक से राजू ने अपना पर्चा दाखिल किया, जबकि मोहम्मद साहेब निर्दल, प्रियश निर्दल, उत्कर्ष मौर्य-निर्दल व अमीय उपाध्याय निर्दल उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र भरा है। इसके अलावा सपा प्रत्याशी अजय प्रताप ने पुनः 2 सेट में तथा बसपा प्रत्याशी शुभनारायन चौहान ने 1 सेट में अतिरिक्त नामांकन पत्र दाखिल किया। इस तरह अब तक विभिन्न दलों व पार्टियों से कुल 18 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया है। गौरतलब है कि कल दिनांक 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा 17 मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। धाम वापसी के बाद वैध प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी।

## युवती को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया युवक, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती को कस्तूरबा विद्यालय जिला देवरिया के युवक ने बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवक और युवती की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक 19 वर्षीय युवती को कस्तूरबा विद्यालय जिला देवरिया के युवक ने 12 मई को सुबह 6 बजे घर से बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। युवती के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि राजन मद्धेशिया पुत्र ओमप्रकाश मद्धेशिया निवासी कस्तूरबा विद्यालय जिला देवरिया हमारी पुत्री से बराबर फोन पर बात चीत करता था, 12 मई को सुबह 6 बजे हमारे घर से हमारी पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर राजन मद्धेशिया के खिलाफ धारा 366 आईपीसी मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

# सीबीएसई बोर्ड के प्रयागराज रीज़न श्रेष्ठ में देवरिया सनबीम स्कूल का आया पांचवां स्थान उत्कर्ष मितल ने मारी बाजी

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** सनबीम स्कूल देवरिया की कक्षा 12वीं के छात्र उत्कर्ष मित्तल बने जिला टॉपर साथ ही प्रयागराज रीजन में भी संयुक्त रूप से पांचवा स्थान प्राप्त किया। सनबीम स्कूल देवरिया आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है।

अपनी स्थापना से लेकर आज तक सफलता की नित नई कहानी लिखता हुआ अपनी सफलता में एक और अध्याय जोड़ते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में यहां के मेधावियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर जनपद की मेधा सूची में ही नहीं बल्कि प्रयागराज परिक्षेत्र में भी स्थान बनाया। विद्यालय की कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्ग के छात्र उत्कर्ष मित्तल ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही प्रयागराज रीजन में भी संयुक्त रूप से पांचवा स्थान प्राप्त किया है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। 12वीं की छात्रा तनिष्ठा अग्रवाल 95.8 प्रतिशत, प्रज्ञा कुमारी 92.8 प्रतिशत, अन्वीक्षा द्विवेदी 92.2त्न तथा संस्कृति सिंह 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों की मेधा सूची में स्थान बनाया। कक्षा दसवीं के अब्दुल फैज 96.2 प्रतिशत रिया मिश्रा 96.2 प्रतिशत, अक्षय प्रताप राय 95.8 प्रतिशत, कुणाल सिंह 95.4 प्रतिशत, सुंदरम कानू 94.8 प्रतिशत, श्रेयाश्री राय 94.4 प्रतिशत अंकों सहित कुल 14 विद्यार्थी जिनमें अन्य अंशिका पांडेय,आकाश सिंह, अनुराग यादव, ओजस त्रिपाठी, श्रेया गुप्ता, समीर गुप्ता, निमिषा सिंह,मयंक कुमार रहे जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की मेधा सूची में स्थान बनाया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

इस उपलब्धि का श्रेय सनबीम विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयासों एवं छात्रों तथा शिक्षकों की कड़ी मेहनत व उनकी लगन और विद्यालय के अनुशासित शैक्षिक वातावरण को जाता है।

CMYK



# भाजपा दलित हितैषी, पूरा कर रही बाबा साहब का सपनाः कांता

अवधनामा संवाददाता

- सपा, बसपा और कांग्रेस ने दलित समाज को समझा वोट बैंक
- बाबा साहब ने हमको दिया दुनिया का सबसे अच्छा संविधानः मेनका

**सुलतानपुर।** कादीपुर में भाजपा द्वारा आयोजित अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन कों बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद कांता कर्दम ने कहा भाजपा ही दलितों की हितैषी पार्टी है। भाजपा डॉ अंबेडकर के सपने को साकार कर रही है। उन्होंने कहा 2017 से पहले यूपी में गुंडाराज व अराजकता का माहौल था।बहन बेटियां सुरक्षित नहीं थी।लोगों ने बेटियों को स्कूल जाना बंद कर दिया था। वही पीएम ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बेटी को बढ़ाओ के नारे को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और सम्मान दोनों हमारे समाज को भरपूर मिल रहा है। अब तक सपा बसपा और कांग्रेस दलितों को वोट बैंक समझते थे। उनके हित में कोई भी काम और योजनाएं लागू नहीं की। उन्होंने समाज के लोगों से मेनका संजय गांधी को ऐतिहासिक मतों से जिताने की अपील की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद मेनका ने कहा बाबा साहब की वजह से हमारा संविधान दुनिया का सबसे अच्छा संविधान है। प्रधानमंत्री ने उनके जीवन से जुड़े पांच स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया है। श्रीमती ने बताया कि वहज्ञजब अटल जी के समय केंद्र में मंत्री थी तब उन्होंने मुझसे कहा पूरे देश को अंबेडकर के बारे में जानकारी होनी चाहिए।



मेरे मंत्रालय ने अंबेडकर नाम की फिल्म बनाकर देश के साथ- साथ विदेशों में भी दिखाई। और लोगों को अंबेडकर की शख्सियत के बारे में जानकारी हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने सम्मेलन के अध्यक्षता करते हुए सरकार की तमाम योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा भाजपा ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है। सम्मेलन को राजेश गौतम ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सांसद मेनका गरीबों, दलितों व मजलूमों की आवाज हैं। वह गरीबों की मददगार बन कर आई हैं। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन राव कोरी ने सभी का आभार प्रकट किया। संचालन जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रामचन्द्र चौधरी, जिला महामंत्री घनश्याम चौहान, जिला मंत्री राजित राम, विश्व प्रताप कोरी, गुलशन सोनकर, अवधेश सम्राट, कमलेश कोरी प्रधान, चन्दन सोनकर, लालता प्रसाद प्रधान प्रदीप रजक, फूलचंद गौतम, राहुल गौतम, आशाराम, कमलेश गौतम, बुद्धिराम, प्रिंस प्रताप सैनी समेत बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति के लोग मौजूद रहे।


# भाजपा दलित हितैषी, पूरा कर रही बाबा साहब का सपनाः कांता कर्दम

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** कादीपुर में भाजपा द्वारा आयोजित अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन कों बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद कांता कर्दम ने कहा भाजपा ही दलितों की हितैषी पार्टी है। भाजपा डॉ अंबेडकर के सपने को साकार कर रही है। उन्होंने कहा 2017 से पहले यूपी में गुंडाराज व अराजकता का माहौल था।बहन बेटियां सुरक्षित नहीं थी।लोगों ने बेटियों को स्कूल जाना बंद कर दिया था। वही पीएम ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बेटी को बढ़ाओ के नारे को साकार कर रहे हैं।उन्होंने कहा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और सम्मान दोनों हमारे समाज को भरपूर मिल रहा है। अब तक सपा बसपा और कांग्रेस दलितों को वोट बैंक समझते थे।उनके हित में कोई भी काम और योजनाएं लागू नहीं की।उन्होंने समाज के लोगों से मेनका संजय गांधी को ऐतिहासिक मतों से जिताने की अपील की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद मेनका ने कहा बाबा साहब की वजह से हमारा संविधान दुनिया का सबसे अच्छा संविधान है। प्रधानमंत्री ने उनके जीवन से जुड़े पांच स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया है। श्रीमती ने बताया कि वहज्ञजब अटल जी के समय केंद्र में मंत्री थी तब उन्होंने मुझसे कहा पूरे देश को अंबेडकर के बारे में जानकारी होनी चाहिए। मेरे मंत्रालय ने अंबेडकर नाम की फिल्म बनाकर देश के साथ-साथ विदेशों में भी दिखाई।और लोगों को अंबेडकर की शख्सियत के बारे में जानकारी हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने सम्मेलन के अध्यक्षता करते हुए सरकार की तमाम योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा भाजपा ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है। सम्मेलन को राजेश गौतम ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सांसद मेनका गरीबों, दलितों व मजलूमों की आवाज हैं। वह गरीबों की मददगार बन कर आई हैं।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन राव कोरी ने सभी का आभार प्रकट किया। संचालन जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार ने किया।


# मादक पदार्थ तस्करी में एक अभियुक्त 600 ग्राम चरस सहित पकड़ा

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ़ पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01 अभियुक्त को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के कब्जे से 600 ग्राम नाजायज चरस बरामद की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अवैध मादक पदार्थों का व्यापार करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोहिनूर तिराहा से साकमर पुत्र फारूख को 600 ग्राम नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। अवैध चरस की बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना रामगढ़ पर मु0अ0स0 304/2024 धारा 8/20 NDPS ACT



पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, निरीक्षक अपराध रामप्रवेश, उ0नि0 विकास कुमार, उ0नि0 अतुल शर्मा, हे0का0737 राज कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण ने समर्थकों के साथ चलाया जनसंपर्क अभियान

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** भगवान कुश की नगरी कहे जाने वाले सुल्तानपुर जनपद में लोक सभा का होने वाला यह चुनावी समर एक दम चरम पर हैं, आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में जहां सपा बसपा के उम्मीदवार अपने पार्टियों की नीतियों को बताकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील कर रहे है, तो वही सांसद मेनका संजय गांधी को भारी मतों से जिताने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल अपने पालिका के सभासदों और समर्थकों के साथ 25 वार्डों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से सांसद मेनका गांधी को मतदान करने का अनुरोध कर रहे है, वार्ड नंबर 1 से नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने जनसंपर्क अभियान की शुरवात की, जो विवेक नगर,आदर्श नगर, निराला नगर, पलटन बाजार, सिरवारा, कृष्णा नगर, राईन नगर, सीताकुंड, विनोभापुरी गभड़िया जैसे सभी वार्डो में कार्यक्रमानुसार डोर टू डोर जन संपर्क कर, मोदी योगी के द्वारा किए गए कार्यो की उपलब्धियों को बताते हुए नगर के मतदाताओं से सांसद मेनका संजय गांधी को वोट देने का अनुरोध कर रहे है। इस दौरान अध्यक्ष नगर पालिका ने मतदाताओं को समझाते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वाश के साथ काम करती चली आ रही है, हर गरीब परिवार खुशहाल रहे जिसको मोदी सरकार ने पक्का घर, फ्री राशन, जल मिशन योजना के साथ हर घर में जल पहुंचाने का काम किया है, वही अध्यक्ष नगर पालिका ने कहा कि हमारी सांसद



- मोदी योगी के कार्यों के उपलब्धियों को बताते हुए सांसद मेनका गांधी को वोट देने की मतदाताओं से किया अपील
- नगर के पचीसो वार्डो में नगर पालिका अध्यक्ष का चला डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

मां मेनका संजय गांधी ने भी अपने पांच वर्षो के कार्यकाल में जनपद का विकास किया है, चाहे नगर की सड़को की चौड़ीकरण का काम हो, गुमटी पटरी दुकानदारों के लिए स्थाई वेंडिंग जोन स्थापित करने का काम हो, जनपद में नवोदय विद्यालय, फायर स्टेशन बनवाने का काम हो या फिर मेडिकल कालेज का निर्माण जैसे तमाम विकास के कार्य सांसद मेनका संजय गांधी द्वारा किया गया है , वही उन्होंने आगे कहा कि कोरोना कॉल के दौर में भी, मां मेनका संजय गांधी जनपद वासियों के साथ खड़ी रही हैं । उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी 25 मई को जब आप अपने बूथ पर जाइयेगा तो एक बार मां मेनका संजय गांधी के पांच वर्षो के कार्यकाल के बारे में अवश्य सोच कर कमल के सामने वाले बटन को दबाकर मां मेनका गांधी को भारी मतों से जिताकर दूसरी बार भगवान कुश की नगरी सुल्तानपुर जनपद का दुबारा सांसद बनाइयेगा। उन्होंने कहा कि आपका एक मतदान महत्वपूर्ण मतदान है पहले मतदान फिर जलपान कीजिएगा क्यों कि आप के एक मतदान से देश की दशा और दिशा बदल जायेगी।

## संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन, की जांच की मांग

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम एक ज्ञापन पत्र देते हुए प्राथमिक विद्यालय में हुयी घटना की घोर निन्दा पूरे प्रकरण की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। उ0प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ ने एक ज्ञापन पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय रैपुरा विकास खण्ड नारखी में गत दिवस हुयी घटना की उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ घोर निन्दा करता है। साथ ही शिक्षकों को विद्यालयों में भयमुक्त वातावरण देने एवं अराजक तत्वों का विद्यालयों में दखल रोकने एवं उक्त विद्यालय की रसोईया जिसने शिक्षक की गरिमा से खिलवाड़ किया है तत्काल हटाने की अपेक्षा रखता है। शिक्षकों के सम्मान में संघ आपसे भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों इसलिए पूरे प्रकरण पर एक समिति बनाकर जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने की अपेक्षा रखता है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष डॉ0 शौर्य देव मणि यादव, जिला मंत्री कमल कान्त पालीवाल, अवधेश, हरिओम यादव, दिनेश राजा आदि थे।

# विशाल मतदाता रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विशाल मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ तुवन मंदिर प्रांगण से किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, जिसमें हजारों की संख्या में स्कूली बच्चे, आम जनमानस व प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने सामूहिक रूप से उपस्थित जनसमूह को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलायी तथा भव्य रैली/जुलूस के साथ नगर भ्रमण कर मतदाताओं को जागरुक किया। नगर के सार्वजनिक स्थलों पर रैली में बुन्देली नृत्य, नौटंकी, डीजे, सैरा व दिल-दिल घोड़ी के माध्यम से मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरुक किया गया। बच्चों ने देश



- हजारों की संख्या में आम नागरिक जुलूस में हुये शामिल
- मतदाता जागरूकता रैली में दिल दिल घोड़ी व बुन्देली नृत्य रहे आकर्षण का केन्द्र
- आम नागरिकों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर भ्रमण कर मतदान हेतु की अपील
- वृहद मतदाता जागरूकता रैली में लोगों को शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ

के महापुरुषों के परिधान पहनकर मतदाताओं को जागरुक किया, साथ ही बुन्देली नृत्य व सैरा का प्रदर्शन किया गया, जिन्हें देख स्थानीय लोग अति उत्साहित होकर रैली में बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिलाधिकारी ने मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान है, जिसके लिए जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण हैं, प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करा ली गई हैं, मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सभी मतदाता 20 मई के दिन घरों से निकलकर अधिक से अधिक मतदान करें, साथ ही बच्चों का भी यह दायित्व है कि वे अपने घर के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इस बार रिकार्ड मतदान कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें जिला प्रशासन व मतदाताओं की सहभागिता जरूरी है। इसमें प्रत्येक मतदाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वे अपने स्तर से भी अन्य मतदाताओं को जागरुक कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.इम्तियाज अहमद, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय सहित अन्य प्रमुख अधिकारीगण, स्कूली बच्चे, आम नागरिक उपस्थित रहे।

## बकरी चराने गए युवक की पैर फिसलने से मौत

**फिरोजाबाद।** थाना बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र के अन्तर्गत बकरी चराने गए एक बालक का यमुना में पैर फिसलकर डूबने से मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर पहुंचे लोगों ने खोजबीन कर बालक के शव को बाहर निकाला एवं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। थाना बसई मौहम्मदपुर क्षेत्र के अन्तर्गत गांव माडवा निवासी विपिन कुमार (12) पूरन सिंह यमुना किनारे बकरियां चराने गया था। गांव के अन्य बच्चे भी उसके साथ थे। इसी दौरान वह यमुना में नहाने लगा। पैर फिसलने से वह यमुना में डूब गया। उसके साथ के बच्चों ने शोर मचाया तो काफी लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने यमुना में डूबे बालक की तलाश करनी शुरू कर दी। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बालक को यमुना से बाहर निकालकर लाए तो उसकी मौत हो गई। बालक की यमुना में डूबने से मौत की जानकारी होने पर पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने लोगों से पूछताछ की। बाद में उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लेकर आई। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पता चलते ही उसके परिजन और रिश्तेदार जिला अस्पताल पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### 93 प्रतिशत अंक पाकर किया नाम रोशन



**सुल्तानपुर, लंभुआ।** जनपद के प्रयागराज रोड पर जोगीवीर स्थित महर्षि विद्या मंदिर में अध्ययनरत इंटर की छात्रा गौरवी वरनवाल ने सी वी एस सी बोर्ड में 93 प्रतिशत अंक पाकर जिले का नाम रोशन किया है। जनपद की लंभुआ तहसील क्षेत्र के पाठखौली निवासी डा0 संतोष बर्नबाल व अपना वरनवाल की पुत्री गौरवी ने इसका श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है।उसने बताया कि उसकी मां अपना व पिता डा0संतोष बरनबाल उसे आगे बढ़ने की हमेशा प्रेरणा देते रहे हैं।उसने अपने गुरुजनों का भी आभार व्यक्त किया है कि जिनके मार्गदर्शन में उसने ये सफलता प्राप्त की है।

### 70 वार्डो में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सर्वे सूचना अधिकारी को सौंपे

**फिरोजाबाद।** उच्चतम न्यायालय, में दाखिल सिविल रिट पिटीशन (पीआईएल) नं0-324/2020 डा0 बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑल इंडिया एण्ड अदर्स में पारित 20.10.2023 के क्रम में मैनुअल स्कैवेंजर्स एवं अस्वच्छ शौचालयों का पुनः सर्वेक्षण कराया जा रहा है। मैनुअल स्कैवेंजर्स/इनसेनेटरी लैट्रिन के सर्वेक्षण के सम्बंध में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र कुमार को दवकंस आधिकारी नामित किया गया है। नगर निगम सीमांतर्गत स्थित सभी 70 वार्डो मे क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अपने अपने सफाई नायकों के साथ मिलकर उक्त सर्वे को कराकर सूचना नगर स्वास्थ्य आधिकारी को सौपेंगे। तत्पश्चात नगर स्वस्थ आधिकारी उक्त रिपोर्ट की सूचना समाज कल्याण विभाग तथा उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित करेंगे।

### डीएम व एडीएम ने स्ट्रॉग रूम का औचक निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** 2024 लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में जनपद में हुए चुनाव के मद्देनज़र ईवीएम मशीनों की सुरक्षा हेतु डीएम व एडीएम ने मण्डी समिति शिकोहाबाद में पहुंचकर स्ट्रॉग रूम का औचक निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने मण्डी समिति में लगे कैमरों एवं डिस्प्ले आदि का भी निरीक्षण किया एवं सम्बन्धितों को कड़े निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ईवीएम मशीनों की सुरक्षा की दृष्टि हेतु अचानक स्ट्रांग रूम मंडी समिति शिकोहाबाद पहुंचें जहां उन्होंने में मशीनों का औचक निरीक्षण किया। वहीं सीसीटीवी कैमरा, डिस्प्ले आदि को देखा तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि मण्डी समिति में लगे किसी कैमरे में कोई कमी नहीं आनी चाहिए, यदि ऐसा होता है तो तुरन्त ठीक कराए जाएं।

### ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए 25 तक आवेदन कर सकते हैं विधि छात्र

**बहराइच।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच विराट शिरोमणि ने बताया कि विधि छात्र-छात्राओं के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा किया जायेगा। विधि के छात्र/छात्राओं हेतु 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप प्रोग्राम एवं 20 दिवसीय प्रोजेक्ट वर्क का आयोजन जोन लखनऊ द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। सचिव, श्री शिरोमणि ने बताया महाविद्यालयों के इच्छुक छात्र-छात्राएं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के कार्यालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ में अपने आवेदन-पत्र 25 मई 2024 को अपरान्ह 01:30 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मतदान में पुरूषों से आगे रही महिलाएं

**बहराइच।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 अंतर्गत सोमवार को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बहराइच(आ0ज0) में सम्पन्न हुये मतदान प्रक्रिया में 57.42 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। पुरूषों के मतदान का प्रतिशत 56.54 प्रतिशत रहा। जबकि महिलाओं ने 58.40 प्रतिशत मतदान कर पुरूषों से बाजी मार ली। विधान सभावार मतदान प्रतिशत की बात की जाय तो बलहा(आ0ज0) में 58.07, नानपारा में 56.7, मटेरा में 56.64, महसी में 61.05 तथा बहराइच में 55.04 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# भाजपा के उम्मीदवार पं अनुराग के पक्ष में मतदान करने की अपील

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नगर मण्डल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में आज मोहल्ला चौबयाना में जनसम्पर्क कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सडैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र गुरु, दिनेश गोस्वामी एड, ब्रजेन्द्र राजपूत, नगर महामंत्री दीपक पाराशर, रवि साहू, नगर मीडिया गोल्डी राजपूत, नगर उपाध्यक्ष दीपक वैध, भगत सिंह राठौर, दीपक सिंघई, दीपक वैद्य , अभिषेक सोनी, धर्मेन्द्र राजपूत दाऊ, मनीष बजाज, मनोज खटीक, अर्चना राजपूत, स्वाति जैन, रखी ताम्रकार, रानी जहां, रामरति रैकवार, राम सिंह यादव, कल्लन कुशवाहा, अब्दुल नासिर मंसूरी, डॉ.तेजस्व श्रीवास्तव, वैभव गुप्ता, राकेश कुशवाहा, रवि मिश्रा, अजय जैन साइकिल, लकी गुप्ता, कमलेश सोनी, नदीम, संतोष कुशवाहा, आसिफ खान, के.के. साहू, सुमित शौर्य, रुद्र प्रताप सिंह, संतोष चौरसिया, गब्बर अहिरवार, सचिन साहू, करन कुशवाहा, बालकिशन राजपूत, अमरदीप, विनोद कुशवाहा, राजू कुशवाहा, हर्षराज नामदेव आदि उपस्थित रहे। इधर आज माननीय सदर विधायक श्री राम रतन कुशवाहा जी एड के नेतृत्व में मंडल तालबेहट के ग्राम खांदी , मुक्टोरा , म्यांब, बोलाई आदि ग्रामों में सघन संपर्क किया। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि यह तो जाहिर ही है कि हम चुनाव तो जीत ही रहे हैं लेकिन अब प्रयास यह होगा कि हम जीत के अन्तर को पांच लाख से अधिक कितनी ऊपर तक ले जाते हैं। उन्होंने मतदाताओं से अनुरोध करते हुये कहा कि मतदान के दिन आप सब, सबसे पहले मतदान करें उसके बाद जलपान करें। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा चार सौ पार हो रही है। इस अवसर पर उनके साथ में मंडल अध्यक्ष नीरज पटेरिया मंडल उपाध्यक्ष राजू चौबे दिवाकर नाथ चौबे सुबोध दीक्षित कपिल पुरोहित राजेंद्र लिटोरिया देवेन्द्र कुशवाहा विजय परिहार। प्रधान दीपचंद कुशवाहा सचिन यादव मनोज कुशवाह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक ने धारदार हथियार से काटी नस, घायल

**फिरोजाबाद।** थाना लाइनपार क्षेत्र के अन्तर्गत आलमपुर में एक युवक ने टेंशन में आकर धारदार हथियार से अपने हाथ की नस को काट लिया जिससे वह घायल हो गया। परिजन तुरन्त जिला चिकित्सालय लेकर आए जहां उसका उपचार कर घर भेज दिया है। थाना लाइनपार के आलमपुर जारखी निवासी 20 वर्षीय करतार सिंह ने हाथ की नस धारदार हथियार से काटकर घर पहुंच गया।

परिजन लहूलुहान अवस्था में युवक को सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे। युवक के हाथ की नसें कटी होने के साथ सिर पर निशान थे। करतार सिंह का कहना था कि उसने खुद ही टेंशन में आकर नसों को काटा है। हालांकि परिजन उसका थोड़ी देर उपचार कराने के बाद छुट्टी कराके ले गए। चर्चा है कि युवक दो दिनों से घर से लापता था।

# आठ माह की बच्ची से दुष्कर्म

- बालाबेहट क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में हुई घटना
- दुष्कर्म के एक घंटे बाद पुलिस ने आरोपी को दबोचा

ललितुपर। आठ माह की मासूम दूधमुंही बच्ची से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। थाना बालाबेहट क्षेत्र से प्रकाश में आये इस प्रकरण में पुलिस ने आरोपित युवक को धर दबोचा है, तो वहीं दूसरी ओर इस घटना के बाद से गांव में लोगों में स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रकरण को लेकर बताया गया है कि थाना बालाबेहट क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में रहने वाला भरत पुत्र वंशी सहरिया पड़ोस में एक आठ माह की बालिका को खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। आरोप है कि खिलाने के बहाने भरत सहरिया ने दूधमुंही बच्ची के साथ दुष्कर्म कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने तत्काल थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के एक घंटे बाद ही आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने पकड़े गये भरत सहरिया के खिलाफ धारा 376 ए.बी. व पॉक्सो एक्ट की धारा 5 एम/6 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इसके अलावा महिला कांस्टेबिल के जरिए बालिका को चिकित्सीय उपचार के लिए भेजा गया है। प्रकरण की सूचना मिलने पर पुलिस विभाग के आलाधिकारियों द्वारा मौके का मुआयना किया गया। इधर जानकारी में बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश व एएसपी अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी पाली रक्षपाल सिंह के संयुक्त पर्यवेक्षण में उक्त प्रकरण में अभियुक्त भरत सहरिया को हिरासत में लिया गया है।

# गल्ला मण्डी परिसर में सम्पन्न हुई संवीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 56-बहराइच (अ.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा (अ.जा.), 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी एवं 286-बहराइच के लिए 13 मई 2024 को सम्पन्न हुए मतदान प्रक्रिया की संवीक्षा हेतु कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। इसके उपरान्त प्रेक्षक, डीएम व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों ने समीक्षा में मौजूद प्रत्याशियों, प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भ्रमण कर स्ट्रांग रूम व्यवस्था का जायजा लेते हुए की गयी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा सील्ड इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन/ वीवीपैट स्ट्रांग रूम की निगरानी



हेतु स्थापित किये गये क्लोज़ सक्रिट टीवी कैमरों, पेयजल, शौचालय एवं छांव इत्यादि व्यवस्थाओं पर भी संतोष व्यक्त किया। बैठक में मौजूद प्रत्याशियों, उनके अभिकर्ता तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका ने बताया कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर, बहराइच के विभिन्न कक्षों/दुकानों में बने स्ट्रांग रूम में रखी गई सील्ड इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन/वीवीपैट की निगरानी हेतु सबसे बाहरी परिधि के बाहर पेयजल, शौचालय, स्ट्रांग रूम तथा देखने के लिए सीसीटीवी की व्यवस्था की गई है। डीएम ने 56-बहराइच (अ.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के समस्त निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को बताया कि सील्ड स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए स्वयं अथवा किसी प्रतिनिधि को प्राधिकृत कर उसके उपस्थित रहने के लिए अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग आफिसर्स व अन्य सम्बंधित अधिकारी, सपा प्रत्याशी रमेश चन्द्र, भाजपा प्रत्याशी आनन्द कुमार के प्रतिनिधि बैजनाथ रस्तोगी व सुनील श्रीवास्तव, सपा प्रत्याशी के प्रतिनिधि जफर उल्लाह खां बंटी, निर्दलीय प्रत्याशी जर्नादन गोड़ व जगराम तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

CMYK

# गैंगस्टर एक्ट के तहत चार अभियुक्तों की संपत्ति कुर्क

## गैंगस्टर एक्ट के तहत पांच करोड़ चार लाख चौतीस हजार पाँच सौ छप्पन रुपये की संपत्ति कुर्क

**अवधनामा संवाददाता**

**जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर इलाके में कराई गई मुनादी**

**हमीरपुर** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु व अपराधिक कृत्यों से चल व अचल संपत्ति के जब्तीकरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तगण सोनू गुप्ता उर्फ शिवकुमार उर्फ शिवप्रकाश पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ साधू ,रामप्रकाश उर्फ प्रांशू गुप्ता पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ साधू निवासीगण मुहल्ला चाँदथोक कस्वा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर मूल पता- ग्राम गौरीकला थाना जसपुरा जिला बाँदा,उमाकान्त गुप्ता पुत्र रामसजीवन निवासी मुहल्ला चाँदथोक कस्वा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर मूल पता- ग्राम रैपुरा थाना जसपुरा जिला बाँदा व रिजवान उर्फ गुड्डू पुत्र नाजिम खाँन निवासी मुहल्ला चाँदथोक कस्बा व थाना सुमेपुर जनपद हमीरपुर, की रिपोर्ट प्रभारी निरीक्षक थाना कुरारा के द्वारा प्रेषित धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही कर उपरोक्त अभियुक्तों व अभियुक्तों द्वारा स्वयं के परिवारिजन व मित्रगण के नाम क्रय की गई सम्पत्ति तीन मकान, एक ईट भट्ठा, तीन भू-खण्ड, पांच वाहन व एक धर्मकाँटा जिसकी अनुमानित कीमत पांच करोड़ चार लाख चौतीस हजार पाँच सौ छप्पन रुपये कुर्क की



गयी है।अभियुक्तगण सोनू गुप्ता उर्फ शिवकुमार उर्फ शिवप्रकाश पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ साधू, रामप्रकाश उर्फ प्रांशू गुप्ता पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ साधू निवासी गण मुहल्ला चाँदथोक कस्वा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर मूल पता ग्राम गौरीकला थाना जसपुरा जिला बाँदा, उमाकान्त गुप्ता पुत्र रामसजीवन निवासी मुहल्ला चाँदथोक कस्वा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर मूल पता ग्राम रैपुरा थाना जसपुरा जिला बाँदा व रिजवान उर्फ गुड्डू पुत्र नाजिम खाँन निवासी मुहल्ला चाँदथोक कस्बा व थाना सुमेपुर जनपद हमीरपुर के आपराधिक किस्म के व्यक्ति है। इनके विरुद्ध थाना सुमेरपुर पर गैंग बनाकर, आपराधिक घटनाओ मे संलिप्त रहकर,विद्युत अधिनियम, खेसारी अधिनियम, सम्पत्ति, जान माल की धमकी देने, गाली-गलौज व मारपीट जैसी घटना कारित करते है। अभियुक्तगण द्वारा गिरोह बनाकर जीवकोपार्जन हेतु अपराध के अलावा कोई अन्य व्यवसाय व आय का स्रोत नहीं है। अभियुक्तगण पूर्व से आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहकर संपत्ति संबंधी आपराधिक कार्य कर अपराध से अर्जित अवैध धन (चल/अचल) संपत्ति को अपने व अपने परिवारजन व मित्रगण के नाम विभिन्न प्रकार की संपत्ति अर्जित करते रहते है।

# स्वीप कमेटी की बैठक में मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**सरीला (हमीरपुर)** जिला स्तरीय अधिकारियों की अध्यक्षता में विकासखंड के सभागार में स्वीप कमेटी की बैठक संपन्न हुयी जिसमें अफसर ने मौजूद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गांव-गांव में मतदान के लिए लोगों में जागरूकता लाने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में मंगलवार को विकासखंड के सभागार में स्वीप कमेटी की बैठक में मौजूद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बुंदेली गीतों के माध्यम से मतदान जागरूकता के गीत पेश किये। बैठक की अध्यक्षता करते हुये सीडीओ ने कहा कि गांव में चल रहे जागरूकता



अभियान में और तेजी लायी जाए लोगों को मतदान का महत्व समझाते हुये मतदान के लिए प्रेरित करें। जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव ने जागरूकता अभियान में तेजी लाने के निर्देश कर्मचारियों को दिये। परियोजना निदेशक साधना दीक्षित ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा सजाई गयी रंगोली वह गीतों की प्रस्तुति की सराहना की। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी राम मनोहर सोनी, सचिव श्याम सुंदर, राधे श्याम, दिनेश दीक्षित, मुकेश कुमार, गगन सोनी, कुलदीप कुमार, सुरेश कुमार वर्मा, बिनय यादव, आनंद कुमार सहित बाल विकास विभाग, विकास व पंचायत विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# वाहनों पर स्टीकर लगाकर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** आगामी बीस मई को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान को लेकर मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके चलते दो पहिया और चार पहिया वाहनों में स्टीकर लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। कस्बे के बाहर से निकलने वाले नेशनल हाईवे 34 पर मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पूर्ति अधिकारी रूपेश कुमार,जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र, खण्ड विकास अधिकारी दुर्योधन, इण्डियन आयल के विक्रम अधिकारी निर्मल सहित अन्य जिम्मेदार लोगों ने हाईवे से गुजरने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहनों में मतदाता जागरूकता अभियान के स्टीकर लगाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया।साथ ही मतदान वाले दिन सारे काम छोड़कर पहले मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## युवती को बहला फुसला कर ले गया युवक

**राठ।** विगत चार दिन पूर्व एक गाँव निवासी युवती को एक युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। युवती जाते समय घर में रखी नगदी व जेवरात भी ले गयी। जिसकी लिखित शिकायत युवती के दादा ने राठ कोतवाली में की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी व्यक्ति ने बताया कि विगत 10 मई की रात जब उसकी नातिन अपनी दादी के साथ सो रही थीं। तभी ग्राम सरसई निवासी लकी द्विवेदी पुत्र संतोष ने उसे फोन कर अपनी बातों में बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। नातिन के गायब होने पर जब उसने खोज खबर ली तो पता चला कि ग्राम सरसई निवासी सुरेंद्र पाल उर्फ बिल्ला पुत्र चौकीदार उसे अपनी बाइक में बैठाकर ले गया है। पीड़ित ने बताया कि उसका पुत्र अपनी पत्नी सहित गुजरात में रहकर मजदूरी करता है। और नातिन उनके पास रहती थी। जो घर से भागते समय अपने साथ घर मे रखे ढाई लाख रुपये की नगदी सहित सोने की दो अंगूठी, जंजीर इत्यादि भी अपने साथ ले गयी है।

# 17 मई को मोदी की रैली को लेकर हेलीपैड तैयार बम निरोधक दस्ता सहित प्रशासन ने डाला डेरा

**अवधनामा संवाददाता**

**राठ।** 17 मई को प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा को लेकर बीएनवी के मैदान में बनाए जा रहे हेलीपैड और सभास्थल का निर्माण कार्य पर एसपीजी की निगरानी में चल रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से बम निरोधक दस्ता नें चप्पे-चप्पे का बडी बारीकी से निरीक्षण किया है। हेलीपैड और सभास्थल का कार्य तेजी से किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा बीएनबी इंटर कालेज के मैदान पर होगी। जिसको लेकर एसपीजी, बम निरोधक दस्ता और खुफिया विभाग ने डेरा डाल लिया है। आज कॉलेज में तीन हेलीपैड और सभास्थल को एसपीजी टीम अपनी देखरेख में निर्माण कार्य करा रही है। सभा स्थल के लिए तेजी से पंडाल व बेरीकेटिंग का कार्य चल रहा



है। दर्शकों के लिए कुर्सियां और कूलर की व्यवस्था होने लगी है। एसपीजी के अधिकारी हर व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। मंगलवार को बम निरोधक दस्ता और खुफिया विभाग की टीम ने मैदान में पहुंच चप्पे-चप्पे पर निगरानी कर रही है। मैदान के बाहर सड़क किनारे चारों ओर साफ सफाई कार्य तेजी से चल रहा है। वीएनबी डिग्री व इंटर कॉलेज के मैदान में कड़ी सुरक्षा लगा दी गई है। ताकि कोई भी बाहरी व्यक्ति अंदर नहीं जा सके। डीएम राहुल पांडे, एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा व जिले के प्रशासनिक अधिकारी रहे। वही रैली प्रभारी हरीश भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला प्रभारी देवेश कोरी, उमाकांत लोधी, मनोज कुमार गुप्ता, के के बंटी, महेंद्र शुक्ला, नवेंद्र सिंह, जयशंकर त्रिपाठी ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने बताया कि पुलिस व प्रशासन रैली के लिए पूरी तरह सतर्क है एक लाख से अधिक भीड़ के लिए पूरी व्यवस्था बनाई जा रही है। भाजपा कार्यकर्ता कस्बे की गली गली घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली का आमंत्रण दे रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किशोर गंभीर, रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** डीजे लगा रहा किशोर हाईटेंशन लाईन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कस्बे निवासी कल्लू(16)पुत्र हसन डीजे बजाने का काम करता है और कस्बे के फत्तेपुर में किसी कार्यक्रम में डीजे लगा रहा था तभी वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस कर सड़क में गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आनन फानन में इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से युवक को गंभीर चोंटो के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है फिलहाल युवक को गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं।

## पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** एक मां ने अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है जिसपर पुलिस ने दो लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिसौली निवासी राजकुमारी पत्नी देवनारायण ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी 24 वर्षीय पुत्री प्रीति को गांव के बद्री और परछ्छ निवासी छोटे बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गए हैं पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बीस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।**।चुनावी सीजन में पुलिस की व्यस्तता का लाभ उठा कर मादक पदार्थो के तस्कर धड़ल्ले से तस्करी कर रहे हैं जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने नेशनल हाईवे के निकट से करहया निवासी किशोरीलाल पुत्र मुल्लू को बीस लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## नाजायज तमंचा के साथ गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के भैंसता निवासी पप्पू पुत्र घसीटा को एक नाजायज तमंचा 315 बोर और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## पूर्व चेयरमैन की तहरीर पर चोरी का मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** विद्यालय में हुई चोरी के मामले में पूर्व पालिका अध्यक्ष की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया गया है। कस्बे के हुसैनिया निवासी पूर्व पालिका अध्यक्ष बिंदा प्रसाद ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि कस्बे के प्राथमिक विद्यालय हुसैनिया में बीते दिनों अज्ञात चोरों ने लगभग बारह हजार रुपये का सामान और नकदी चोरी कर ली थी जिसपर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी व साले के विरुद्ध मारपीट की दर्ज कराई रिपोर्ट

**राठ।** कोतवाली के नदना गांव निवासी प्रांजुल पुत्र माता प्रसाद ने बताया कि सात मई की सुबह साढ़े नौ बजे वह हार्वेस्टर की कटाई का रुपया लेने कछवां कलां गांव आया था। वापिस आते समय उसकी पत्नी पूनम पुत्री रघुवीर निवासी लोधीपुरा थाना जलालपुर अपने भाई अंकित के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे सर्विस रोड उमरिया गांव के पुल के पास नरसिंह भगवान मंदिर के आगे दोनों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह राहगीरों ने उसे बचाया।

# नामांकन प्रक्रिया का लिया जायजा

**अवधनामा ब्यूरो**

**सामान्य प्रेक्षक ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 वं दुद्धी विधान सभा उप निर्वाचन, 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु नामांकन स्थल का किये निरीक्षण**



**सोनभद्र।** सामान्य प्रेक्षक जी. जया लक्ष्मी (आई.ए.एस.) ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 हेतु निर्धारित नामांकन स्थल पर पहुंचकर की जा रही नामांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह से जानकारी प्राप्त की, इस दौरान उन्होंने पूर्व के दिवस में किये गये नामांकन प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग को भी देखा, इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक ने विधान सभा उप निर्वाचन दुद्धी हेतु बनाये गये नामांकन स्थल का भी निरीक्षण की, निरीक्षण के दौरान उन्होंने किये जा रहे नामांकन प्रक्रिया को को देखा और निर्वाचन अधिकारी/उप जिलाधिकारी दुद्धी से नामांकन प्रक्रिया के दौरान की जा रही कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, इसके पश्चात प्रेक्षक महोदय ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 के प्रक्रिया के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण की, निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान टोल फ्री नम्बर व टेलीफोन नम्बर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और शिकायतों के संदर्भ में प्राप्त निस्तारण आख्या के पत्रावली का अवलोकन भी की और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप सी.विजिल ऐप, टोल फ्री नम्बर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को नियमित रूप से निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान प्रेक्षक सामान्य ने एफएसटी टीम के भ्रमण के सम्बन्ध में भी जानकारी प्रापत की, उन्होंने इस दौरान मीडिया सर्टिफाईन मानीटरिंग कमेटी (एम.सी.एम.सी.) के माध्यम से समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के अवलोकन के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सहदेव कुमार मिश्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, लाईजनिंग आफिसर सरिता सिंह, साधना मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने फिर से लहराया परचम



**सोनभद्र/रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के कक्षा बारहवीं के छात्रों ने एक बार पुनः कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों ने अपने अथक परिश्रम एवं शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सीबीएसई की एआइएस एससीई की बोर्ड परीक्षा में कुल 106 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसका परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की मेधावी छात्रा सुहानी गुप्ता पुत्री रमेश प्रसाद, विज्ञान वर्ग में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर रहीं। विज्ञान वर्ग में ही छात्र अनुज कुमार यादव पुत्र पुष्पा यादव, अनीष कुमार सिंह पुत्र अजय पाल सिंह ने क्रमश 94.4 एवं 93.6 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं छात्र धीमन सिंह पुत्र मनोज सिंह 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके वाणिज्य वर्ग में प्रथम स्थान पर परचम लहराया। छात्रा नन्दनी साहा पुत्री मलय साहा, रिद्धी सिंह पुत्री राहुल कुमार सिंह ने क्रमश 94.8 और 94.6 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करके विद्यालय का मान बढ़ाया।

# एनटीपीसी-विंध्याचल वीवा क्लब द्वारा चेस एवं कैरम प्रतियोगिता का किया गया उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल वीवा क्लब द्वारा 15 दिवसीय वीवा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बैडमिंटन, चेस, कैरम आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल है। इसी कड़ी में दिनांक 13.05.2024 को वीवा क्लब द्वारा चेस एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता बड़े उत्साह के साथ सभी बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमहाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष (वीवा क्लब) के के वशिष्ठ, महाप्रबंधक(हरित रसायन) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक(आर एल आई) त्रिलोक सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें, जिन्होंने इस प्रतियोगिता के दौरान उपस्थिति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। सभी बच्चों ने काफी लगन एवं मेहनत के साथ इस प्रतियोगिता को खेला एवं इसका आनंद उठाया। तत्पश्चात जनरल सेक्रेटरी वीवा क्लब विवेक सिंह द्वारा पूर्व अध्यक्ष वीवा एवं महाप्रबंधक(परियोजना) के के वशिष्ठ के लिए अभिननंदन समारोह का आयोजन किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल के मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा , अन्य महाप्रबंधकगण द्वारा मुख्य अतिथि के के वशिष्ठ को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्ष वीवा एवं महाप्रबंधक(परियोजना) के के वशिष्ठ ने अपने सम्बोधन में एनटीपीसी विंध्याचल में बिताए गए पलों एवं विभिन्न अनुभवों को भी के साथ साझा किया। विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान मुख्यमहाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा द्वारा वीवा परिवार की तरफ से मुख्य अतिथि केके वशिष्ठ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं यूनियन व एशोसिएशन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## युवती ने दबंग पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक दबंग युवक ने गांव की ही निवासी एक युवती के घर जाकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़ा हुआ। पीड़िता ने घटना की लिखित शिकायत राठ कोतवाली में की है। युवती ने बताया कि गांव का ही निवासी एक युवक अक्सर उसे परेशान करता रहता है तथा उसे फोन करके अश्लील बातें करते हुए गाली गलौज करता है तथा रास्ते में आने जाने के दौरान उसका पीछा कर उसके साथ छेड़खानी करने लगता है। इसके साथ ही उसकी गंदी वीडियो वायरल करने की धमकी देता है।

# तीन मंत्रियों के साथ भाजपा अपना दल ने किया नामांकन

**बाभन ठाकुर के विवादित बोल पूछने पर विधायक ने लगाया जय श्री राम का नारा**

**परिवारवाद नहीं यह जनता के विकास वाली पार्टी है मंत्री**

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी व अपना दल एस गठबंधन कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को तीन मंत्री तीन विधायक,भजपा व अपना दल एस अध्यक्ष , लोकसभा चुनाव प्रभारी के नेतृत्व में जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता व अपना दल एस जिला अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल ने बताया कि भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी रिकी कोल के नामांकन को लेकर मौजूद अपना दल मंत्री आशीष पटेल मंत्री दयाशंकर दयाल मंत्री संजीव गॉड सदर विधायक भूपेश चौबे घोरावल विधायक अनिल मौर्य लोकसभा जिला प्रभारी अमरेश पटेल राज्यसभा सांसद राम सकल अध्यक्ष रूबी प्रसाद पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा वह सैकड़ो गठबंधन कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा पार्टी कार्यालय से भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट गेट पहुंचकर कार्यकर्ता वह प्रत्याशी उम्मीदवार के साथ नामांकन किया गया इस दौरान मंत्री आशीष पटेल से ब्राह्मण ठाकुर के बिगड़े बोल को लेकर प्रश्न किया गया तो गोल मटोल जवाब देते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे के नेतृत्व में जय श्री राम के नारे लगाकर मैं बात को घुमा दिया गया वहीं इसी दौरान परिवारवाद पर उठे सवाल पर भी जनता के विकास वाली पार्टी भाजपा अपना दल पार्टी बढ़कर इधर-उधर के सवालों पर जवाब देते दिखे मंत्री विधायक व कार्यकर्ता। वही नामांकन सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी ने कहा 2024 का चुनाव नरेंद्र मोदी बनाम अन्य है मतदाता प्रत्याशी को नरेंद्र मोदी मानकर मतदान कर रहा है एक एक मत 2047 के विकसित भारत का संकल्प है। 80 लोकसभा और विधानसभा दूधी में ऐतिहासिक विजय होगी लाखों वोट सेप्रत्याशी जीतेंगे।

# गेंहू खरीद केन्द्रों से किसानों का मोहभंग

**परेशानी से बचने के लिये आढ़तियों को बेच रहे अनाज**

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा।** नगर में खुले गेहूं खरीद केन्द्रो में इक्का दुक्का किसान आकर अपना गेहूं बेच रहे हैं जिसके चलते गेहूं की खरीद की गति कछुआ चाल से चल रही है। हालांकि अधिकांश किसान मंडी समिति के आढ़तियों को अपना गेहूं बेच नगद पैसा उठाकर खरीद केन्द्रो में होने वाली झंझटों से बच रहे हैं। केंद्र प्रभारी का कहना है कि इस वर्ष गेहूं खरीद केन्द्रो में लक्ष्य की पूर्ति होते नहीं दिखाई दे रही है। मौदहा नगर समेत क्षेत्र में गेहूं खरीद केंद्र खुलने को लगभग दो माह से अधिक होने को है। इन सभी खरीद केन्द्रो में किसानों का गेहूं न आने के कारण खरीद केन्द्रो में सन्नाटा पसरा रहता है। इक्का-दुक्का किसान खरीद केन्द्रो में पहुंच अपना गेहूं बेच रहे हैं। इस वर्ष किसी भी केंद्र प्रभारी को अपनी खरीद का लक्ष्य पूरा होते नहीं दिख रहा है। विपणन शाखा ने 10 अप्रैल से अभी तक गेंहू का एक दाना नहीं खरीदा है। केंद्र प्रभारी ने बताया कि अभी तक कुल 10703 कुंतल गेहूं की खरीदारी 171 किसानों से की गई है। वही क्रय विक्रय केंद्र में 7761 कुंतल गेहूं 119 किसानों से अभी तक खरीदा गया है। एफसीआई शाखा में 30 अप्रैल से अभी तक एक भी दाना नहीं खरीदा गया। केंद्र प्रभारी ने बताया कि अभी तक 1681.50 कुंतल गेहूं खरीदा गया है। नगर के सहकारी समिति में गेहूं खरीदारी की गति इतनी धीमी है कि अभी तक 37 कुंतल गेहूं तीन किसानों का ही खरीदा गया। केंद्र प्रभारी ने बताया कि मंडी में गेहूं के भाव बढ़ जाने के कारण खरीदारी इस वर्ष कम हुई है। वहां किसान को नगद पैसा मिल जाता है और कई झंझटों से बच जाता है इसलिए किसान सरकारी गेहूं खरीद कंन्द्रो में अपना गेहूं बेचना उचित नहीं समझ रहा है और आढ़तियों के यहां अपना गेहूं बेचकर नगद पैसा लेने में ही अपनी भलाई समझ रहा है।

## मार्ग दुर्घटना चार लोग घायल

**राठ।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना में चार लोग गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। हाथरस निवासी पंकज (20) बाइक से जा रहा था। रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी कमलेश (40) पत्नी गोविन्दास, सिकंदरपुरा मोहल्ला आयुषी (40) पत्नी सचिन, चरखारी निवासी 12 वर्षीय अमन पुत्र राजेश मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए।

# सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी छोटेलाल खरवार की पत्नी मुनिया देवी ने भी किया नामांकन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को भी लोकसभा प्रत्याशी पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार की पत्नी मुनिया देवी के नामांकन पत्र जमा किए गए। वही बता दे की इस मामले में जब सपा जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि संगठन के दिशा निर्देश के क्रम में कार्यकर्ता या प्रत्याशी कार्य कर रहे हैं जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं उसी क्रम में कार्य करना हम लोगों का दायित्व है वहीं दाखिले के दौरान वापस आते समय कलेक्ट्रेट कैंपस में भाजपा अपना दल एस गठबंधन दुद्धी उप चुनाव के प्रत्याशी द्वारा लोकसभा रावटसगंज प्रत्याशी समाजवादी पार्टी गठबंधन छोटेलाल खरवार के पैर छूने आशीर्वाद लेने को लेकर चर्चाओं का माहौल हुआ गरम उधर जब दुद्धी भाजपा प्रत्याशी से इस संदर्भ में पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि बड़ों का पैर छूना शिष्टाचार कहलाता है जिसको लेकर आशीर्वाद मेरे द्वारा लिया गया वहीं राजनीतिक माहौल में पैर छूने की बात को लेकर शगर्मी तेज हो गई किस बात पर पैर छूना पड़ा अखिल का भाजपा प्रत्याशी दुद्धी के उम्मीदवार को यह बात का खुलासा नहीं हो पाया।

# हमें रामराज्य की परिकल्पना को साकार करना है: योगी

**अवधनामा ब्यूरो**

- मुख्यमंत्री ने फैजाबाद के सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए मांगा वोट
- दोनों लड़के जीते तो मिलकर

**बाराबंकी/लखनऊ।** फैजाबाद के सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए दरियाबाद रेलवे स्टेशन के पास मैदान में मंगलवार को जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट त्रिकालदर्शी महर्षि वाल्मीकि के नाम पर बना। गरीबों के लिए बने भोजनालय माता शबरी के नाम पर हैं। आश्रय स्थल निषादराज के नाम पर हैं। विकास के अनेक कार्य हुए। यहां एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन व फोरलेन-सिक्सलेन सड़के हैं। पहले माफिया हावी होते थे। अब उनका राम नाम सत्य हो रहा है। हमें रामराज्य की परिकल्पना को साकार करना है तो इसके लिए भारत को आत्मनिर्भर व विकसित बनाना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि जो राम को लाए हैं, कमल पर बटन दबाकर आप उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कर लल्लू सिंह को कमल के फूल पर बटन दबाकर पिछली बार से दोगुने वोट से जिताने का संकल्प दिलाया। बोले तब मेहनत सार्थक होनी चाहिए अन्यथा कांग्रेस व सपा के लोग पहले से ही हमें कठघरे में खड़ा करते हैं। मोदी



जी ने बिना चेहरा देखे सबका विकास किया है। अयोध्या में महाराजा राजर्षि दशरथ के नाम पर मेडिकल कॉलेज भी बन गया। जो कभी नहीं हुआ, वह मोदीराज में हुआ है। दोनों लड़के (राहुल-अखिलेश) झूठ बोलकर गुमराह कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराज दिलीप ने गोमाता को बचाने के लिए शेर के सामने अपना शरीर प्रस्तुत कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें रामलला के विराजमान होने का पुण्य मिला है, सपा-कांग्रेस को वोट देकर पाप का भागीदार नहीं बनना है।

इस अवसर पर फैजाबाद के सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह, दरियाबाद विधायक व प्रदेश सरकार के खाद्य व रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधायक दिनेश रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, जिला प्रभारी अवनीश सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्र, पूर्व सांसद बैजनाथ रावत आदि मौजूद रहे।

## 289 हज यात्री मदीना के लिये रवाना

**लखनऊ।** मुकद्दस हज यात्रा के लिए लखनऊ से मंगलवार को एक उड़ान से 289 हज यात्री सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना के लिए रवाना हुए। इस उड़ान से 154 पुरुष और 135 महिलाओं के साथ दो खादिमुल हुज्जाज फर्रुखाबाद के मोहम्मद शरीफ और लखनऊ के कैफी अजीमुल्लाह हज यात्रियों की सहायता के लिए रवाना किये गये। मंगलवार को रवाना हुई उड़ान से सबसे अधिक 121 हज यात्री बलरामपुर, अमेठी के 75 और हरदोई के 73 हज यात्री रवाना हुए। गुरुवार से शुरू हुई लखनऊ से हज यात्रियों की उड़ान की बारह उड़ानों से अब तक प्रदेश के 3388 हज यात्री रवाना किये जा चुके हैं। वहीं दिल्ली से मंगलवार को दो उड़ानों से 437 हज यात्री रवाना हुए। दिल्ली से अब तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कुल 3353 हज यात्रियों सहित प्रदेश के 6741 हज यात्री मदीने रवाना किये जा चुके हैं।

# सरकारी अध्यापकों का अब होगा मूल्यांकन

- पढ़ाते समय क्लास रूम की होगी रिकॉर्डिंग

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था में किए जा सुधार के क्रम में अब बच्चों के साथ ही शिक्षकों का भी मूल्यांकन होगा। बेसिक शिक्षा विभाग शिक्षकों के पठन-पाठन के तरीकों की पांच मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग कराएगा। इसका डायट स्तर पर मूल्यांकन होगा। वहीं जिन शिक्षकों के पढ़ाने के तरीके आदि में कमियां होंगी, उसमें सुधार के लिए भी काम किया जाएगा। परिषदीय विद्यालयों में प्रभावी कक्षा शिक्षण के लिए एससीईआरटी की ओर से विभिन्न कवायद की जाती है। इसमें टेक्स्ट बुक से लेकर विभिन्न सपोर्टिंग सुपरविजन भी किया जाता है। इसी के तहत अब पठन-पाठन को और बेहतर करने के उद्देश्य से यह कवायद शुरू की गई है। हर परिषदीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालय के शिक्षकों की कक्षावार, विषयवार, लर्निंग आउटकम आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी डायट प्राचार्य व उप शिक्षा निदेशक को निर्देश दिए हैं कि यह वीडियो 20 मई तक तैयार कराकर बीईओ को उपलब्ध कराएं। इन वीडियो का मूल्यांकन करते हुए उनकी गुणवत्ता के आधार पर उत्कृष्ट, मध्यम व सामान्य श्रेणी में इसका विभाजन किया जाएगा।

## लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन: स्वतंत्र देव

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को विपक्ष पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। जनता ही ईश्वर का रूप होती है। लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए और जनता के द्वारा ही शासन होता है। जालौन के कोंच में लोकसभा प्रत्याशी भानू प्रताप वर्मा के समर्थन में अन्नदाता सम्मेलन संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सपा-कांग्रेस के मन में बेईमानी रहती है, और मोदी के मन में देश की आम जनता रहती है। सपा-कांग्रेस भ्रष्टाचार के लिए काम करती है, हमारे प्रधानमंत्री दिन रात काम में इसलिए लगे रहते हैं ताकि हमें बिजली-सड़क-पानी-राशन मिले, और मुफ्त शिक्षा से हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो, देश-विदेश में भारत का मान बढ़े।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि 2024 का ये चुनाव जाति और धर्म से ऊपर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।

# डॉ. इन्द्रमणि ने ग्रीन कॉरीडोर का किया निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को मुख्य अभियंता पी.आई.यू. प्रमुख ए.के.सेंगर के साथ आई.आई.एम. रोड से पक्का पुल तक बने ग्रीन कॉरीडोर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेंहदीघाट के पास बारिश के दिनों में कॉलोनी के जलभराव को नदी में पम्पिंग किये जाने के लिए पूर्व में बने बैरल नम्बर-32 पर पम्प स्थापित किये करने के लिए प्लिन्थ का निर्माण तीन दिन में करने के निर्देश दिये। इसी के साथ बिजली कनेक् शन, पाइप लेइंग का काम एक सप्ताह में पूरा करने को कहा। ग्रीन कॉरीडोर के निरीक्षण के बाद उपाध्यक्ष ने बसंतकुंज योजना सेक्टर-आई में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना का स्थल निरीक्षण संबंधित अधिशासी अभियांत सिविल, विद्युत-यांत्रिकी,



सहायक अभियंता व अवर अभियंता के साथ किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की आंतरिक सड़कों की साफ-सफाई और पार्कों को बराबर कर प्लाण्टेशन का काम जल्द कराने को कहा। निर्माणाधीन कामों जैसे सड़क किनारे इंटरलॉकिंग टाइल और 18 मीटर रोड के किनारे निर्माणाधीन नाले को 30 मई, 2024 तक पूरा करने के निर्देश दिये। पार्ट-सी के तहत बनाए जा रहे भवनों की अपेक्षित प्रगति न होने से नाराज उपाध्यक्ष ने मेसर्स एशिया कान्स. को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके अलावा जनसामान्य की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गर्मी के दिनों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर जलापूर्ति निर्बाध रूप से सुचारू रहने के लिए 5 डीजी सेट तत्काल खरीद कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्थापित करने के निर्देश दिये।

## एलडीए ने इंदिरा नगर व गुडम्बा में की कार्रवाई

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध निर्माण के खिलाफ मंगलवार को चलाए अभियान के दौरान इंदिरा नगर और गुड़म्बा में कार्रवाई की गयी। इस दौरान मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध रूप से बनाए जा रहे 8 रो-हाउसेस भवनों व दो व्यवसायिक निर्माणों को सील कराया गया। प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि सलीम सिद्दीकी व अन्य की ओर से कल्याणपुर के आदिल नगर में राम धर्मकांटा के पास लगभग 1000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भूतल व प्रथम तल पर निर्माण कराया जा रहा था। संजीव




कुमार व अन्य की ओर से इंदिरा नगर के जरहरा में बजरंग चौराहे के पहले लगभग 10,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर 8 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा दुर्गेश कुमार मौर्य की ओर से इंदिरा नगर में तकरोही रोड स्थित बजरंग चौराहे पर लगभग 1000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भवन के द्वितीय तल पर व्यवसायिक गतिविधि के लिए हॉल का निर्माण कराया गया था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे इन अवैध निर्माण कार्यों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। मंगलवार को सहायक अभियंता प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी व शिवकुंवर ने उक्त निर्माणों को सील कराया।

# धर्म गुरू अपनी इच्छाएं समुदाय पर न थोपें: अली कांग्रेस

- लखनऊ में मोहर्रम का जुलूस किसी नेता नहीं बल्कि शिया समुदाय के संघर्ष का परिणाम

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** तंजीम अली कांग्रेस ने मुस्लिम धर्मगुरुओं के एक कद्दावर राजनेता के पक्ष में वोट की अपील को नागरिकों को गुमराह करने वाला बताया है।

संगठन की रूबीना मुर्तजा ने एक बयान में कहा कि धर्मगुरुओं के बयान देख-सुन ऐसा लगता है कि यह धर्मगुरु अध्यात्म छोड़ राजनेताओं की नजरों में आने के लिए हर तरह से प्रयत्नशील हैं। उन्होंने कहा कि संगठन धर्मगुरुओं से निवेदन करती है कि वे जिसे चाहें वोट करें लेकिन अपनी इच्छा पूरे समुदाय पर न थोपें। उन्होंने कहा कि किसी धर्मगुरु को राजनीति में हिस्सा लेना है तो चुनाव लड़े और जनता से अपने लिए वोट मांगे, लेकिन इस तरह की सौदेबाजी न करे। लखनऊ में मोहर्रम का जुलूस किसी नेता नहीं बल्कि शिया समुदाय के संघर्ष का परिणाम है। जहां तक जुलूसों में शांति-व्यवस्था और लॉ एण्ड ऑर्डर का मामला है तो यह जिम्मेदारी प्रशासन की होती है, जिसका चुनाव से कोई संबंध नहीं। मोहर्रम के जुलूस अन्याय व अनैतिकता के खिलाफ संघर्ष और संघर्ष का प्रतीक है, जो अन्याय के खिलाफ उठ खड़ा होने की शिक्षा देता है। मोहर्रम या जुलूसों के नाम पर राजनैतिक लाभ लेने का प्रयास करना इसकी शिक्षा के खिलाफ है। इसलिए जनता को अपनी सूझबूझ से अपने मताधिकार का प्रयोग करने दें।

## आशियाना के आदित्य व सानवी ने सीबीएसई में जमाया सिक्का

**लखनऊ।** सीबीएसई के हाईस्कूल के रिजल्ट में आशियाना क्षेत्र के दो बच्चों ने कमाल कर दिया है। कर्नल आदि शंकर मिश्र के पौत्र आदित्य ने 97.4 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया है। वह मिलेनियम स्कूल की साउथ सिटी शाखा के छात्र थे। इसके अलावा लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट की छात्रा सानवी द्विवेदी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता पिता, स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया। आदित्य व सानवी अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार व स्कूल को देते हैं। आदित्य की माँ संध्या का कहना है कि वह बहुत ही मेहनती, अनुशासित व लगन से पढ़ने के साथ-साथ किचन, गार्डन, क्रिकेट व बैडमिंटन खेलने में रुचि लेते हैं। सानवी की माँ अनामिका द्विवेदी ने बताया कि सानवी ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी इतना अच्छा प्रदर्शन किया है।

# प्रधानमंत्री ने वाराणसी को क्योटो बनाने का किया था वादा: अभय दुबे

- उच्च न्यायालय ने गंगा की सफाई को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर टिप्पणी की थी
- मोदी जी के गोद लिए गांव आज बदहाली पर आंसू बहा रहे: अभय

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी से नामांकन के बाद कहा कि 10 साल पहले अपना पहला चुनाव लड़ने वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री ने कहा था मुझे मां गंगा ने बुलाया है और मां गंगा की सफाई और काशी को क्योटो बनाने का वादा किया था। इसके बाद प्रधानमंत्री ने आदर्श ग्राम योजना के तहत कई गांवों को गोद लिया और वहां पानी, सड़क, शौचालय, सबको




आवास जैसे कई बड़े-बड़े वादे किये थे। आज 10 साल बाद जब प्रधानमंत्री फिर नामांकन कर रहे हैं तो सबने अब तक मां गंगा की सफाई हुई और न ही काशी क्योटो बना। कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय, राष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा निषाद बाथम आदि नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि हाल ही में उच्च न्यायालय ने गंगा की सफाई को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर टिप्पणी की। सरकार ने कोर्ट को बताया कि 40 प्रतिशत सीवर का पानी गंगा में छोड़ा जाता है। मोदी जी खुद पर हजारों फूल बरसवा रहे हैं और उनके गोदी लिए गांव बदहाली पर आंसू बहा रहे। गोद लिए गांवों के लोग पीने के पानी को मोहताज हैं। लोगों के घरों पर छत नहीं है। वाराणसी के गांवों के मनरेगा मजदूर अपनी मजदूरी वक्त से न मिलने की बात कह रहे हैं और वाराणसी के चौबेपुर थाने पर प्रदर्शन भी किया। मार्च 2024 में सीवर सफाई न होने से नाराज लोगों ने भेलूपुर के पार्षद पति और जूनियर इंजीनियर को चौराहे पर बंधक बना लिया। वाराणसी में मैला ढोने की कुप्रथा के चलते 25 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने 2019 में वाराणसी पोर्ट का उद् घाटन किया था और इसमें हजारों करोड़ रुपये खर्च कर 3.55 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो हैंडलिंग का अनुमान था।



केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में जनसभा को संबोधित करते

# मौसम: यूपी में बुधवार से लू चलने की चेतावनी



- कानपुर में पारा पहुंचा 43 के पार, इन जिलों के जारी हुआ यलो अलर्ट

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** बीते कुछ दिनों से सामान्य से नीचे चल रहे अधिकतम तापमान ने फिर रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया है। सोमवार को ही ज्यादातर इलाकों में 40 से नीचे चल रहा दिन का पारा, मंगलवार को चढ़ा हुआ दर्ज हुआ। जहां यह 40-41 डिग्री चल रहा था, वहां भी पारे में बढोतरी दर्ज की गई है। साथ ही मौसम विभाग ने 16 और 17 को लू चलने की चेतावनी जारी की है। अगले पांच दिनों में दिन के पारे में 4 से 6 डिग्री तक और रात के पारे में 2-3 डिग्री तक वृद्धि के आसार हैं। कानपुर में पारा 43 डिग्री रहा, जबकि सोमवार को यह 40.8 डिग्री सेल्सियस था। वहीं प्रयागराज में तापमान 41 डिग्री से बढ़कर 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हरदोई में 37.5 डिग्री से बढ़कर 40 डिग्री पहुंचा। वाराणसी में 39.8 डिग्री से 41.7 डिग्री सेल्सियस हो गया। लखनऊ का तापमान 40.2 डिग्री रहा। सोमवार को लखनऊ का पारा 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। इसी तरह पूरे यूपी के तापमान में दो डिग्री तक की बढ़ोतरी रही। दूसरी ओर दिन की अपेक्षा रात के तापमान में कुछ गिरावट आई है। सोमवार को हरदोई में रात का पारा 29 डिग्री था, लेकिन मंगलवार को 27 डिग्री पहुंचा। ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को गर्मी और उमस बरकरार रहने के आसार हैं।

### इन इलाकों के लिए मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाके में 16 और 17 मई को लू चलने के आसार हैं।

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं का उत्साह के साथ हो भागीदारी

- प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के बाद हो गर्व की अनुभूति
- मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं की जायें सुनिश्चित: नवदीप रिणवा

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में भारत निर्वाचन आयोग के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश में मतदान को एक उत्सव के रूप में मनाने की दिशा में अहम कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों को और गति प्रदान किये जाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को अपने कार्यालय स्थित सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें एवं छठवें चरण के जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, स्वीप के नोडल अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए किये जा रहे प्रयासों एवं रणनीतियों के संबंध में चर्चा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान मतदाता जागरूकता संबंधी आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में और गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता का उत्साह के साथ भागीदारी हो, यह सुनिश्चित किया जाय। मतदाता के पास मतदाता पर्ची न होने पर भी मतदाता सूची में उसका नाम देखते हुए मतदान कराया जाए। निर्वाचन क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों के लिए जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जाय। उन्होंने प्रत्येक मतदान केन्द्र पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाने और इस पर बी0एल0ओ0 की उपस्थिति तथा मतदाता सूची की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। वोटर असिस्टेंस बूथ की पहचान के लिए संकेतक भी लगाये जाएं। मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराया जाए और प्रमाण स्वरूप मतदाता पर्ची प्राप्तकर्ता का नाम व मोबाइल नम्बर भी लें। मतदान हेतु परिवार को ले जाने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा अपने वाहन का प्रयोग करने पर उसे बूथ पर निर्धारित स्थान तक जाने से न रोका जाए। प्रत्येक मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार पर ही पोलिंग बूथ की जानकारी, शीतल पेयजल की सुविधा, शौचालय आदि के लिए संकेतक बनाये जाएं। किसी भी पोलिंग एजेंट को पुलिस द्वारा मतदान केन्द्र के बाहर नहीं किया जायेगा, गड़बड़ी की शिकायत पर संबंधित आरओ/डीईओ/एआरओ/सेक्टर मजिस्ट्रेट के संज्ञान में लाकर कार्यवाही की जायेगी।

## प्रवास कार्यक्रम

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बुधवार 15 मई 2024 को लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सायं 6 बजे बीकेटी इंटर कॉलेज, बीकेटी, लखनऊ में आयोजित लोकसभा मोहनलालगंज की जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार 15 मई 2024, को महोबा, जालौन, झांसी और लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 12:45 बजे डाक बंगला मैदान, महोबा में लोकसभा हमीरपुर की जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 02:15 बजे जीआईसी इंटर कॉलेज, उरई, जालौन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेगे। इसके पश्चात् दोपहर 03:50 बजे झांसी में काली जी का मंदिर, लक्ष्मी गेट से दतिया गेट तक रोड शो करेंगे। तदोपरान्त सायं 7 बजे अमीनाबाद चौराहा, लखनऊ में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार 15 मई को सिद्धार्थनगर और कौशाम्बी के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे ललिता इंटर कॉलेज चौखड़ा बाजार, सिद्धार्थनगर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 01:10 बजे कृषि मैदान सैनी थाना के सामने कौशाम्बी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 02:15 बजे सरायंअकिल चायल, कौशाम्बी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बुधवार 15 मई को गोरखपुर और श्रास्ती के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 11 बजे सुन्दरम लॉन, गोला, गोरखपुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेल को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 01 बजे गैसड़ी विकास खंड ग्राम पंचायत पिपरा, श्रावस्ती में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल बुधवार 15 मई 2024, को श्रावस्ती, बाराबंकी और रायबरेली के प्रवास पर रहेंगी।

केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल सुबह 11:45 बजे लक्ष्मणपुर बाजार, भिण्गा श्रावस्ती में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगी तथा दोपहर 01:15 बजे वीपी शुक्ला इंटर कॉलेज, त्रिलोकपुर, रामनगर बाराबंकी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगी। इसके पश्चात् दोपहर 02:35 बजे किदवई पार्क, बछरावां, महाराजगंज, रायबरेली में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगी।

### मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बुधवार 15 मई को प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सुबह 11 बजे मौर्या बाग रिठुआ, प्रतापपुर, प्रयागराज में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 03 बजे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण के साथ सुरवल चंदेल नारी बाली प्रयागराज में आयोजित पिछड़ा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण

**लखनऊ।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण बुधवार 15 मई को प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण सुबह 11 बजे स्वास्तिक गेस्ट हाउस फाफामऊ, प्रयागराज तथा दोपहर 03 बजे सुरवल चंदेल नारी बाली प्रयागराज में आयोजित पिछड़ा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### मंत्री डा. संजय निषाद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद बुधवार 16 मई को बस्ती व प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद सुबह 11 बजे गायघाट बाजार, महादेवा, बस्ती तथा दोपहर 12:15 बजे विक्रमजोत बाजार, हरैया, बस्ती में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 03:25 बजे अमन गेस्ट हाउस झूंसी, प्रयागराज तथा सायं 05:25 बजे ग्राम कंजासा, बारा, प्रयागराज तथा सायं 07:50 बजे ग्राम लोहारी, प्रयागराज में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### मंत्री ए.के. शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री ए.के. शर्मा बुधवार 15 मई को लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री ए.के. शर्मा सुबह 10 बजे मोहनलालगंज, लखनऊ में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री जितिन प्रसाद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद बुधवार 15 मई को हमीरपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद सुबह 10 बजे हमीरपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री नितिन अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नितिन अग्रवाल बुधवार 15 मई को बांदा के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री नितिन अग्रवाल सुबह 10 बजे बांदा में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री अनिल राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल राजभर बुधवार 15 मई को बहराइच के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल राजभर सुबह 10 बजे कैसरगंज, बहराइच में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी बुधवार 15 मई को प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी सायं 06 बजे राजापुर करमा, प्रयागराज में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मंत्री दारा सिंह चौहान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री दारा सिंह चौहान बुधवार 15 मई को चन्दौली के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री दारा सिंह चौहान सायं 04 बजे चौधरी लॉन, चिरईगांव, चन्दौली में आयोजित पिछड़ा मोर्चा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री राकेश सचान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान बुधवार 15 मई को फतेहपुर के प्रवास पर रहेंगे। राकेश सचान सुबह 10 बजे फतेहपुर में जनसम्पर्क करेंगें।